वर्ष- 13 अंक - 110
लखनऊ, शनिवार 20 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मतदाता सूची का निष्पक्ष और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की बुनियाद : मायावती 03

ऑनर किलिंग के मामले में चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास 10

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा का शीतकालीन सत्र प्रारंभ से पहले समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा

# कोडीन मामले में जांच होने पर सच खुद आ जाएगा सामने

▸ पूरे मामले की निगरानी कर रही राज्य-स्तरीय एसआईटी : योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव पर तीखा तंज कसा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रारंभ से पहले शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बात हर व्यक्ति जानता है कि प्रदेश के लगभग हर माफिया के संबंध समाजवादी पार्टी से रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आए हैं कि एसटीएफ या उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए कुछ अभियुक्तों के संबंध समाजवादी पार्टी से रहे हैं। समाजवादी पार्टी, जो अपनी कार्यप्रणाली के लिए पहले से ही बदनाम और कुख्यात रही है, इस पूरे मामले में भी अपनी संलिप्तता उजागर होते हुए देखेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस विषय में पूरी रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम रूप से कुछ कहा जा सकता है, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि सपा प्रमुख द्वारा जो बातें कही जा रही हैं, उनकी स्थिति वही है, जैसा कि इस पंक्ति में कहा गया है- यही कसूर मैं बार-बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा। यानी, जिन माफियाओं के साथ उनकी तस्वीरें सामने आ रही हैं, स्वाभाविक रूप से अवैध लेन-देन में उनकी संलिप्तता कहीं न कहीं सामने आएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

कोडीन मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोडीन फॉस्फेट एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आने वाली एक औषधि है। इसका उपयोग कोडीन-युक्त कफ सिरप के निर्माण में किया जाता है, जो गंभीर खांसी के उपचार में प्रयुक्त होता है। इसका कोटा और आवंटन सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा केवल अधिकृत औषधि निर्माण के लिए ही किया जाता है।

उन्होंने कहा कि यह कफ सिरप कई स्थानों पर नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किया जा रहा था। अवैध तस्करी की शिकायतें मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश पुलिस और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के नेतृत्व में इसे एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मानते हुए कार्रवाई प्रारंभ की गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह कार्रवाई एफएसडीए, यूपी पुलिस और एसटीएफ द्वारा की जा रही है, जिसमें अब तक बड़े पैमाने पर अवैध तस्करी के मामलों का खुलासा हुआ है और व्यापक गिरफ्तारियां भी की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निगरानी एक राज्य-स्तरीय एसआईटी कर रही है, जिसमें यूपी पुलिस और एफएसडीए के अधिकारी शामिल हैं। अवैध तस्करी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे धन कहां-कहां गया, इन सभी तथ्यों का भी खुलासा होगा।

### 24 दिसंबर तक चलेगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि शीतकालीन सत्र आज से प्रारंभ होकर 24 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सत्र में भाग लेने के लिए आ रहे सभी दस्यों का स्वागत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र के दौरान माननीय सदस्य जनता से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे, उत्तर प्रदेश के विकास से संबंधित विधायी कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा तथा विभिन्न विभागों की अनुपूरक मांगों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित की जाएगी तथा इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की स्थापना-तिथि और 'वंदे मातरम्' को संविधान के अनुसार मान्यता दिए जाने की अधिसूचना की तिथि एक ही है, ऐसे में इस विषय पर विधानमंडल में चर्चा अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में आज संभवतः कोई कार्रवाई नहीं हो पाएगी, क्योंकि विधानसभा के एक वर्तमान सदस्य के आकस्मिक निधन के कारण शोक प्रस्ताव रखा जाएगा। हालांकि, यदि विधान परिषद में कोई मुद्दा उठता है तो नेता सदन इस पर सरकार का पक्ष रखेंगे। इसके अतिरिक्त, यदि बाहर भी कोई इस विषय पर प्रश्न उठाएगा तो सरकार की ओर से समुचित उत्तर दिया जाएगा।

### निधन प्रस्ताव के बाद विधानसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

यूपी विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा में घोसी विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। विधान परिषद की कार्यवाही चलती रही। घोसी से सपा के विधायक सुधाकर सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि सुधाकर सिंह जनता के कल्याण के लिए समर्पित रहे। उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सुधाकर सिंह युवा अवस्था से ही समाज सेवा में लगे रहते थे। देर रात तक भी जनता की सुनवाई करते थे। अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते रहे। उनकी लोकप्रियता के कारण उपचुनाव में जनता ने भारी बहुमत से जिताकर भेजा। उनके जाने से सपा को क्षति हुई है। उसे उनकी कार्यों और लोकप्रियता से पूरी करेंगे। अपना दल के नेता रामनिवास वर्मा और जनसत्ता दल के रघुराज प्रताप सिंह ने भी शोक व्यक्त किया। शोक प्रस्ताव पारित होने के बाद विधानसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### फिर उठी चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री और उसके उपयोग से हो रही जनहानि को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंता जताई गई है। विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक और दिनेश कुमार गोयल ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए चाइनीज मांझे की खरीद-फ़रोख्त पर पूरी तरह प्रभावी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सदस्यों ने इसे जनहित और लोक महत्व का विषय बताते हुए सरकार से इस पर स्पष्ट निर्णय लेने की मांग की है। शुक्रवार को विधान परिषद में सदस्यों ने कहा कि मकर संक्रांति के आसपास पतंग उड़ाने की परंपरा के चलते चाइनीज मांझे की मांग बढ़ जाती है। हालांकि प्रदेश में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध है, फ़िर भी यह धड़ल्ले से बाजारों में उपलब्ध रहता है। चाइनीज मांझा सामान्य मांझे की तुलना में कहीं अधिक धारदार और मजबूत होता है, जो आसानी से नहीं टूटता और कई बार इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों की मौत का कारण बनता है। सदस्यों ने बताया कि चाइनीज मांझा गले में उलझने पर जानलेवा साबित होता है, इसी कारण इसे किलर मांझा भी कहा जाता है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,34,330/ |
| 22 कैरेट | = | 1,23,150/ |
| 18 कैरेट | = | 1,00,790/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,09,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**मोदी बंगाल-असम को आज देंगे परियोजनाओं की सौगात**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम बंगाल और असम के दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को जायेंगे। वे नादिया जिले के राणाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। असम में गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। डिब्रूगढ़ के नामरूप में वे असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी की अमोनिया-यूरिया परियोजना के लिए भूमि पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी सुबह बंगाल पहुंचेंगे और दोपहर में गुवाहाटी जायेंगे। इसके बाद अगले दिन उनका सुबह गुवाहाटी के बोरागांव स्थित शहीद स्मारक क्षेत्र में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कायक्रम है और दिन में डिब्रुगढ़ जायेंगे।

**श्रीहरिकोटा से 24 को लॉन्च होगा रॉकेट एलवीएम-6**

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का शक्तिशाली रॉकेट एलवीएम3 अपने एम 6 मिशन के तहत 24 दिसंबर 2025 को सुबह 8.54 बजे किया जाएगा।शुक्रवार को इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा के सेकेंड लॉन्च पैड से होगा। आम लोग भी इस लॉन्च को देख सकते हैं। इस ऐतिहासिक लॉन्च को आम लोग लॉन्च व्यू गैलरी से देख सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना जरूरी है। यह मिशन भारत की अंतरिक्ष क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह मिशन अमेरिका की कंपनी ए एसटी स्पेस मोबाइल के ब्लूबर्ड-6 सेटेलाइट को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करेगा।

**एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में मध्य प्रदेश देश में प्रथम**

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार की एचएमआईएस रैंकिंग में मध्य प्रदेश ने लगातार पिछली दो तिमाही में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में बच्चों एवं महिलाओं में रक्त की कमी को दूर करने के लिए निरंतर और समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। एनीमिया मुक्त होने का अर्थ है कि बच्चों और महिलाओं के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य हो, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर तरीके से हो सके। यह कार्यक्रम मातृ एवं बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में स्थापित हुआ है। प्रदेश में किए गए सतत और प्रभावी प्रयासों का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि एनीमिया मुक्त भारत सरकार की एचएमआईएस रैंकिंग में मध्य प्रदेश ने लगातार पिछली दो तिमाही में देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए बनेगा ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में देशभर में बंदरगाहों और जहाजों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक समर्पित निकाय के गठन पर जोर दिया। ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी के गठन की चर्चा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि बंदरगाहों के सुरक्षा उपायों को जोखिम आधारित और चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए, जिसमें संवेदनशीलता, व्यापारिक संभावनाओं, भौगोलिक स्थिति और अन्य प्रासंगिक पहलुओं को ध्यान में रखा जाए। बैठक में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री तथा नागरिक उड्डयन मंत्री भी उपस्थित रहे।

**सीएम ने की गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला, गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों तथा जिले में जारी विकास कार्यों की समीक्षा की।

## कोहरे की चादर में लिपटा यूपी, कई जिलों में रेड अलर्ट

▸ अगले दो से तीन दिनों तक शीत से लेकर भीषण शीत दिवस की चेतावनी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से में शुक्रवार को घने से बहुत घने कोहरे की चादर छाई रही, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए अगले दो से तीन दिनों तक शीत से लेकर भीषण शीत दिवस की चेतावनी दी है।

मौसम विभाग के लखनऊ स्थित केंद्र के अनुसार, निचले वायुमंडल में इनवर्जन लेयर बनने, पश्चिमी व इससे सटे मध्य भारत में एंटी-साइक्लोनिक सर्कुलेशन और उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय ट्रॉपिकल वेस्टरली जेट स्ट्रीम के प्रभाव से कोहरा और अधिक घना हो गया है।

इन कारणों से बीते 48 घंटों से दिन में भी कोहरा बना हुआ है और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम.डी. दानिश ने बताया, मौजूदा हालात कम से कम 20 दिसंबर तक बने रहने की संभावना है। इस दौरान कई जिलों में शीत से भीषण शीत दिवस की स्थिति देखने को मिल सकती है। आगरा, बरेली, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर और कुशीनगर के वायुसेना स्टेशनों पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई। मुरादाबाद, अयोध्या, वाराणसी, बस्ती और आजमगढ़ में भी घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया और कुशीनगर जिलों में भीषण कोहरे की स्थिति बन सकती है।

### केजीएमयू का दीक्षांत समारोह आज, जेपी नड्डा होंगे मुख्य अतिथि

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय का 21वां दीक्षांत समारोह शनिवार को होगा। इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक व राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह को लेकर शुक्रवार को केजीएमयू में आयोजित पत्रकार वार्ता में विवि की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि समारोह में भारत सरकार प्रिंसिपल साईंटिफिक एडवाइजर डॉ अजय सूद को डीएससी की मानद उपाधि दी जाएगी।

## यूपी पंचायत चुनाव में नहीं होगा फर्जी मतदान

हर मतदाता का फेसियल रिकग्निशन व प्रत्येक मतदाता का होगा स्टेट वोटर नंबर

▸ दूसरे की जगह मत डालते ही धरे जाएंगे फर्जी वोटर : आरपी सिंह

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में अगले साल होने पंचायत चुनाव में फर्जी मतदान को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग ने दो बड़े फैसले लिए हैं। पंचायत चुनाव में तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा फर्जी मतदान किस संभावना को पूरी तरह से खत्म किया जा सके। मतदाता का फेसियल रिकग्निशन होगा और हर मतदाता का स्टेट वोटर नंबर होगा।

मीडिया से मुखातिब राज्य निर्वाचन ऑफिसर आरपी सिंह ने बताया कि तकनीक के इस्तेमाल से फर्जी मतदान को रोका जाएगा। यह चुनाव प्रक्रिया में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव होगा। इसके तहत हर मतदान केंद्र पर मतदाता के चेहरे की पहचान की जाएगी। अगर कोई व्यक्ति दूसरे की जगह वोट डालने की कोशिश करेगा तो सिस्टम उसे तुरंत पकड़ लेगा। चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव में हर मतदाता को विशिष्ट स्टेट वोटर नंबर अलॉट किया जाएगा। यह विशेष मतदाता नंबर डाटा प्रबंधन में त्रुटियों को खत्म करेगा।

**मतदाता पुनरीक्षण के दौरान इस बार 40 लाख से अधिक मतदाता बढ़े हैं। वोटर लिस्ट रिवीजन में प्रदेश में 1,81,96,367 नए मतदाताओं को जोड़ा गया, 1,41,76,809 अयोग्य मतदाताओं के नाम काटे गए। फाइनल लिस्ट में 40 लाख 19 हजार 558 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है जो कि पिछली बार की तुलना में 3,2 फीसदी अधिक है। फाइनल वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। मतदाता अपना नाम चेक कर सकते हैं। अगर कोई त्रुटि या अप्पति हो तो उसे भी दर्ज कराया जा सकता है। अगर नाम कटने का दावा भी किया जाता है तो उसका निस्तारण किया जाएगा।**

### घने कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर ऑपरेशन बाधित होने से 79 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** घने कोहरे के कारण नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन बाधित रहा, जिससे शुक्रवार को कम से कम 79 फ्लाइट कैंसिल हो गईं। इंडिगो एयरलाइन ने ट्रेवल एडवाइजरी जारी करके फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव और रद्दीकरण की स्थिति देखकर यात्रियों को एयरपोर्ट आने की सलाह दी है। रद्द की गई सेवाओं में कई इंटरनेशनल फ्लाइट्स शामिल थीं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने कहा कि खराब विजिबिलिटी के कारण फ्लाइट ऑपरेशन कैट ||| स्थितियों में किए जा रहे थे। हालांकि, कुछ फ्लाइट्स में देरी या रुकावट हो सकती है।

## तैयारी : माघ मेले के लिए दौड़ेंगी 270 बसें

▸ सामान्य बसों जैसा ही रहेगा किराया, कोई अतिरिक्त मेला सरचार्ज नहीं

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के बाद योगी सरकार माघ मेले की तैयारियों में जुट गई है। श्रद्धालुओं को मेला तक लाने ले जाने के लिए कानपुर परिक्षेत्र से इस बार 270 माघ मेला स्पेशल बसें चलाई जाएंगी, जो चौबीसों घंटे सेवा में रहेंगी।

समय पर बसें मिलें, इसको लेकर भी योगी सरकार ध्यान दे रही है। इस बार छह स्नान पर्वों पर इन बसों के जरिए श्रद्धालु सुगम आवागमन कर सकेंगे। कानपुर रोडवेज ने यात्रियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक ने स्पष्ट किया कि माघ मेले के सबसे बड़े स्नान मौनी अमावस्या के दौरान यात्रियों का दबाव सबसे अधिक रहता है।



**इन डिपो की बसों को मिली कमान**

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बसों का मुख्य केंद्र झकरकटी बस अड्डा होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए संचालन को अलग-अलग डिपो में बांटा गया है। इसके तहत, माती डिपो (कानपुर देहात), फतेहपुर, उन्नाव डिपो की बसों को भी प्रयागराज रूट पर लगाया गया है।

**श्रद्धालुओं के लिए 50 शटल बसें**

महेश कुमार ने जानकारी दी कि केवल लम्बी दूरी की बसें ही नहीं, बल्कि 50 विशेष शटल बसें भी चलाई जाएंगी। ये शटल बसें प्रयागराज के बाहरी स्टैंड से श्रद्धालुओं को संगम क्षेत्र के निकटतम स्थानों तक छोड़ने और वापस लाने का काम करेंगी, ताकि बुजुर्गों और बच्चों को पैदल न चलना पड़े। परिवहन विभाग के मुताबिक, सभी बसों की कंडीशन अच्छी स्थिति में रहेगी और इन बसों में फॉग लैंप, हेडलाइट, विंडो कैचर, हॉर्न सीटों की दशा व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और सभी बसों में रूट के हिसाब से मेला स्टीकर लगाए जाएंगे जिससे कि श्रद्धालुओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो और आसानी से वह अपने क्षेत्र की बसों में बैठ सकें।

## भारतीय तटरक्षक बल ने अपने बेड़े में तेज गश्ती पोत अमूल्य को किया शामिल

एजेंसी

▸ भारत के पूर्वी समुद्री तट की सुरक्षा में कोस्ट गार्ड की भूमिका होगी मजबूत

**नई दिल्ली।** तेज गश्ती पोत अमूल्य को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने आज अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। स्वदेशी रूप से विकसित इस जहाज से भारत के समुद्री इलाकों में लंबे मिशन पूरे किए जा सकते हैं। इस पोत को ओडिशा के पारादीप में तैनात किया जाएगा, जिससे भारत के पूर्वी समुद्री तट की सुरक्षा में कोस्ट गार्ड की भूमिका मजबूत होगी।

आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि गोवा में शुक्रवार को हुए कमीशनिंग समारोह में रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद ने तेज गश्ती पोत अमूल्य को औपचारिक रूप से आईसीजी में शामिल किया। 'अमूल्य' का मतलब 'अनमोल' है, जो देश के समुद्री हित के लिए सुरक्षित और साफ समुद्र सुनिश्चित करने की आईसीजी की इच्छा और प्रतिबद्धता को दिखाता है। गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में डिजाइन और बनाया गया यह 51 मीटर का पोत स्वदेशी जहाज निर्माण की क्षमता को दिखाता है। 60 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी उपकरणों के साथ अमूल्य भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार हो रही तरक्की को दिखाता है।

### जल्द जारी होगा कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश : केशव

**लखनऊ।** शीतकालीन सत्र में पहले दिन शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को कैशलेस ट्रीटमेंट का मामला समाजवादी पार्टी ने उठाया। मुख्यमंत्री की घोषणा की याद दिलाई। विधान परिषद में आज सरकार ने आश्वासन दिया कि बीते 5 सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने की जो घोषणा की गई थी, उसका शासनादेश अतिशीघ्र जारी किया जाएगा। सरकार की ओर से नेता सदन और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की जाने वाली घोषणा का मतलब ही होता है कि उस घोषणा को लागू किया जाएगा।

## श्रीलंका को हराकर अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल में पहुंचा भारत

एजेंसी



**दुबई।** भारतीय अंडर-19 टीम ने बारिश से प्रभावित सेमीफाइनल मुकाबले में श्रीलंका को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस जीत के साथ भारत ने खिताबी मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ने का रास्ता साफ कर लिया।

बारिश के कारण मुकाबले को 20-20 ओवर का कर दिया गया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम भारतीय गेंदबाजों के सटीक प्रदर्शन के सामने 20 ओवर में 8 विकेट पर 138 रन ही बना सकी। पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में दिख रही भारतीय गेंदबाजी इकाई ने एक बार फिर दबदबा कायम रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे (7) तथा वैभव सूर्यवंशी (9) जल्दी पवेलियन लौट गए। दोनों को तेज गेंदबाज रसिथ निमसारा ने आउट किया। हालांकि इसके बाद उपकप्तान विहान मल्होत्रा और एरॉन जॉर्ज ने पारी को संभालते हुए श्रीलंका की वापसी की।

विश्वकप के फाइनल में पाकिस्तान से होगी भारत की टक्कर

सदन | संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद कहा

## संसद का शीतकालीन सत्र रहा बेहद उत्पादक, सुधार एजेंडे को मिली गति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र बेहद उत्पादक रहा और इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुधार के एजेंडे को गति मिली और इसने इस दिशा में अहम भूमिका भी निभाई है।

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद रिजिजू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि इस सत्र में पारित विधेयक करोड़ों लोगों के जीवन स्तर में काफी सुधार लाएंगे और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देंगे। इन विधेयकों से देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग शायद इस बात के महत्व को न समझें। रिजिजू ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया था। इसके स्थान पर लाया गया विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी जी राम जी विधेयक से इस स्थिति को ठीक किया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। चुनाव सुधारों पर हुई चर्चा ने बहुत कुछ स्पष्ट कर दिया है। चुनाव प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव आयोग से जुड़े विषयों को पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया गया। वंदे मातरम पर लंबी चर्चा करके हमने एक बार फिर देशभक्ति की भावना को और आगे बढ़ाया है। संसद के अंतिम दिनों में प्रदूषण पर प्रस्तावित होने के बावजूद चर्चा नहीं होने पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर कांग्रेस ने अन्य दलों को उकसाकर सदन नहीं चलने दिया।

### 18वीं लोकसभा के छठे सत्र में हुईं 15 बैठकें

लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही 1 दिसंबर से शुरू हुई थी। लोकसभा अध्यक्ष ने सुबह 11 बजे कार्यवाही की शुरुआत में अपने संदेश में कहा कि 18वीं लोकसभा के छठे सत्र में 15 बैठक हुई। इस सत्र की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। इसके बाद वंदेमातरम के साथ कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सदन में मौजूद रहे। संसद के शीतकालीन सत्र के समाप्ति के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने चैंबर में राजनीतिक दलों के नेता और सदस्यों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित हुए । इमसें नाभिकीय उर्जा और मनरेगा से जुड़ा विधेयक शामिल रहे। इसके अलावा सदन में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने और चुनाव सुधारों पर भी चर्चा हुई।

# घर के बाहर से बच्ची को उठा ले गया तेंदुआ



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज स्थित अयोध्यापुरवा गांव निवासी सात वर्षीय बालिका की तेंदुए के हमले में मौत हो गई। गुरुवार शाम घर के सामने खेलने के दौरान तेंदुआ बालिका को जबड़े में दबोचकर उठा ले गया था। काफी खोजबीन के बाद बालिका का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ है। शरीर के गले में गहरे घाव के निशान मिले। सूचना मिलने पर पुलिस व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

सुजौली रेंज के अयोध्यापुरवा गांव निवासी मुन्नवर की सात वर्षीय बेटी

### गन्ने के खेत में शव मिला, गले में गहरे घाव के मिले निशान

आलमीन शाम छह बजे घर के सामने खेल रही थी। तभी तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर और बालिका को जबड़े में दबोच लिया। चीख पुकार सुनकर जब परिवारजन घर के बाहर पहुंचे तो तेंदुए के जबड़े में बालिका को देखकर शोर मचाने लगे। जबतक लोग एकत्रित होते तबतक तेंदुआ बालिका को लेकर गन्ने के खेत में घुस गया। एकत्रित ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर बालिका की खोजबीन शुरू की। आधे घंटे बाद उसका क्षत विद्यात शव गन्ने के खेत में मिला। शरीर पर गहरे घाव के निशान भी मिले। घटना के बाद परिवारजन में कोहराम मच गया। जानकारी सुजौली व वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। डीएफओ सूरज कुमार ने बताया कि तेंदुए के हमले में बालिका की मौत हुई है। तेंदुए को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है

## किसान पर तेंदुए का हमला, अस्पताल में भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर इलाके में एक किसान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। किसान अपने खेत में पानी लगा रहा था, तभी गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारा। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ भाग गया, जिससे किसान की जान बच गई। यह घटना मिहिपुरवा तहसील के महाराज ग्राम में हुई। अरुण यादव नामक युवक अपने गेहूं के खेत में पानी दे रहा था। पास के गन्ने के खेत से अचानक निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। अरुण की चीख सुनकर आसपास काम कर रहे ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ उसे छोड़कर खेतों में भाग गया। हमले में अरुण के पैर पर गहरा घाव हो गया है। परिजनों ने घायल अरुण को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। वन विभाग ने इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने की सलाह दी है।

## कतर्नियाघाट में जंगली हाथी के शावक की मौत, गेरुआ नदी में उतराता मिला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नेपाल की कर्णाली नदी कोठियाघाट सीमा से कतर्नियाघाट के जंगल में प्रवेश करते ही गेरुआ नदी बन जाती है। गुरुवार सुबह रेंजर आशीष गौंड वन कर्मियों के साथ नाव से गश्त कर रहे थे। इसी दौरान भवानीपुर गांव के पास नदी में उन्हें मृत शावक दिखाई दिया। टीम ने शव को बरामद कर रेंज कार्यालय पहुंचाया। डीएफओ सूरज समेत उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पशु चिकित्सक डॉ. दीपक और डॉ. विपिन बिहारी ने उसका पोस्टमार्टम किया। शावक के शरीर पर किसी प्रकार के घाव या चोट के निशान नहीं मिले हैं। मृत हाथी मादा है और उसकी उम्र लगभग 10 से 15 दिन बताई जा रही है। रेंजर आशीष गौंड ने बताया कि हाथी का शव नेपाल की तरफ से बहकर आया है। वन विभाग का अनुमान है कि यह नन्हा शावक अपनी मां के साथ नदी पार करते समय तैर न पाने के कारण डूब गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विसरा जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। हाथी संरक्षण पर काम कर रही संस्था न्यूज़ के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने इस घटना को वन्यजीव प्रेमियों के लिए दुखद बताया।

# रैन बसेरे मे लगे चिकित्सक की ड्यूटी, ठहरने वालों का हो स्वास्थ्य परीक्षण : एसडीएम

### देर रात्रि अलाव स्थलों व रैन बसेरे का एसडीएम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से रैन बसेरे की उपयुक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा अलाव की व्यवस्था का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने गुरूवार को देर रात्रि नगर पालिका परिषद नानपारा में बने रैन बसेरे व नगर क्षेत्रातर्गत जल रहे लगभग सभी अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया।

रैन बसेरे की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी तथा चिन्हित स्थानों पर अलाव जलते हुए पाये गये। एसडीएम ने ई.ओ. व तहसीलदार नानपारा को निर्देश दिया कि प्रतिदिन समय से अलाव जलवाये जाये तथा किसी भी व्यक्ति को ठंड में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए भी सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये। एसडीएम ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी नानपारा को निर्देशित किया है कि वह अपने स्तर से एक चिकित्सक की ड्यूटी लगा दें जो प्रतिदिन रैन बसेरे में ठहरने वालों का स्वास्थ्य परीक्षण करके आवश्यक चिकित्सा भी उपलब्ध कराए।



अलाव के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने आमजन से फीड बैक भी प्राप्त किया। सभी द्वारा जिला व तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

## खबरें एक नजर में

### नहर की पटरी कटी, फसलें बर्बाद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के तेजवापुर ब्लॉक स्थित मोगलहा ग्राम में हाल ही में नहर की पटरी कटने से किसानों की गेहूं, मटर और टमाटर की फसलें बर्बाद हो गईं। इस घटना के बाद ग्रामीण आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और खराब हुई फसलों के लिए मुआवजे की मांग की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अय्यूब ने बताया कि नहर की पटरी कच्ची और कमजोर होने के कारण हर साल हजारों बीघे में लगी फसलें जलमग्न होकर खराब हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि सरयू नहर खंड में इस संबंध में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से ग्रामीणों ने आज जिलाधिकारी से मुलाकात कर नहर की पटरी की मरम्मत कराने और फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की। इस दौरान कन्नौजी लाल, शाद मोहम्मद, अल्ताफ, हरिराम, अनिकूल, नजर मोहम्मद, अरमान, खेलावन और बंशीलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रयोगात्मक परीक्षा की डेट पूछने पर अध्यापक ने छात्र को पीटा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दुल्हा पुर ग्राम के निवासी प्रदीप कुमार यादव पुत्र राघव राम यादव ने इंटर विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा की डेट अध्यापक से पूछा तो नाराज हो जम कर पिटाई कर दिया। इस से क्षुब्द छात्र के परिजन कोतवाली देहात पहुंचकर अध्यापक के खिलाफ में तहरीर दिया है। प्रदीप कुमार यादव ने तहरीर में कहा है कि वह एमएस इंटर कालेज लाल पुर दुल्हा पुर में कक्षा12 का छात्र है। बृहस्पतिवार के दिन विद्यालय में इंटर विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा की डेट पूछने विद्यालय के अध्यापक अंकित श्रीवास्तव और विनय श्रीवास्तव के पास गया था। प्रयोगात्मक परीक्षा डेट पूछा तो दोनों अध्यापक नाराज हो कर मारने पीटने लगे। अपशब्द बातो का प्रयोग किया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। छात्र ने अध्यापक पर मरने पीटने का आरोप लगाया जिस की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा लिखने की कार्यवाही की जायेगी

### विकास खण्ड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित

**वजीरगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई।वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 38 करोड़ 86 लाख रुपयों की कार्य योजना को स्वीकृति दी गई। जिसमें मनरेगा से ग्राम पंचायतों व ब्लाक से क्रमशः 17 करोड़ व चार करोड़ रुपयों के प्रस्ताव तथा राज्य वित्त व पन्द्रहवें वित्त से क्रमशः 14 करोड़ 36 लाख तथा साढ़े तीन करोड़ रुपयों के प्रस्ताव रहे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यों की पुष्टि की गई। पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह व खंड विकास अधिकारी अभिषेक मणि त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में ग्राम प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों से किसानों की ई-फार्मर रजिस्ट्री कराने में सहयोग करने की अपील की व शादी अनुदान की जानकारी दी। बैठक में ग्राम प्रधानों ने पात्रों को पेंशन न मिलने, राशन कार्ड न बनने व छुट्टा पशुओं का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सदस्यों ने कहा कि गौशालाओं में जानवर मर रहे हैं। राज्य वित्त योजना से प्रत्येक गौशाला में चार-चार कैमरे लगाए जाएं। प्रधानों ने कूड़ा गाड़ी चलाने के चालक की मांग की। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की वंदना की गई। प्रमुख प्रतिनिधि पंकज सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया।बैठक में ब्लाक प्रमुख अनीता यादव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशुतोष शुक्ल, पशु चिकित्सक डॉ. वीबी वर्मा, एडीओ पंचायत सतीश तिवारी, एडीओ आईएसबी कृष्ण कुमार, ग्राम प्रधान विनोद सिंह, सुशील जायसवाल, सोनू सिंह, अजय सिंह, जगदम्बा सिंह सहित तमाम ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत, सचिव मौजूद रहे।

### झारखंडी रेलवे ओवरब्रिज को एनएच से मिली एनओसी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद बलरामपुर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण, दूरगामी प्रभाव वाली उपलब्धि के रूप में झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग (एल.सी. संख्या-136, स्पेशल 3ई) पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएच), भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर दी गई है। यह स्वीकृति जनपद के विकास पथ पर एक बड़ा मील का पत्थर सिद्ध होगी। यह बहुप्रतीक्षित एनओसी विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी के सतत, प्रभावी और समन्वित प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है। लंबे समय से लंबित इस महत्वपूर्ण परियोजना को केंद्र स्तर पर स्वीकृति दिलाना जनहित में किए गए सशक्त प्रयासों को दर्शाता है। प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर चैनिज 323.680 से 324.845 के मध्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा अपने व्यय पर निर्मित किया जाएगा। इसके निर्माण से झारखंडी रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से आमजन को स्थायी राहत मिलेगी तथा आवागमन पूर्णतः निर्बाध होगा। यह ओवरब्रिज केवल एक संरचना नहीं, बल्कि जनपद की आर्थिक और बुनियादी विकास व्यवस्था को नई ऊँचाई देने वाला प्रकल्प होगा।

# देश बदलेगा जब मर्द बदलेगा अभियान के साथ ब्लॉक समन्वय बैठक सम्पन्न

### बाल विवाह मातृत्व स्वास्थ्य की सबसे कमजोर कड़ी : शिल्पा नायरपरिवार

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** जरवल ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित ब्लॉक समन्वय बैठक में सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रीतेश की अध्यक्षता में देश बदलेगा जब मर्द बदलेगा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूकता पोस्टरों व न्यूज़लेटर का विमोचन किया गया तथा 118 गाँवों में भ्रमण करने वाले प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

डॉ. कुंवर रीतेश ने कहा कि पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी की तुलना में अधिक आसान और सुरक्षित होने के बावजूद सामाजिक संकोच के कारण पुरुष आगे नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक में जहाँ औसतन 250 महिला नसबंदियाँ होती हैं, वहीं सिर्फ 5-6 पुरुष नसबंदी ही हो पाती हैं। उन्होंने जनसंख्या और संसाधनों के असंतुलन पर चिंता जताते हुए कहा कि चीन की आबादी लगभग भारत के बराबर है, लेकिन उसका क्षेत्रफल हमारे देश से तीन गुना अधिक है, जबकि भारत में संसाधन सीमित हैं। ऐसे में परिवार नियोजन अपनाकर कुल प्रजनन दर 3.6 से घटाकर 2.1 पर लाना ज़रूरी है, तभी देश की जनसंख्या स्थिर हो सकेगी। पीएफआई संस्था के एसोसिएट लीड-प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन बी.के. जैन ने बताया कि मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना पिछले चार वर्षों से जनपद में चलाई जा रही है। इस परियोजना के तहत स्वास्थ्य मेलों, प्रचार वाहनों और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों और परिवार नियोजन साधनों की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राज्य निदेशक शिल्पा नायर ने कहा कि परिवार दो पहियों पर चलता है इसलिए परिवार नियोजन की जिम्मेदारी पुरुषों और महिलाओं दोनों की बराबर है। महिला शिशु के जन्म से लेकर उसके पालन-पोषण तक अहम भूमिका निभाती है, ऐसे में पुरुषों को इसके साधन अपनाने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने जिले में 37.8 प्रतिशत बाल विवाह को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि 20 वर्ष से पहले की गर्भावस्था से एनीमिया, समय से पहले और कम वजन के शिशुओं का जन्म तथा जटिल प्रसव जैसी समस्याएँ बढ़ती हैं, जिससे मातृत्व स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। इस अवसर पर जिले से डीपीएम सरजू खान, राकेश गुप्ता, मोबियस फाउंडेशन से प्रभात कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द बहादुर सिंह, एडीओ पंचायत नजर इमाम, एडीओ कृषि राजेश कुमार, सीडीपीओ रूपाली सिंह, प्रिंसिपल विनोद कुमार, ब्लॉक मिशन मैनेजर, बीपीएम आदित्य ,ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं समूह की महिलाएं कम्युनिटी चैंपियन, आशा कार्यकर्ता सहित पीएफआई के सदस्यों ने भाग लिया।

# मदरसे के शिक्षक ने छात्रा से किया दुष्कर्म, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले के रूपईडीहा इलाके में एक मदरसे के शिक्षक पर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के रंजीत बोझा गांव में स्थित मदरसे में सलमान नामक युवक हाफिज के पद पर कार्यरत है।

थाना क्षेत्र की ही एक नाबालिग छात्रा इस मदरसे में पढ़ने आती थी। आरोप है कि इसी दौरान शिक्षक सलमान ने छात्रा को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने बुधवार को स्थानीय थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी मदरसे में पढ़ती है। बीते 12 दिसंबर को सलमान ने बच्ची को अपने कमरे की साफ-सफाई के लिए बुलाया और उसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने बच्ची को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। डर के कारण बच्ची ने शुरुआत में कुछ नहीं बताया, लेकिन गुमसुम रहने पर जब मां ने उससे बात की तो उसने पूरी घटना बताई।मां की तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 65/1 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नानपारा क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह ने बताया कि बुधवार को एक महिला ने मदरसे के शिक्षक पर अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# मंदिर निर्माण के दौरान मिले चांदी के 500 सिक्के अज्ञात लोग लेकर फरार

समृद्धि न्यूज

### पुलिस ने पांच अज्ञात के खिलाफ में दर्ज किया मुकदमा

**गोंडा।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बाबा कुट्टी ठाकुरा पुर ग्राम में मंदिर निर्माण के लिए जी सी बी मशीन से खोदाई की जा रही थी। इसी खोदाई के दौरान चांदी से भरा एक कलश मिला जिस में करीब पांच सौ चांदी का सिक्का था। जिस को चार से पांच अज्ञात युवक अपने को एस टी एफ बता कर चांदी से भरे कलश को लेकर फरार हो गए। जिस का मुकदमा उपेन्द्र सिंह उर्फ उपेंद्र बाबा पुत्र जय विशुन सिंह निवासी परमेश्वर पुर थाना दावत जिला रोहतास बिहार ने लिखाया है। जिस में उस ने कहा कि बाबा कुट्टी पर महंत धर्म दास और संजय दास के साथ रहता था।

बुधवार के दिन से ही मंदिर निर्माण के लिए जी सी बी मशीन से खोदाई का कार्य हो रहा था। शाम करीब पांच से छह बजे के बीच खोदाई के दौरान मिट्टी से लपटा एक ठोस धातु का कलश मिला। जी सी बी मशीन की ठोकर लगने से उस में रखा सिक्का जमीन पर बिखर गया।जिस की गिनती की गई।जिस में पांच सौ नौ सिक्के थे। उस को मंदिर के दान पेटी में रखा दिया गया। बृहस्पतिवार की दोपहर में मंदिर की इनोवा गाड़ी से बाल पुर बाजार सब्जी लेने आया था। गाड़ी में ही कलश को रख लिया था।

मेरी गाड़ी के आगे कुट्टी के साधु आशीष कुमार बुलट गाड़ी से आगे आगे चल रहे थे । बाल पुर बाजार से परस पुर रोड पर एक मारुति कार में चार से पांच लोग सवार होकर आए और गाड़ी को रोकवा किया और कहा कि हम लोग एसटीएफ से है।

इसके बाद उन लोगों ने एस टी एफ बताते हुए सिक्के से भरे कलश को ले लिया और धमकी दिया कि तुम लोगों को जेल भेज देंगे। कलश को लेकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर पर चार से पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किए गया है।

### मेले में दवा के साथ पशुओं को मिला फ्री इलाज

**गोंडा।** तहसील मनकापुर अंतर्गत विकास खंड बभनजोत क्षेत्र के बस्ती खा़स गांव में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया और पशुओं के निशुल्क इलाज एवं दवा वितरण का लाभ उठाया। पशु मेले में सचलदल पशु चिकित्सा सेवा 1962 के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. जय कृष्ण पाण्डेय ने पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य और देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उनके मार्गदर्शन से पशुपालकों को पशु रोगों की पहचान, उपचार और रोकथाम के बारे में उपयोगी सुझाव मिले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नीरज पटेल रहे। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कई मंडल अध्यक्षों ने भी मेले में प्रतिभाग किया और पशुपालकों से संवाद कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।मेले में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न रोगों के लिए दवाइयाँ वितरित की गईं।

# प्राथमिकता से निस्तारित हों किसानों की समस्याएं

### उप गन्ना आयुक्त ने बजाज चीनी मिल में वाहनों पर लगवाए रिफ्लेक्टर, चीनी मिल प्रबंधन ने किसानों में बांटे कम्बल

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड व कोहरे को देखते हुए दुर्घटनाओं से बचाव एवं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुंदरखी चीनी मिल में उप गन्ना आयुक्त डॉ. आर.बी. राम ने चीनी मिल के यूनिट हेड पी.एन. सिंह व महाप्रबंधक (गन्ना) ए.के. सिंह के साथ केन यॉर्ड में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, ट्राला और ट्रकों में रेडियम/रिफ्लेक्टर लगवाए। साथ ही गन्ना किसानों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल भी वितरित किया।

इससे पूर्व उप गन्ना आयुक्त ने चीनी मिल गेट पर स्थापित तौल कांटों की गहनता से जांच पड़ताल किया। उन्होंने कांटों पर मानक बांट रखवाकर तौल कांटों की शुद्धता परखी। साथ ही ठंड से बचाव हेतु चीनी मिल प्रबंधन द्वारा विभिन्न स्थानों पर जलवाए जा रहे अलाव का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वहां उपस्थित किसानों से भी संवाद स्थापित किया। उन्होंने चीनी मिल प्रबंधन को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

चीनी मिल के यूनिट हेड पी.एन. सिंह ने बताया कि चीनी प्रबंधन द्वारा गन्ना ढुलाई में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्राला तथा ट्रकों पर निरंतर रेडियम/रिफ्लेक्टर लगवाया जा रहा है। साथ ही चीनी मिल गेट पर आने वाले गन्ना किसानों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जा रहा है। रात्रि के समय किसानों को अपने वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। यूनिट हेड ने कहा कि सावधानी ही दुर्घटनाओं से बचाव है। इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुशील शुक्ला, डीजीएम केन प्रदीप पंवार, गन्ना प्रबंधक शशिकांत दूबे, सहायक गन्ना प्रबंधक सुनील पाठक, सुरक्षा प्रबंधक के.एम. त्रिपाठी, सुरक्षा सुपरवाइजर नंदलाल तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कथावाचक को गार्ड ऑफ ऑनर देने पर बवाल

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले में प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पुंडरीक गोस्वामी को पुलिस लाइन्स में गार्ड ऑफ ऑनर और परेड सलामी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस घटना ने राजनीतिक हलचल मचा दी है, जबकि यूपी पुलिस के डीजीपी ने पुलिस परेड ग्राउंड के अनधिकृत इस्तेमाल पर संज्ञान लेते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा है।



वीडियो में दिख रहा है कि कथावाचक एक सफेद सरकारी गाड़ी से उतरते हैं। लाल कालीन बिछाकर स्वागत होता है, पुलिस अधिकारी सैल्यूट करते हैं और फिर पुलिस ट्रेनीज की परेड आयोजित की जाती है। गोस्वामी मंच पर बैठकर सलामी का निरीक्षण करते नजर आते हैं। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड पर हुआ था।बहराइच पुलिस का दावा है कि कई ट्रेनीज ने ट्रेनिंग के दौरान तनाव और डिप्रेशन की वजह से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में गोस्वामी को मोटिवेशनल स्पीच, योग और ध्यान सेशन के लिए बुलाया गया था, जिससे ट्रेनीज का मनोबल बढ़ा। लेकिन परेड और सलामी की यह व्यवस्था प्रोटोकॉल के खिलाफ मानी जा रही है।

**डीजीपी का सख्त रुख**

यूपी पुलिस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड सिर्फ आधिकारिक ट्रेनिंग, अनुशासन और सरकारी आयोजनों के लिए है। अनधिकृत उपयोग के लिए बहराइच एसपी से जवाब तलब किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, आगे कार्रवाई भी हो सकती है।

**विपक्ष का तीखा हमला**

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तंज कसा कि जब पुलिस पूरा समय सलामी में व्यस्त रहेगी, तो अपराधी खुलेआम मौज करेंगे। वही आजाद समाज पार्टी नेता और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इसे संविधान पर खुला हमला करार दिया। उन्होंने कहा, ÷भारत मठ नहीं, संवैधानिक गणराज्य है। राज्य किसी धर्म विशेष की जागीर नहीं। फिर भी एक कथावाचक को पुलिस परेड और सलामी दी जा रही है। गोस्वामी कौन सा संवैधानिक पद पर हैं?।

**क्या कहता है प्रोटोकॉल?**

गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान आमतौर पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या उच्च संवैधानिक पदाधिकारियों को ही मिलता है। किसी धार्मिक व्याख्याता को यह सम्मान देने का कोई पूर्व उदाहरण नहीं मिलता। यह मामला अब सियासी रंग ले चुका है और प्रोटोकॉल उल्लंघन की जांच से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

**बैठक** — किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों के साथ की बैठक

# किसान समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करें अधिकारी

समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में किसानों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनना तथा उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से एक-एक कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं।

किसानों द्वारा कृषि, विद्युत, सिंचाई, चकबंदी, बैंक ऋण, खाद-बीज की उपलब्धता, फसल बीमा, नहरों की सफाई एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित विषयों को रखा गया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि किसान की समस्याओं का समय से समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समय से इसकी जानकारी भी दी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव है, उन्हें मौके पर ही निस्तारित किया जाए, जबकि शेष मामलों में निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि किसानों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शासन की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाए। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु आश्वासन दिया।




बैठक में उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) विनोद त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी बन्दोबस्त, अधिशासी अभियंता विद्युत राधेश्याम भाष्कर सहित कृषि, राजस्व, विद्युत, सिंचाई, बैंक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 4,09,444 किसानों से खरीदा गया धान, आंकड़ा 25 लाख मीट्रिक टन के पार

## 2025-26 के दौरान धान खरीद को लेकर योगी सरकार की नीतियों का असर धरातल स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान धान खरीद को लेकर योगी सरकार की नीतियों का असर धरातल स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद को किसान हितों से जोड़ते हुए न केवल खरीद प्रक्रिया को तेज किया है, बल्कि भुगतान व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया है।

ताजा आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष धान खरीद में किसानों की भागीदारी बढ़ी है और ऑनलाइन केंद्रों के माध्यम से व्यवस्था और सुदृढ़ हुई है। किसानों की भागीदारी के लिहाज से भी यह वर्ष महत्वपूर्ण रहा है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2025-26 में धान खरीद से अब तक 4,09,444 किसान सीधे जुड़े हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 3,73,840 थी। यह वृद्धि बताती है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार के बनाए गए भरोसे और सरल प्रक्रियाओं का सकारात्मक असर किसानों में दिख रहा है। अभी तक के आकड़ों पर गौर किया जाये तो वर्तमान विपणन वर्ष 2025-26 में अभी तक धान की खरीद का कुल आंकड़ा 2,50,2149.60 मीट्रिक टन तक पहुंच चुका है। धान खरीद के साथ-साथ सरकार ने डिस्पैच व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी है। किसान पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने से बिचौलियों की भूमिका लगभग समाप्त हुई है। भुगतान के मोर्चे पर भी सरकार ने संतुलित और जिम्मेदार रुख अपनाया है। अब तक 5569.97 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। धान खरीद व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए प्रदेश में 4,743 ऑनलाइन खरीद केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जो पिछले वर्ष के 4,347 केंद्रों की तुलना में अधिक हैं। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को उनके घर के निकट ही अपनी उपज बेचने की सुविधा मिल रही है। किसान पंजीकरण की बात करें तो 19 दिसंबर 2025 तक धान के लिए कुल 8,82,988 किसानों का पंजीकरण हुआ जिसमें से 6,68,698 किसानों का सत्यापन कार्य पूरा किया जा चुका है। पिछले वर्ष इसी समय सीमा में 7,13,600 किसानों का पंजीकरण हुआ था और 6,10,135 किसानों का सत्यापन किया गया था। इन आकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि इस वर्ष न केवल पंजीकरण बढ़ा है बल्कि सत्यापन की गति भी तेज हुई है।

### बाजरे की खरी

प्रदेश में वर्ष 2025–26 में अब तक 1,72,109.30 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हो चुकी है, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 81,058.91 मीट्रिक टन था। बाजरे के कुल 41,568 किसानों ने चालू वर्ष में बिक्री की जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 15,096 थी।

### ज्वार खरीद की स्थिति

ज्वार की चालू वर्ष में खरीद 26,448.60 मीट्रिक टन रही। ज्वार के 7,814 किसानों ने इस वर्ष सरकारी खरीद प्रणाली के अंतर्गत फसल बेची जो पिछले वर्ष 7,282 किसानों से अधिक है। ज्वार किसानों को 91.49 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

# मतदाता सूची का निष्पक्ष और त्रुटि रहित होना लोकतंत्र की बुनियाद : मायावती

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि वोटर लिस्ट का शुद्ध, निष्पक्ष और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की बुनियाद है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही, भेदभाव या राजनीतिक हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस प्रक्रिया पर पैनी नजर रखें और जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज कराएं। मायावती ने शुक्रवार को पार्टी की राष्ट्रीय बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठन की मजबूती और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को लेकर अहम निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा संचालित वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रमों और आर्थिक मजबूती से जुड़े निर्देशों की समीक्षा की गई।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार पर पीछे से चढ़ा ट्रक, राजमिस्त्री की ऑन स्पॉट मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बाइक सवार राजमिस्त्री पर पीछे से ट्रक चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वहां ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है और शव का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए भेज दिया। मामला काकोरी कोतवाली क्षेत्र का है। किसान पथ आउटर रिंग रोड स्थित उदित खेड़ा अंडरपास पर यह हादसा हो गया। मृतक की पहचान दूल्हागंज, थाना काकोरी निवासी विनोद यादव (45) पुत्र स्वर्गीय पुत्ती लाल यादव के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। विनोद अपनी मोटरसाइकिल यूपी 32 केएम 9163 से काम पर जा रहे थे। उदित खेड़ा अंडरपास के पास पहुंचे तो ट्रक यूपी 38 टी 4097 पीछे से उनको कुचल दिया। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक अपना वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। काकोरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक के घर में पत्नी नीलम, दो बेटियां पलक-पायल और एक बेटा शिवा है।

### एमआईसीई प्रोत्साहन योजना से मिलेगा वैश्विक मंच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में छतर मंजिल परिसर में एक दिवसीय योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली, कार्यक्षमता तथा मानसिक संतुलन को सुदृढ़ करना था। शिविर में आर्ट ऑफलिविंग संस्था से पधारे योग एवं ध्यान साधना के प्रशिक्षक राकेश चतुर्वेदी एवं विशाखा ने ध्यान के विभिन्न आयामों, उसके वैज्ञानिक पक्ष तथा जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। ध्यान एवं श्वसन आधारित साधनाओं के नियमित अभ्यास से व्यक्ति निराशा एवं नकारात्मकता से मुक्त होकर सकारात्मकता, आत्मविश्वास एवं मानसिक शांति प्राप्त करता है। इस अवसर पर विभाग की निदेशक रेनू द्विवेदी द्वारा दोनों योग प्रशिक्षकों को पौधा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया।शिविर में निदेशक सहित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### महासंघ की अलाव जलाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जवाहर भवन-इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार 'बच्चा' ने संयुक्त बयान देते हुए बताया है कि ठण्ड का प्रकोप बड़ी तेजी से बढ़ रहा है जिससे जवाहर भवन-इन्दिरा भवन के गेटों पर तैनात भूतपूर्व सैनिक ठण्ड से ठिठुर रहे है, और बाहरी आने वाले आगन्तुक भी जड़ा रहे है। इसलिए ठण्ड को देखते हुए चारों गेटों पर अलाव जलवाया जाय, इस आशय का पत्र नगर आयुक्त को लिखा गया है कि जवाहर भवन-इन्दिरा भवन में अलाव जलाने की व्यवस्था हों।

### ओरल हेल्थ अवेयरनेस व स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान द्वारा इलेक्ट्रिक लोको शेड, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर में एक दिवसीय ओरल हेल्थ अवेयरनेस एवं स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों में मुख (ओरल) स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मुख कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान करना तथा समय रहते जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में डॉ. सी. पी. अवस्थी (वरिष्ठ चिकित्सक, हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल) द्वारा ओरल हेल्थ अवेयरनेस प्रदान किया गया, जिसमें उन्होंने मुख कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। तंबाकू, गुटखा, पान-मसाला एवं धूम्रपान मुख कैंसर के प्रमुख कारण हैं और इनसे दूरी बनाकर ही स्वस्थ जीवन संभव है। शिविर के दौरान डॉ. मीनाक्षी राय एवं उनकी टीम द्वारा ओरल हेल्थ की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें कुल 94 कर्मचारियों की जांच की गई। स्क्रीनिंग के माध्यम से संदिग्ध मामलों की पहचान कर उन्हें आगे की जांच एवं परामर्श हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद कुमार राय (सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर), अभिषेक मिश्रा (डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर) तथा अनूप सिंह (सीनियर सेक्शन इंजीनियर) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल की ओर से आयुष श्रीवास्तव, देवेंद्र यादव, प्रिया, रामसुंदर, अंकित सहित अन्य टीम सदस्यों ने आयोजन एवं समन्वय में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ ने किया लखनऊ-सुलतानपुर-जफराबाद रेल खंड का निरीक्षण

# यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा भारतीय रेलवे की प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यात्रियों को सुरक्षित, संरक्षित एवं उन्नत रेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा रेल परिचालन एवं संरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ, सुनील कुमार वर्मा ने लखनऊ-सुलतानपुर-जफराबाद रेल खंड का निरीक्षण किया, जो देर शाम तक जारी रहा।

अपने निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक का लखनऊ से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए जफराबाद रेलवे स्टेशन पर आगमन हुआ। जफराबाद स्टेशन पर उन्होंने स्टेशन के प्रवेश एवं निकास द्वार, स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, स्वच्छता व्यवस्था तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। इसके पश्चात रेलवे कॉलोनी का भी निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने कॉलोनी में निवासरत रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। इसके उपरांत जफराबाद-सुलतानपुर रेल मार्ग पर कृष्णा नगर एवं हरपालगंज स्टेशनों के मध्य स्थित पुल संख्या-18 का निरीक्षण करते हुए सुल्तानपुर स्टेशन परलोको पायलट एवं गार्ड रनिंग रूम, स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, टिकटिंग प्रणाली एवं यात्री सूचना प्रणाली का गहन अवलोकन किया। यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### आपदा प्रबंधन की कार्यविधि का परीक्षण, मॉक ड्रिल का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा की उपस्थति में मण्डल के संरक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी समर्थ गुप्ता के संयोजन में डिवीजनल ऑपरेशनल ट्रेनिंग सेंटर/सेफ्टी कैंप के निकट (आलमबाग थाने के पीछे) स्थित लखनऊ यार्ड की पीओ II साइडिंग में एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए तैयारी और प्रशिक्षण की समीक्षा करना है। इस मॉकड्रिल में एक यात्रा स्पेशल रेलगाड़ी (चण्डीगढ़-वाराणसी) के तीन कोचों में हुई दुर्घटना और इन कोचों में आग लगने की स्थिति का वास्तविक रूप में प्रदर्शन किया गया। यह मॉकड्रिल आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और उचित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस मॉकड्रिल में नेशनल एवं स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स, फायर ब्रिगेड विभाग, स्थानीय पुलिस, रेड क्रॉस सोसायिटी, रेलवे का चिकित्सा विभाग, स्काउट एवं गाइड, रेल सुरक्षा बल, वाणिज्य विभाग, परिचालन विभाग रेलवे तथा जिला प्रशासन का सिविल डिफेन्स ने सामूहिक रूप से साझा तालमेल के साथ इस पूरी गतिविधि को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। इस पूरी प्रक्रिया में चोटिल यात्रियों की एक सूची तैयार की गई।

### वीआईपी ड्यूटी पर तैनात पीएसी जवान की मौत

**लखनऊ ।** लखनऊ के गौतमपल्ली थाना क्षेत्र में वीआईपी गार्ड ड्यूटी पर तैनात पीएसी जवान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना निवासी पीएससी जवान गुलजार अली गुरुवार शाम 6 बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद अपने कमरे में सोए थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान के पिता ने बताया कि गुलजार 2019 में 49वीं वाहिनी पीएससी में भर्ती हुए थे। जब गुलजार अली दोबारा ड्यूटी पर नहीं पहुंचे, तो उनके साथी वीरेंद्र ने कमरे में जाकर देखा। वह अचेत अवस्था में मिले और उनके शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं थी। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# त्रिपुरा विधानसभा के प्रतिनिधिमंडल ने देखी उत्तर प्रदेश विधानसभा

समृद्धि न्यूज

**दोनों विधानसभाओं की संसदीय कार्य प्रणाली पर हुआ विचार विमर्श**

**लखनऊ ।** त्रिपुरा विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सभापति राम पाडा जमातिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के अध्ययन भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा का भी भ्रमण किया।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से उनके कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर दोनों विधानसभाओं की संसदीय कार्यप्रणाली, समितियों के कार्य, वित्तीय अनुशासन, सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधिमंडल को यूपी विधानसभा की कार्यशैली, समितियों की भूमिका एवं लोकतांत्रिक परंपराओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल 12 दिसंबर से 20 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के आधिकारिक अध्ययन भ्रमण पर है।यह भ्रमण अंतर विधान सभा सहयोग, अनुभवों केआदान प्रदान तथा संसदीय लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अध्ययन भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण किया।

### बीपीएल परिवारों के लिए विशेष रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** योगी सरकार की रोजगारपरक एवं सामाजिक समावेशन की नीति को धरातल पर उतारते हुए बीपीएल परिवारों के युवाओं के लिए विशेष रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में किया गया। इस रोजगार मेले का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा। रोजगार मेले में 10 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 327 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। साक्षात्कार उपरांत कंपनियों द्वारा 137 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर प्रदान किए गए, जिससे चयनित युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# विसधानसभा सत्र के चलते चोक हुईं राजधानी की सड़कें, चारबाग से मुंशीपुलिया तक रेंगे वाहन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चलते लखनऊ की सड़कों पर जाम नजर आया। सत्र को लेकर पुलिस ने हजरतगंज के 9 मार्गों पर डायवर्जन किया है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था बेपटरी हो गई। सुबह दफ्तर और जरूरी कामों के लिए निकलने वाले लोग घंटों फंसे रहे, जबकि कई मार्गों पर वाहनों की रफ्तार पैदल चलने से भी धीमी रही।

चारबाग से मुंशीपुलिया तक वाहन रेंगते रहे। बता दें कि यह डायवर्जन 24 दिसंबर तक रहेगा। हालांकि, इस दौरान इमरजेंसी सेवाओं को राहत देते हुए ऐंबुलेंस, शव वाहन, दमकल वाहन और स्कूली बसों को डायवर्ट रूट से गुजरने की अनुमति रहेगी। विधानसभा सत्र को देखते हुए चारबाग से केकेसी की ओर डायवर्जन लागू किया गया, जिसके तहत शहर के बीचों-बीच भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। इसका सीधा असर आसपास की सड़कों पर पड़ा और वैकल्पिक मार्गों पर अचानक यातायात का दबाव बढ़ गया। सुबह के समय इस मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। हजरतगंज और हुसैनगंज इलाके में जाम की स्थिति और गंभीर रही। लोहिया पथ होते हुए मुंशीपुलिया चौराहे तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। कई जगहों पर वाहन घंटों तक रेंगते रहे और लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों के साथ-साथ स्कूल और कॉलेज जाने वाले छात्र भी जाम में फंसे नजर आए। शुक्रवार सुबह विधानसभा सत्र के चलते अचानक बदली गई ट्रैफिक व्यवस्था से ऑफिस जाने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। कई कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल पहुंचने में सामान्य से दोगुना समय लग गया।

# राहत विभाग ने 12.52 करोड़ को भेजा मौसम का अलर्ट

समृद्धि न्यूज

**कंट्रोल रूम से प्रदेश के समस्त जिलों में कम्बल वितरण, रैन बसेरों तथा अलाव की स्थिति की निगरानी भी की जा रही**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शीतलहर एवं घने कोहरे को लेकर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। कंट्रोल रूम ने सचेत एप के माध्यम से गुरुवार व शुक्रवार के मध्य 12 करोड़ 52 लाख लोगों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मौसम का अलर्ट भेजा गया है।

राहत आयुक्त डा. हृषिकेश भास्कर याशोद ने कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से आमजन को एसएमएस के माध्यम से खराब मौसम की चेतावनी भेजी है। यह लगातार किया जा रहा है। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से प्रदेश के समस्त जिलों में कम्बल वितरण, रैन बसेरों तथा अलाव की स्थिति की निगरानी भी की जा रही है। यही नहीं आम जनमानस को आपात स्थिति में 1070 पर कॉल आने के पश्चात तत्काल सहायता प्रदान की जा रही है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को तीन दिन का बुलेटिन जारी किया है, जिसमें प्रथम दिन प्रदेश के 50 जिलों में रेड अलर्ट-अत्यन्त घना कोहरा, 17 जिलों में आरेंज अलर्ट-घना कोहरा तथा आठ जिलों में यलो अलर्ट-मध्यम कोहरा होने की संभावना जारी की है। मौसम विभाग ने 40 जिलों में शीत दिवस अलर्ट का पूर्वानुमान एवं सम्भावना जारी की है।

इसके बाद राहत आयुक्त के निगरानी में कंट्रोल रूम लगातार मैसेज के माध्यम से सम्बंधित जिलों के जिम्मेदार अधिकारियों व आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारियों व आमजनमानस को चेतावनी का अलर्ट भेजा जा रहा है। कंट्रोल रूम ने सचेत एप के माध्यम से गुरुवार व शुक्रवार के मध्य 12 करोड़ 52 लाख लोगों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से मौसम का अलर्ट भेजा है।

राहत आयुक्त ने बताया कि आगे भी मौसम विभाग के माध्यम से पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्राप्त होने पर आम लोगों के मोबाइल पर मौसम सम्बंधी एलर्ट कंट्रोल रूम द्वारा भेजे जायेंगे। उन्होंने आमजन से अपील किया कि वे इस मैसेज पढ़कर उसी अनुसार अपनी यात्रा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शीतलहर एवं सर्दी से बचने की अत्यन्त आवश्यकता है। अपील किया कि सरकार ने ठण्ड एवं शीतलहरी से बचाव के सम्बंध में जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

### नियुक्ति पर शक

**लखनऊ।** शक्ति भवन मुख्यालय और विस्तार में एक-एक से नमूने देखने को मिल रहे हैं। यहां अपने विभागीय आकाओं के रहमोकरम पर कुछ के कूटरचित तरीके से नौकरी हथियाने की सूचना है तो कुछ पर विभागाध्यक्ष इस कदर मेहरबान हैं कि उनसे नाममात्र के कार्य लिए जाते हैं। कुछ तो अयोग्य हैं फिर भी विभाग का चहेता बने हुए हैं। जिम्मेदार सहानुभूति जताते हुए उनसे अन्य कार्य लेते हैं और खुद लापरवाह होते दिखते हैं। ऐसी ही विस्तार भवन के कमरा नंबर 1021 मे तैनात एक महिला कर्मचारी है, जिसकी तैनाती कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर है लेकिन उसे कंप्यूटर चलाना नहीं आता। ऐसे में अधिकारी अंजू से डायरी डिस्पैच की अहम जिम्मेदारी दे रखी है, जिसकी कुछ महत्वपूर्ण डिस्पैच की सम्बंधितों को जानकारी अपने मोबाइल से पहले करा देने की जानकारी मिली है।

# क्रिसमस-न्यू ईयर पर डेढ़ घंटे ज्यादा चलेगी लखनऊ मेट्रो, रात 12 बजे तक करें यात्रा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** क्रिसमस (25 दिसंबर) और नए साल (1 जनवरी) पर लखनऊ मेट्रो शहरवालों की सुविधा बढ़ाएगा। आम दिनों की तरह रात 10.30 बजे के बजाय रात 12.00 बजे तक मेट्रो चलेगी। इससे यात्रियों को करीब डेढ़ घंटे अतिरिक्त सेवा मिलेगी और देर रात तक सफर करने वालों को राहत होगी।

मेट्रो प्रशासन के मुताबिक, क्रिसमस और न्यू ईयर पर मॉल, चर्च, पार्क, रेस्टोरेंट और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। लोग देर रात तक जश्न और घूमने-फिरने के लिए बाहर रहते हैं, जिससे सड़कों पर ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या बढ़ जाती है। इससे राहत दिलाने के लिए यह डिसीजन लिया गया। पिछले तीन सालों के आंकड़े भी बताते हैं कि इन खास दिनों में मेट्रो यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ी है। साल 2022 में करीब 1.20 लाख यात्रियों ने क्रिसमस और न्यू ईयर के आसपास मेट्रो से सफर किया था। 2023 में यह संख्या बढ़कर लगभग 1.45 लाख तक पहुंच गई, जबकि 2024 में करीब 1.70 लाख से ज्यादा यात्रियों ने मेट्रो का इस्तेमाल किया। इन आंकड़ों से साफ है कि हर साल इन दिनों मेट्रो पर यात्रियों का दबाव बढ़ रहा है। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा उनकी प्राथमिकता है। देर रात तक मेट्रो चलने से लोग सुरक्षित तरीके से अपने घर पहुंच सकेंगे। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त स्टाफ और सुरक्षा व्यवस्था भी तैनात की जाएगी ताकि संचालन सुचारू बना रहे।

# उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य की अध्यक्षता में डीएमएम बीएमएम की कार्यशाला आज

समृद्धि न्यूज

**बेहतर समन्वय व प्रभावी क्रियान्वयन को मार्गदर्शन देंगे डिप्टी सीएम**

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में कल 20 दिसम्बर को पूर्वाह्न 11बजे से लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों की महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जिला मिशन प्रबन्धक डीएमएम जिला मिशन प्रबन्धक, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ब्लाक मिशन मैनेजर बीएमएम ब्लाक मिशन मैनेजर, ग्रामीण आजीविका मिशन प्रतिभाग करेंगे।कार्यशाला के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा तथा मिशन के लक्ष्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री अधिकारियों को मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप बेहतर समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन भी देंगे। कार्यशाला से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी।

**उपलब्धि**

## उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सूबे की आधी आबादी को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही

# ग्रामीण आजीविका मिशन ने बदली जिंदगी, सशक्त व आत्म निर्भर हो रहीं गृहणियां

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सूबे की आधी आबादी को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में बदलाव भी नजर आने लगा है। ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने वाली महिलाओं की जिंदगी बदलने लगी है। एनआरएलएम से मिलने वाली ऋण सुविधाओं का उपयोग कर घरेलू महिलाएं खुद उद्यमी बनकर गांव की दूसरी महिलाओं को भी आत्म निर्भर बना रही हैं।

यूपी में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी घरेलू महिलाएं आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की नई पटकथा लिख रही हैं। प्रयागराज मंडल के फतेहपुर जिले की ग्रामीण महिला रीता देवी भी उनमें से एक है।

मलवा विकास खंड के डगरइया गांव की रहने वाली रीता देवी बताती है कि उनके पति एक सीमांत किसान हैं। कच्चा मकान था, किसी तरह बड़ी मुश्किल से गुजर बसर होता था। एक दिन स्थानीय महिलाओं से ग्रामीण आजिविका मिशन की जानकारी हुई। जिसके बाद 2017 में 10 महिलाओं के साथ मिलकर जय संतोषी मां महिला स्वयं सहायता समूह बनाया।

समूह के जरिए 1 लाख 40 हजार रुपए का ऋण सीसीएल फंड से लिया और गांव में मत्स्य पालन का काम शुरू किया। आज उनके पास मत्स्य पालन के 3 टैंक हैं जिनसे 15 से 20 हजार हर महीने वह कमा रही है। रीता का कहना है कि इसी पैसे से उसने और काम शुरू किया है।

पहले एक ब्यूटी पार्लर खोला उससे उसकी आमदनी और बढ़ी। आज उसका अपना पक्का घर बनवाया और दो बच्चों को पढ़ाई के लिए मुंबई भेज दिया। ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है।

### उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने के साथ निर्यात वृद्धि व निवेश आकर्षित करना उद्देश्य

**ब्राण्ड यूपी को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में कदम**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के छोटे, लघु और मध्यम उद्योगों को देश-विदेश से जोड़ने के लिए पहली बार मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और एक्जीबिशन्स प्रोत्साहन योजना शुरू करने जा रही है। यह योजना उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-2030 का हिस्सा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करना, निर्यात को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना और ब्राण्ड यूपी को वैश्विक पहचान दिलाना है। इससे प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। हाल ही में योगी सरकार द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-2030 में इस योजना को पहली बार शामिल किया गया है। योजना के तहत एमआईसीई कार्यक्रमों के आयोजन पर प्रति विदेशी प्रतिभागी 7,000 या एक कार्यक्रम के लिए अधिकतम 6 लाख रूप तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। एक एमआईसीई ऑपरेटर एक वर्ष में अधिकतम दो कार्यक्रमों के लिए ही इस योजना का लाभ ले सकेगा।इस योजना का लाभ वही एमआईसीई इवेंट ले सकेंगे, जो पर्यटन मंत्रालय द्वारा मान्य हों। यूपी में पंजीकृत एमएसएमई श्रेणी के एमआईसीई ऑपरेटर या इवेंट मैनेजमेंट इकाइयाँ, जो संबंधित विभागों और परिषदों में पंजीकृत है।

# डीएम ने शहीदों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी ने बलिदान दिवस पर काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादर पोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र के साथ आज बलिदान दिवस पर काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अमर बलदानियों को सदैव नमन करना चाहिए, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति दी। ऐसे महान स्वतंत्रता



सेनानियों और क्रांतिकारियों को शत शत नमन। जिलाधिकारी ने टाउन हॉल स्थित नगर निगम परिसर में शहीद उद्यान मे पहुंचकर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादर पोशी कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शाहजहांपुर के अमर शहीदों पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां एवं ठाकुर रोशन सिंह को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक प्रो प्रभात शुक्ला ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता में तीनों अमर शहीदों का योगदान ऐसा है जिसको कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता। ऐसे ही त्याग एवं समर्पण की भावना प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र के प्रति रखनी होगी तभी हम उसकी प्रगति में सकारात्मक योगदान दे पाएंगे। प्रो



आलोक मिश्र ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र का रूप देने के लिए जन जन को समर्पण के उसी स्तर से कार्य करना होगा जिस समर्पण से हमारे क्रांतिकारियों ने देश को स्वतंत्र कराया था। प्रो आदित्य कुमार सिंह ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की महत्वपूर्ण घटनाओं का स्मरण करते हुए तीनों शहीदों के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रो मीना शर्मा, प्रो देवेंद्र सिंह, डॉ. मृदुल पटेल, डॉ. संदीप अवस्थी, डॉ. दुर्गविजय, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, डॉ. अमित गंगवार, डॉ. नमिता शुक्ला, चंद्रभान त्रिपाठी सहित कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शहीद दिवस के अवसर पर यूटा ने शहीदों को किया नमन

**शाहजहांपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) द्वारा शहीदों की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काकोरी कांड में शहीद हुए शहीदों की नगरी शाहजहांपुर के लाल राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान और ठाकुर रोशन सिंह को पुष्प अर्पित करते हुए क्रांतिकारी विचारों को याद किया गया। इसी अवसर पर यूटा शाहजहांपुर द्वारा अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए मसरूफ अली को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, शिव सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी, अखिलेश माथुर जिला प्रवक्ता, जाबिर खान जिलाउपाध्यक्ष, जेमेंद्र सिंह यादव जिला सह-संगठन मंत्री, जगपाल सिंह जिला ऑडिटर, राम औतार सिंह जिला सह-संगठन मंत्री, दीपक कुमार पाल जिलाउपाध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार ने संबोधित करते हुए कहा शाहजहांपुर




की धरा क्रांतिकारियों और अमर बलिदानियों की धरा है, आज हम लोग अमर बलिदानियों की गाथाओं पर चर्चा कर रहे है। उन्ही क्रन्तिकारियों की वजह से भारत माता को फिरंगियों से आजादी मिली। ठीक वैसे ही यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा का स्लोगन संघर्ष से क्रांति की ओर है। यह संगठन भी संघर्ष की दम पर सभी शिक्षकों को भ्रष्टाचार, शोषण एवं उत्पीड़न से मुक्ति दिलाएगा। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए जिला महामंत्री हरिशंकर द्वारा काकोरी कांड के वृतांत पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की पंक्तियां सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है। कार्यक्रम में पृथ्वीराज जिला कोषाध्यक्ष, अवनीश कुमार सिंह जिला संयुक्त महामंत्री, मोहन गंगवार जिला उपाध्यक्ष, सोनपाल जिला लेखाकार, अमित कुमार सिंह जिला संगठन मंत्री, विधुशेखर ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा मनोज कुमार ब्लॉक महामंत्री तिलहर, रामबरन, अवनीश कुमार मसरूफ अली, शिव सिंह, अखिलेश माथुर आदि ने अमर अमर बलिदानियों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में ममता राजपूत, सर्वेश कुमारी, पुष्पा देवी, हरिओम गंगवार, संजीव, निर्भय, अग्रिम गुप्ता, पंकज दीक्षित, संजीत, जैनेंद्र सिंह यादव, जाविर खान, अंचल कनौजिया, हर्ष कुमार, अमित कुमार, नवनीत प्रताप सिंह, सचिन कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, नरवीर बहादुर, दीपक कुमार, राम अवतार पाल, जगपाल सिंह, नीरज कुमार, दारा सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## शहीदी दिवस पर खुटार में कवि सम्मेलन आयोजित



**खुटार, शाहजहांपुर।** शहीद दिवस के अवसर पर विकासखंड खुटार के ब्लॉक सभागार में कवि सम्मेलन का आयोजन कर काकोरी कांड में शहीद हुए पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, ठाकुर रोशन सिंह को याद किया गया। जिसमें कार्यक्रम के संयोजक ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, वर्तमान मंडल अध्यक्ष इंद्र देव पटेल, खुटार के राजा विजय जू देव शाह, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी के द्वारा काकोरी कांड में शहीद हुए शहीदों के आगे दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही साथ मां सरस्वती की वंदना के तत्पश्चात काव्य पाठ को आगे बढ़ाया गया। जिसमें शाहजहांपुर लखीमपुर अन्य स्थानों से आए कवि डॉक्टर प्रदीप बैरागी, अरविंद पंडित, मुनेंद्र प्रताप मंजुल, श्रीकांत तिवारी, रामबाबू शुक्ला, सुनीत वाजपेई, ब्रह्मा मिश्रा, प्रदीप पांडे आदि ने काव्य पाठ किया। इस मौके पर विजय शाह जू देव, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष तहसील बार संघ पुवायां जय शंकर अवस्थी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, सिल्हुआ प्रधान तरुण दीक्षित, मंडल अध्यक्ष देव पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश गुप्ता, सुनील सिंह, लक्ष्मण गुप्ता, बंटू गुप्ता, अशोक गुप्ता, सरदार जगवंत सिंह, दिलबाग सिंह, अखिलेश मिश्रा, निर्भय मिश्रा, नितिन मिश्रा, प्रकाश सिंह, मुनीश कुमार, रोशनी बाल्मिक, उदित रस्तोगी, रोहित बाल्मिक आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी, पति पर लगाया मारपीट कर बच्चों सहित घर से निकाल देने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** गांव कुइयां की रहने वाली एक महिला ने थाना खुटार में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब 15 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र पुवायां के गांव नाहिल में हुई थी। मेरे तीन बच्चे हैं मेरे पति से मेरा कई बार विवाद हो चुका है वह कई बार पंचायत व फैसला हो चुका है जिसके बाद में कई बार अपने पति के साथ में ससुराल भी गई हूं लेकिन कुछ दिन ठीक चलने के बाद मेरा पति जो कि शराबी प्रवृत्ति का है मुझ से आए दिन मारपीट व गाली गलौज करता है। अभी हाल में ही मेरे पति के द्वारा मुझे कमरे में बंद करके मारा पीटा गया वह बच्चों सहित रात में घर से निकाल दिया गया। इसके बाद मैं पड़ोस के ही एक व्यक्ति के यहां रात्रि में शरण ली बाद में सुबह को मेरे मायके वाले जाकर मुझे मायके ले आए। अब मैं अपने बच्चों के पालन पोषण के लिए हरियाणा के पानीपत में एक फैक्ट्री में मजदूरी करती हूं लेकिन मेरे पति के द्वारा फोन के माध्यम से मुझे लगातार गालियां दी जा रही है व अपने दोस्तों से गलियां दिलवाई जा रही हैं। जिससे मैं काफी आहत हूं। पीड़िता थाना खुटार में तहरीर देखकर न्याय की गुहार लगाई।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनंत्रित होकर ट्रक पलटा



**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक के ट्राले में तकनीकी खराबी आने से धान से लदा एक ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना उस समय हुई जब ट्राले की जलेबी पिन अचानक टूट गई, जिससे ट्रक संतुलन खो बैठा और पेट्रोल पंप के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार ट्रक संख्या एच आर 69 डी 3554 का चालक है। चालक प्रदीप कुमार ट्रक के ट्राले में धान की बोरियां भरकर बिहार से पठानकोट लेकर जा रहा था। कटरा पेट्रोल पंप और पावर हाउस के सामने पहुंचते ही ट्रक के ट्राले की अचानक जलेबी पिन टूट गई। हादसे में ट्रक का ट्राला पलट गया और धान से भरी बोरियां राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखर गई। जिससे यातयात प्रभावित हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में चालक को हल्की चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद ट्रक को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटवाकर किनारे की तरफ करवाया और बिखरी पड़ी धान की बोरियों को सुरक्षित एक तरफ हटवा कर रखवाया तब जाकर यातयात सुचारू हो सका।

### मारपीट की चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव इंद्रजिगनिया सिंधौली निवासी सीता पत्नी रामवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार को समय करीब 7 :00 बजे उसका जेठ अखिलेश पुत्र कामता प्रसाद ने उसे गंदी-गंदी गालियां देर हा था जब उसने गा लियां देने का विरोध किया तो जेठ ने लात घूंसो से मारने पीटने लगा जेठ कमलेश जेठानी राजकुमारी आए तो उक्त अखिलेश ने विक्रम पुत्र अखिलेश विनीता पत्नी अखिलेश नीतू पुत्री अखिलेश ने एक राय होकरआदि लोगों ने लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे खुली ब बंद चोटे आई पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### युवक के गोली लगने हालत गंभीर



**गढ़िया रंगीन-शाहजहांपुर।** थाना रौजा निवासी धर्मपाल ने डायल 112 पर सूचना दी कि उसकी बहन रोशनी की शादी संजीव पुत्र रामकिशन निवासी खमरिया थाना गढ़िया रंगीन के साथ हुई है। संजीव उसकी बहन रोशनी के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना पर पीआरवी एवं थाना पुलिस पहुँची तो जानकारी हुई कि संजीव ने स्वयं को गोली मार ली है। संजीव उपरोक्त को इसके परिवारीजन भाई पिता एवं अन्य ईलाज हेतु बरेली ले गये है। रामकिशन को जख्मी हालत में भास्कर अस्पताल मिनी बाईपास रोड जनपद बरेली में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। मौके पर क्षेत्राधिकारी तिलहर पहुँच रही है एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गढ़िया रंगीन स्वयं बरेली भास्कर अस्पताल मिनी बाईपास रोड जनपद बरेली जा रहे है। मौके पुलिस बल मौजूद है।

### रॉयल्टी जमा न करने वाले ईट भट्टों पर एडीएम की बड़ी कार्रवाई



**शाहजहांपुर।** जनपद में बिना रॉयल्टी चल रहे ईट भट्टों पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जिला खनन अधिकारी, तहसीलदार सदर सत्येंद्र कटियार, आरओ प्रदूषण बरेली के साथ ईट भट्टा का एडीएम ने निरीक्षण कर कार्यवाही की। जिसमें मां वैष्णो ईट भट्टा उद्योगपृथ्वीपुर कांट पर 5000 से अधिक भराई ईट को ट्रैक्टर चलवाकर नष्ट किया। जब तक रॉयल्टी और प्रदूषण के पेपर उपलब्ध नहीं कराएंगे तब तक के लिए भट्टे का संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया। इंडिया ब्रिक फील्ड, डूंगरपुर में भी लगभग 5000 से ज्यादा कच्चा ईट को नष्ट किया गया।खान ईट उद्योग डूंगरपुर पर भी नया ईट बनाने की तैयारी कर रहा था, जिसको ऑफिस सील किया गया और अन्य ईट भट्टो को चेक किया, रॉयल्टी को दो दिवस में जमा करने के सख्त निर्देश दिए गए। एडीएम ने बताया कि जो भी ईट भट्टा संचालित है। जिसमें 48 ईट भट्टा इस वर्ष बंद कर दिए और 30 से 35 ऐसे ईट भट्टा है। जिनकी रॉयल्टी जमा नहीं है। ऐसे ईट भट्टा अगले दो दिन में रॉयल्टी पेपर नहीं जमा जमा करते हैं तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### एडीएम वित्त ने अवैध मिट्टी खनन करने पर दो जेसीबी और डंपर पकड़े, सीज कराए

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र में अवैध ढंग से रेत व मिट्टी खनन किए जाने की शिकायतों के मद्देनजर एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने खनन अधिकारी के साथ छापामार कार्यवाही कर दो मिट्टी भरे डंपर तथा दो जेसीबी मशीन पकड़कर सीज करवाई । वहीं पुलिस ने नदी से रेत भरी ट्रेक्टर ट्रॉली पकड़ कर सीज कर दी है। गुरुवार को एडीएम वित्त अरविंद कुमार मिट्टी खनन की शिकायत मिलते ही जिला खनन अधिकारी दिनेश आर्य , नगरिया मोड पुलिस चौकी इंचार्ज विशेष कुमार व परिवहन अधिकारी के साथ कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका उधरनपुर क्षेत्र पहुंचे। जहां कोहरे और ठंड का फायदा उठाते हुए अवैध ढंग से मिट्टी खनन कर रहे दो डंपर और दो जेसीबी को पकड़ लिया। जिन्हें चौकी नागरिया मोड़ पर लाकर सीज कर दिया गया। वहीं परिवहन की धाराओं और खनन की धाराओं के साथ कार्यवाही की। उधर विरसिंग पुर चौकी क्षेत्र में कठिना नदी क्षेत्र से रेत का अवैध ढंग से खनन किए जाने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान गांव ढकिया रघा निवासी सारांश सिंह की शिकायत पर चौकी इंचार्ज विजय पाल सिंह ने एक ट्रेक्टर ट्रॉली को रेत भरे हुए पकड़ कर सीज कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मिली भगत से रात दिन अवैध खनन किया जाता है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पकड़ी गई ट्रेक्टर ट्रॉली निगोही के देवेश प्रताप सिंह पुत्र प्रेम सिंह की है। जिला चालक संजीव कुमार है। गौर तलब है कि कोतवाली क्षेत्र के बंधा रोड, राजनपुर रोड तथा गैंसरा रोड पर करीब दर्जन भर ट्रेक्टर ट्रालियां से रात दिन मिट्टी खनन का सिलसिला जारी है। खनन की ट्रेक्टर ट्रालियां कोतवाली के सामने से फर्राटे भरती देखी जा सकती हैं।

## 'गांव के सर्वांगीण विकास को निरंतर प्रयास किए'

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** क्षेत्र में आगामी पंचायत चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सिंधौली से संभावित प्रत्याशी उमर मोहम्मद खां ने जनहित के मुद्दों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उमर मोहम्मद खां ने जानकारी देते हुए बताया कि वह वर्ष 2010 से 2015 तक ग्राम प्रधान रह चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए। उनके कार्यकाल में गांव में नाली और खड़ंजा निर्माण जैसे बुनियादी विकास कार्य कराए गए, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिली। गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए कुल 86 आवासों का निर्माण भी कराया गया। इसके अतिरिक्त, विधवा, वृद्धा और पात्र लाभार्थियों को पेंशन योजनाओं से जोड़कर सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई। साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे गांव स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनके द्वारा कार्य किए गए। स्कूलों में बच्चों को मिड-डे मील योजना के तहत निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के लिए लगभग 950 बैंक खाते खुलवाए गए, जिससे आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। उमर मोहम्मद खां ने यह भी बताया कि उन्होंने ग्रामीणों की विरासत (उत्तराधिकार) से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया। गांव में तालाबों का निर्माण कराया गया और उनमें पानी भरवाकर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि यदि जनता ने एक बार फिर अवसर दिया तो वे पहले से भी अधिक मजबूती के साथ गांव के विकास और गरीबों की सेवा के लिए काम करेंगे।

## नफरत से सत्ता मिल सकती है, लेकिन देश कमजोर होता है: तनवीर खां

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि जंग-ए-आजादी के अमर बलिदानियों ने जिस भारत का सपना देखा था, अफसोस है कि हम आज वैसा भारत नहीं बना पाए हैं। उन्होंने कहा कि नफरत ने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। नफरत के सहारे सत्ता तो मिल सकती है, लेकिन इससे देश पीछे चला जाता है।

तनवीर खां बलिदान दिवस के अवसर पर अशफाक उल्ला खां की मजार परिसर में शहीद फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश में असमानता बढ़ती जा रही है, जिसकी सबसे बड़ी वजह नफरत का माहौल है। इसे खत्म कर भाईचारे को मजबूत करना होगा।



जब हम सब मिलकर चलेंगे, तभी देश मजबूत बनेगा और विकसित राष्ट्र कहलाएगा। उन्होंने कहा कि जंग-ए-आजादी में सभी धर्मों और वर्गों के लोगों ने मिलकर भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपने प्राण न्योछावर किए थे, लेकिन आज सबको समान सम्मान नहीं मिल पा रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री अवधेश वर्मा ने कहा कि आज हम जिस आज़ादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, वह अमर शहीदों के पवित्र बलिदान की देन है। उन्होंने कहा कि हम शहीदों का ऋण कभी चुका नहीं सकते। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश के निर्माण से ही दी जा सकती है। इससे पहले तनवीर खां व पूर्व मंत्री ने अन्य गणमान्य लोगों के साथ अमर शहीद अशफाक उल्ला खां की मजार पर चादरपोशी कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीदों के परिजनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शहीद फाउंडेशन के अध्यक्ष पत्रकार आरिफ सिद्दीकी,मो इरफान, सरदार शर्मा, फैसल फैज़, अजय अवस्थी, वसीम मीनाई, कुलदीप दीपक, पीयूष शर्मा, पूर्व सभासद मो नदीम, शशांक सखा, पवन सिंह, रजनीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### टेंपो की टक्कर से ठेले वाला गंभीर घायल, रिपोर्ट दर्ज

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम शिशुपाल नगर (जरियनपुर) निवासी रामलखन पुत्र रामरतन ने थाने पर दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीते 15 दिसम्बर को समय लगभग शाम छः बजे उसके चाचा शिवरतन जरियनपुर नखासे से अपनी चार पहिया की हाथ ठेली लेकर घर आ रहे थे। जैसे ही वे ग्राम पहरुआ मोड़ पर पहुंचे। तभी पीछे से आए टेंपो ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी वाहन से सीएचसी जरियनपुर (मिर्ज़ापुर) ले गए। जहां से उन्हें गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल से उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पंकज पुत्र राजेश्वर पाल के निवासी ग्राम पृथ्वीपुर, थाना मिर्ज़ापुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मदनापुर गुलैला का प्राचीन शिव मंदिर आस्था और इतिहास का जीवंत प्रमाण

गौरी शंकर त्रिवेदी

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** मदनापुर क्षेत्र स्थित गुलैला (दिउरा) गांव का शिव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह स्थल अपने भीतर सदियों पुराना पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व भी समेटे हुए है। यह मंदिर मुगल काल से भी पहले का माना जाता है और आज भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक बना हुआ है। मुगल काल से जुड़ी पौराणिक मान्यता स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार, मुगल काल में इस प्राचीन शिवलिंग को हटाने के कई प्रयास किए गए। बताया जाता है कि हाथियों तक का प्रयोग किया गया, लेकिन शिवलिंग अपनी जगह से टस से मस नहीं हुआ। इसे मंदिर की



दिव्यता और अलौकिक शक्ति का प्रमाण माना जाता है। 1955 की ऐतिहासिक खुदाई वर्ष 1955 में तत्कालीन तहसील मजिस्ट्रेट की देखरेख में कराई गई खुदाई में मंदिर परिसर से पनपथू ईंटों से बनी प्राचीन संरचनाएँ और कंक्रीट पत्थरों की दर्जनों मूर्तियाँ प्राप्त हुईं। इन अवशेषों ने मंदिर के अत्यंत प्राचीन होने की पुष्टि की। प्राचीन सुरंग के अवशेष मंदिर के समीप एक विशाल बरगद के पेड़ के नीचे से एक प्राचीन सुरंग मिलने की भी जानकारी सामने आई थी, जो बुधवाना के पास स्थित एक प्राचीन मढ़ी तक जाती थी। हालांकि, अब इसके केवल अवशेष ही शेष हैं। पुरातत्व विभाग का संरक्षण वर्ष 2008 में उत्तर प्रदेश पुरातत्व विभाग द्वारा मंदिर का सर्वेक्षण किया गया और सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया। विभाग ने मंदिर की ऐतिहासिक महत्ता को लेकर रिपोर्ट भी तैयार की, जिससे इसके संरक्षण को मजबूती मिली। आस्था और उत्सवों का केंद्र यह शिव मंदिर श्रावण मास के सोमवार, तेरस और विशेष रूप से महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं से खचाखच भर जाता है। फाल्गुन माह की महाशिवरात्रि तथा चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर यहाँ विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दराज से भक्त दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। संस्कृति और श्रद्धा का संगम मदनापुर गुलैला का यह शिव मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि शाहजहांपुर की सांस्कृतिक विरासत और पौराणिक इतिहास का जीवंत साक्ष्य है। सदियों से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था को संजोए हुए आज भी उसी श्रद्धा और भव्यता के साथ स्थापित है।

# बलिदान दिवस पर किया अमर शहीदों को नमन

▸ नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

रचनात्मक संस्था संकल्प के तत्वावधान में काकोरी एक्शन के नायकों के बलिदान दिवस के अवसर पर हवन, पुष्पांजलि व भावांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त अजय त्रिपाठी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता ने यज्ञ में आहुतियां देकर राष्ट्र समृद्धि की कामना की।

खिरनी बाग स्थित बिस्मिल उद्यान में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्र ने अमर शहीद पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक़ उल्ला खां व ठाकुर रोशन सिंह के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्पण कर किया। तदोपरान्त अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर सभी के द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उन अमर बलिदानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने का दिन है। उन्होंने राष्ट्र से अंग्रजों की गुलामी की बेड़ियां काटने के लिए अपना बलिदान किया।



आरम्भ में आर्य समाज के विद्वतजनों नरेन्द्र कुमार आर्य, बलवीर शास्त्री, प्रेमप्रकाश आर्य, रामचन्द्र सिंह भदौरिया, सेवाराम, चेतराम, आशीष मोहन सिन्हा, शिशुभान सिंह, सर्वेश्वरानन्द आर्य व सत्येन्द्र शास्त्री के निर्देशन में यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने आहुतियां दीं।

कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में सम्पन्न हुए समारोह में प्रमुख रूप से सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, संस्था महासचिव विजय तुली, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, रवि मिश्रा, निमिषा मिश्रा, रचना चांदना, ज्योति गुप्ता, शालू यादव, रेनू सक्सेना, संजय गुप्ता, प्रियांशु प्रताप सिंह, चन्द्रवीर गंगू, राकेश मिश्रा, रजनी गुप्ता, करुणेश अवस्थी, संजीव सक्सेना, मनमोहन त्रिपाठी, अनामिका अवस्थी, जीसी मिश्रा, पद्मा गुप्ता, डॉ एसके मिश्रा, प्रमोद कुमार पांडेय, अजय गुप्ता, शिवांशु मणि त्रिपाठी, राजवीर दीक्षित, अनुज शुक्ला, पंडित सत्य प्रकाश मिश्रा, अनुज शुक्ला, कृष्णपाल सिंह आर्य, रामप्रकाश यादव, संजीव कुमार, पवन आर्य, सना बानो, प्रिया कश्यप, मुफ़ीज़ अहमद, हर्ष बाथम, अवधेश कुमार मिश्र, राजेश चंद्र शुक्ल, सत्य प्रकाश तिवारी, अर्चना गुप्ता व अवनीश श्रीवास्तव समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संस्थापक डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी द्वारा प्रार्थना के साथ किया गया।

## विधायक ने ऑनलाइन विस सत्र को ज्वाइन किया



**शाहजहांपुर।** 19 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन के प्रथम दिन कटरा क्षेत्र के विधायक डा. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने अपने जनसुनवाई के दौरान विधानसभा के विशेष ऐप्स से ऑनलाइन विधानसभा सत्र को ज्वाइन किया। इस मौके पर मऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे ठाकुर सुधाकर सिंह के आकस्मिक निधन के उपरांत आज प्रथम दिन विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महीना की अध्यक्षता में संपन्न हुए शोक सभा में प्रतिभा किया और दो मिनट का मौन रख के विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित एवं मृतक की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं उनके परिवार को दुख सहने के लिए भी प्रार्थना की। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एड.), प्रदीप सिंह तोमर, ऋषि पाल सिंह, विजय प्रताप सिंह चंदेल, कौशलेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, राजपाल पाल, अजय कुमार, आर्यन सिंह परिहार, अरविंद सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# मंदिर जा रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत

**पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा, मचा कोहराम**

**बंडा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अपने घर से सुनासीर नाथ मंदिर पर पूजा करने जा रहे युवक की मोटर साईकिल में पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे मोटर साइकिल पर सवार तीनों गिरकर घायल हो गए जबकि मोटर साइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवक की पत्नी और मां को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अस्पताल में मां की मौत हो गयी।





थाना बंडा के गांव सैदापुर डावचाट निवासी बाबूराम श्रीवास्तव करीब एक साल पूर्व अपने पूरे परिवार के साथ थाना खुटार के गांव इटौआ में रह रहे हैं। शुक्रवार को उनका 28 वर्षीय पुत्र अमित अपनी 55 वर्षीय मां कमला देवी और 26 वर्षीय पत्नी रेखा देवी के साथ मोटर साइकिल से अमावस्या के चलते बंडा के सुनासीर नाथ मंदिर पर पूजा करने जा रहा था। सुबह करीब 11 बजे वह बंडा खुटार मार्ग पर सुनासीर नाथ मंदिर को जाने वाली सड़क की ओर मुड़ने ही वाला था तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे अमित की मोटर साइकिल सड़क पर जा गिरी और अमित का सिर बिजली के खंभे से जा टकराया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि अमित की मां कमला देवी और पत्नी रेखा को पुलिस ने बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से दोनों की हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अस्पताल में मां कमला देवी ने भी दम तोड़ दिया। इधर ग्रामीणों के मुताबिक पिकअप चालक और उसके साथ सवार एक अन्य युवक शराब के नशे में धुत थे जिसके चलते चालक से पिकअप कंटोल नहीं हुई और हादसा हो गया। अमित और उसकी मां की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। भाई सुमित, शिवम, बहन सलोनी, रजनी, शिल्पी और पूजा का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोज़ा पावर न सिर्फ़ मानव जीवन एवं उनके बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है वरन परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति भी उतनी ही संवेदनशील है। रोज़ा पावर के सीएसआर विभाग द्वारा बाएफ संस्था के सहयोग से परियोजना प्रभावित गांवों में पशु स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम विगत कई वर्षों से चलाया जा रह रहा है जिसने लोगों की आजीविका को कई गुना बढ़ाया है। पशुओं की नस्ल सुधार, समय समय पर उनका टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत क़िस्म के चारे की व्यवस्था, पशुशालाओं का निर्माण जैसे प्रयासों ने न केवल पशुओं की आयु को बढ़ाते हुए उनके स्वास्थ्य में सुधार किया है वरन दुग्ध उत्पादन में वृद्धि एवं अन्य माध्यमों जैसे मुर्गीपालन,




बकरी पालन द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों के निवासियों की आय में भी वृद्धि का कारण भी बना है। पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए परियोजना द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन परियोजना प्रभावित 11 गांवों में दिनांक 9 दिसंबर से 19 दिसम्बर के मध्य किया गया जिसमें 932 पशुओं का परीक्षण किया गया तथा दवाओं का मुफ़्त वितरण किया गया। शिविर के दौरान पशुपालकों को विभिन्न उपयोगी परामर्श भी दिए गए जिससे कि वे अपने पशुओं के स्वास्थ्य का बेहतर तरीक़े से ध्यान रख सकें। शिविर के दौरान रोज़ा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश, राजीव कुमार सिंह, बाएफ संस्था की ओर से डॉक्टर परितोष मिश्रा, दिनेश द्विवेदी, प्रमोद शुक्ला, सुनीता श्रीवास्तव, आशीष आदि उपस्थित रहे।

# रेडक्रास सचिव ने जिला दिव्यांग अधिकारी से की भेंट

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

इण्डियन रेडक्रास सोसयाटी कार्यालय में पूर्व निर्धारित विगत सोमवार को दिव्यांगजनों की समस्याओं की सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जिसमें दिव्यांगजनों की पेन्शन एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विकास भवन में स्थित जिला दिव्यांग कार्यालय में जिला दिव्यांग अधिकारी संजय यादव एवं पटल सहायकों से भेंट कर दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण कराया। जिला दिव्यांग अधिकारी संजय यादव ने दिव्यांगजनों के प्रति सहानुभूति प्रकट करते सहयोगी भूमिका का निर्वाह करते हुए रेडक्रास से सहयोग की अपेक्षा की। डा0 विजय जौहरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगों को पेंशन से जुड़ी कई समस्याएँ हैं,



जिनमें पेंशन की कम राशि, समय पर न मिलना, प्रक्रिया का जटिल होना, जागरूकता की कमी, और तकनीकी बाधाएँ जैसे पोर्टल का उपयोग न कर पाना प्रमुख हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी होती है। श्री जौहरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के पक्के आवासहीन दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ सुनिश्चित कराए जाने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। अन्त में डा. विजय जौहरी ने जिला दिव्यांग अधिकारी संजय यादव के सहयोगी भूमिका का निर्वाह करने हेतु आभार प्रकट किया।

# शाहजहांपुर में फर्जी काल सेंटर का भंडाफोड़, छह ठग गिरफ्तार

**ऑनलाइन स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर करते थे ठगी**

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ऑनलाइन स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। जिनके कब्जे से एक करोड़ रूपए की कीमत का सामान और एक थार कार, बाइकें बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश किया।

साइबर क्राइम सेल व थाना जलालाबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पकड़ा है। जिनके पास से 69 लैपटॉप एक महिंद्रा थार कार, चार बाइक एक बैंक का इंडिया का




क्यूआर कोड, 34 लैपटॉप चार्जर , की-बोर्ड 6 माउस एक प्रिंटर एक यूपीएस 4 एलईडी एक सीपीयू के साथ 10 मोबाइल फोन 4 वाई-फाई सेटअप 26 सिम कार्ड दो चेक बुक बरामद की है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह अपने टारगेट के मोबाइल नंबर अन्य जानकारी डाटा नेट वेबसाइट से 1000 लोगों का डाटा 5000 में प्राप्त करते थे इसके उपरांत टारगेट मोबाइल नंबर को स्लग डिजी एलटीडी के नाम पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से फोन करके उनको स्टॉक मार्केट में निवेश करने अपने टारगेट को ग्लोबल ट्रेड कंपनी के माध्यम से स्टॉक मार्केट में निवेश करने और धनराशि का तीन गुना ट्रेड करने का लालच देकर क्यूआर कोड में रुपए डलवाते थे और अपने टारगेट को ग्लोबल ट्रेड एपीके अकाउंट पर फर्जी लाभ प्रदर्शित करते थे। उक्त काल सेंटर शाहजहांपुर के जलालाबाद में संचालित था। पुलिस ने नंबरों को ट्रैस करके ठगी करने वाले छह शातिरों को पकड़ा है। जोकि आठ माह से कॉल सेंटर चला रहे थे। यह गैर प्रांतों के लोगों को फोन करके आनलाइन शेयर बाजार में पैसा लगवाते थे। खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस ने आरोपी टिंकल गुप्ता पुत्र नरेन्द्र गुप्ता निवासी मोहल्ला आजाद नगर, प्रांजल सक्सेना उर्फ पुलकित पुत्र विवेक सक्सेना निवासी मो. दयाल नगर, निहाल सक्सेना उर्फ कुनाल पुत्र विवेक सक्सेन निवासी मोहल्ला दयाल नगर, दीपान्शु पुत्र स्व. कृपा शंकर निवासी मो. दयालनगर, सिद्धान्त मिश्रा उर्फ झम्मन पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मां रेनुका धाम कालोनी भामाशाह पार्क के पास सराय साधौ, रोहित राठौर पुत्र रामकुमार राठौर निवासी मो. महाजनान शास्त्रीनगर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि ये अपने टारगेट के मो नंबर व अन्य जानकारी वेबसाइट से व 1000 लोगों का डाटा 5000 रुपये में प्राप्त करते थे। जिसके उपरान्त टारगेट मो.नं. को के नाम पर रजिस्टर्ड मो.नं. से फोन करके उनको निवेश करने व अपने टारगेट को ग्लोबल ट्रेड कम्पनी के माध्यम से स्टाक मार्केट में निवेश करने और धनराशि का तीन गुना ट्रेड करने का लालच देकर, ऑनलाइन ठगी करते थे। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

## खबरें एक नजर में

### शहीद दिवस पर बलिदानियों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**तिलहर-शाहजहांपुर।** शहीद दिवस पर अमर बलिदानियों को विभिन्न संगठनों के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार सुबह भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के युवा जिला अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी ने कार्यकर्ताओं के साथ शहीद कुटी पहुंचकर जनपद के तीन अमर बलिदानियों अशफाक उल्ला खान , पंडित राम प्रसाद बिस्मिल व ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर काकोरी एक्शन कांड के तीनों क्रांतिकारियों के बलिदान को याद करते हुए उनके त्याग और संघर्ष पर चर्चा की गई । उपस्थित लोगों ने कहा कि देश की आजादी और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। भाकियू युवा जिला अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि शहीद दिवस हमें देश के लिए समर्पण और एकता का संदेश देता है। जिसे हर नागरिक को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने ㄓशहीदों अमर रहेंㄓ के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। तदोपरांत सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गेंदनलाल वर्मा, रमेश शर्मा, शकील खान, बदन सिंह यादव, रामेश्वर दयाल, पुनीत राजपूत, विकास राजपूत, बिंदू, चरन लाल आदि लोग मौजूद रहे। उधर सपा नेत्री सुची कश्यप गुप्ता , मोबीन हुसैन ने तमाम कार्यकर्ताओं के साथ अमर बलिदानियों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### कड़ाके की ठंड, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। गिरते तापमान और ठंडी हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है। शुक्रवार को क्षेत्र में मौसम के बदलते मिजाज के कारण ठिठुरन में और वृद्धि दर्ज की गई। गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात क्षेत्र घने कोहरे की चपेट में रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई थी। सुबह होते-होते कोहरा और बढ़ गयालेकिन आसमान से गिर रही ओस की हल्की फुहारों ने ठंड बढ़ा दी। इन फुहारों से वातावरण में नमी बढ़ गई है, जिससे गलन और कप कपी महसूस की जा रही है। तापमान में भारी गिरावट के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हैं। बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर लोग ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते दिखे। सुबह के समय सड़कों पर वाहनों और लोगों की आवाजाही कम रही। सुबह 6 :30 का टेंपरेचर 10 सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। जो लोग काम पर निकले, वे भी गर्म कपड़ों में पूरी तरह ढके हुए थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस बार ठंड काफी अधिक है। कोहरा छंटने के बाद धूप खिलने की उम्मीद थी, लेकिन ओस की फुहारों ने गलन को और बढ़ा दिया है।

### नीलामी आज

**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** क्षेत्र के थाना गढ़िया रंगीन परिसर में कल, 20 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे 20 हरे पेड़ों की नीलामी की जाएगी। यह जानकारी थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने दी। नीलामी में शामिल होने वाले पेड़ों में 9 सीरसा, 1 पीपल, 4 शीशम, 1 सहजन, 1 अमरूद और 4 बकैना के छोटे पेड़ शामिल हैं। यह नीलामी थाना प्रांगण में एक सक्षम कमेटी की उपस्थिति में खुली बोली के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पहले थाना परिसर में आकर इन पेड़ों का निरीक्षण कर सकते हैं। नीलामी के लिए नियम और शर्तें लागू होंगी, जिनकी जानकारी मौके पर दी जाएगी।

# दोस्तों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर समाप्त कर ली जीवन लीला

**मरने से पहले मृतक ने सोशल मीडिया पर वायरल किया अपना वीडियो, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





सिंधौली में एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। जिसमे उसने गांव के दो दोस्ते पर धोखा देने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान सिंधौली के महुआ पाठक के रहने वाले अजय कुमार के रूप में हुई है। शव देखने के बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस फरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। थाना सिंधौली क्षेत्र के महुआ पाठक का रहने वाला 20 साल का अजय कुमार गांव में ही सैलून चलाता था। गुरूवार को उसका परिवार रिश्तेदार के घर गया था। अजय ने पास वाले अपने खाली मकान में कमरे में जाकर साड़ी से फंदाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम जब उसका छोटा भाई नीरज उस मकान की छत के उपर पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था। उसने जैसे तैसे कमरे में झांककर देखा तो उसका शव फंदे पर लटका था। उसके बाद भाई व गांव के कुछ लोगों ने शव को फंदे से उतार लिया। रात में परिवार के लोग घर पहुंचे। जहां उन्होंने अजय का शव देखा। उसके बाद लोगों ने अजय की फेसबुक आईडी को चेक किया तो उस पर अजय ने एक वीडियो मरने से पहले अपलोड किया था। वीडियो आठ मिनट 7 साल सैकेंड का है। जिसमे उसने गांव के रहने वाले दो दोस्तों पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि दोस्तों ने उसकी दुकान पर लोन ले लिया ।फिर उस लोन को वापस नही किया। लोन की अदायगी उसको करना पड़ रही है। उसने अपनी मौत का जिम्मेदार दोनो दोस्तो को बताया है। मृतक पांच भाईयों में चौथे नंबर का था और उसकी दो बहने भी हैं। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है।

**वायरल वीडियो में क्या आरोप लगाए:** आज तुम्हे हम हकीकत बताने जा रहे हैं, प्रियांशु और पुष्कर ने मेरे साथ इतना बड़ा धोखा दिया इतना बड़ा गेम खेला मेरे साथ, दोनो हमसे बोला कि हम तीनो लोग मिलकर ब्याज पर काम करेंगे। उसने मेरे दुकान पर लोन निकलवा लिया। उसने पहले बोला कि जितना पैसा हम पैदा करेंगे वो सब आधा आधा करेंगे। लेकिन उसने हमे एक रुपया नही दिया। हम उससे मांगते भी नही थे, उसने बोला था लास्ट में हिसाब कर देंगे ।अब उससे पैसे मांगे थे, कहा था कि अब हिसाब कर दो। उसने बोला हम हिसाब नही करेंगे । पहले घर पर लोन निकलवाओ फिर हम हिसाब करेंगे। हमने उसको मना कर दिया कि हम घर पर लोन नही निकलवा सकते। तब उसने जान से मारने की धमकी दी। उसने हमे बर्बाद करके छोड़ दिया बताओ हम कहां जाएं क्या करें। इसने मुझे कहीं का भी नही छोड़ा। इसने बहुत पैसा कमाया है। कुछ पैसा हमने ब्याज पर उठवाया था ।जब वहां से वापस नही मिला तो उसने मुझसे बीस पर्सेंट का ब्याज वसूला था ।मैने उसका पैसा उतारने के लिए बहुत कर्जा किया घर का सारा जेवर बेच दिया। दोनो ने मिलकर मेरे उपर दस लाख रुपये का कर्जा कर दिया। पीड़ित ने रोते हुए कहा कि मेरी इन दोनो लोगों की वजह से जान जा रही है।

**यह मेरी लास्ट आवाज:** ये मेरी लास्ट वीडियो है। इन दोनो की वजह से ऐसा करने जा रहे हैं। वो लोग कभी मेरे एटीएम से तो कभी आधार कार्ड से रुपये निकलवाते थे। उसके मेरे पास सुबूत हैं। जो लोग भी मेरी ये वीडियो देख रहा है। इसको इतना शेयर करना कि उनको सजा मिल सके। भगवान प्लीज़ इनको सजा देना। मेरे घर वाले ध्यान रखना, ये लोग अगर पैसे मांगे तो ये वीडियो संभालकर रखना। वीडियो करीब आठ मिनट सात सैकेंड का वायरल हुआ है।

# एडीएम वित्त ने देर रात चीनी मिल का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एडीएम वित्त अरविंद कुमार द्वारा देररात पुवायां चीनी मिल गेट कांटे का औचक निरीक्षण किया गया। मिल गेट एवं यार्ड में किसानों से जड़, पत्ती,अगोला रहित गन्ने की आपूर्ति करने का अनुरोध एडीएम ने किया। साथ ही उत्कृष्ट गन्ने की आपूर्ति करने वाले कृषक सुखलाल को कंबल भेंट कर सम्मानित किया। यार्ड में अलाव, पेयजल एवं प्रसाधन की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का निर्देश देते हुए गन्ना ढुलाई वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाया गया। निरीक्षण के समय जिला गन्ना अधिकारी, गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त, वरिष्ठ निरीक्षक बाट- माप एवं प्रधान प्रबंधक सहित चीनी मिल के अधिकारी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद-अमेठी

पत्रांक- 611/न.पा.प.गौरीगंज/2025-26 | दिनांक- 19 दिसम्बर 2025

(उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम की धारा 304 के अर्न्तगत)

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गौरीगंज जनपद अमेठी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहते है।

अतः उ.प्र. नगर पालिका अधिनियत 1916 की धारा 147 (2) के अर्न्तगत प्रस्तावित नाम परिवर्तन में किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा और तद्नुसार नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्नवत् है-

| क्र. सं. | वार्ड सं. | वार्ड का नाम | मकान संख्या | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति के स्वामी/अध्यासी का नाम | पिता/ पति का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी/अध्यासी का नाम | पिता/पति का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड नं. 01 | जी.जी.आई.सी | 502 A | - | - | कृष्ण कान्त शुक्ल | कदर्प नारायण शुक्ल | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 2. | वार्ड नं. 01 | जी.जी.आई.सी | 21 8 | - | - | विद्या शर्मा | स्व. राम केवल शर्मा | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 3. | वार्ड नं. 11 | बरनाटीकर | 229 | - | - | इश्तियाक अहमद | मो. मुस्तकीम | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 4. | वार्ड नं. 11 | बरनाटीकर | 229 A | - | - | इसरार अहमद | मुस्तकीम | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 5. | वार्ड नं. 15 | असैदापुर | 330 | - | - | सरला पाण्डेय | अमित कुमार पाण्डेय | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 6. | वार्ड नं. 16 | नगरवा | 468 | मो. रफीक | मो. हबीब | अयूब | गफ्फार | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 7. | वार्ड नं. 16 | नगरवा | 31 A | - | - | ओम प्रकाश तिवारी | स्व. हरी प्रसाद | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 8. | वार्ड नं. 16 | नगरवा | 31 B | - | - | राजेश्वर प्रसाद तिवारी | स्व. हरी प्रसाद | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 9. | वार्ड नं. 16 | नगरवा | 148 | - | - | श्यामलली मिश्रा | सतीश कुमार मिश्र | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 10. | वार्ड नं. 18 | बताशा मण्डी | 57 | - | - | राजेश कुमार सिंह | स्व. तेज बहादुर सिंह | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 11. | वार्ड नं 21 | तहसील एरिया | 475 | - | - | संजय कुमार | मुरारीलाल | नामान्तरण/खारिज दाखिल |
| 12. | वार्ड नं. 22 | हनुमान तिराहा | 315 | - | - | राकेश कुमार हरिकेश शुक्ला | रामहेत | नामान्तरण/खारिज दाखिल |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गौरीगंज**
**जनपद-अमेठी**


# पुलिस व सर्विलांस सेल ने वांछित को किया गिरफ्तार

**कलान-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण एंव प्रभारी निरीक्षक थाना कलान के नेतृत्व में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम व चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी एवं अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में थाना कलान व सर्विलांस सेल के संयुक्त टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। 2 नवंबर 2025 को वादिनी द्वारा थाना कलान पर तहरीर देकर अवगत कराया गया कि दिनांक 1 नवंबर 2025 को



पवन पुत्र हृदयराम उर्फ मिस्त्री वर्मा निवासी ग्राम सहवेगपुर थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है । तहरीर के आधार पर थाना कलान पर मुअसं.- 351/25,धारा-137(2) बीएनएस बनाम पवन पुत्र हृदयराम उर्फ मिस्त्री वर्मा पंजीकृत किया गया।मुकदमा उपरोक्त की अपहृता को दिनांक 12 दिसंबर 2025 को बरामद कर पीडिता/अपहृता के बयान व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 87, 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी तथा वांछित अभियुक्त पवन उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। 19 दिसंबर को थाना कलान पुलिस एव सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त पवन उपरोक्त को प्रातः समय करीब 11.00 बजे ग्राम नौगवां तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार गौतम, प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम, उपनिरीक्षक मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल अशोक, कुमार, बलवीर, कांस्टेबल प्रदीप कुमार पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### एसडीएम के आदेश के बावजूद ग्रामीण को नहीं मिला कब्जा, लेखपाल और कानूनगो पर अड़ंगा लगाने का आरोप

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के जलालाबाद क्षेत्र के गांव बुधआना में कोर्ट और उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के आदेश के बावजूद एक ग्रामीण को अपनी जमीन का कब्जा नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित सुबोध पाठक ने आरोप लगाया है कि लेखपाल और कानूनगो कब्जा दिलाने में अड़ंगा लगा रहे हैं। सुबोध पाठक ने बताया कि गांव में गाटा संख्या 94 उनके पिता सतीश चंद्र पाठक के नाम दर्ज है। इस जमीन पर तहसील में बंटवारे का एक मुकदमा चल रहा था, जिसमें उनके पिता के पक्ष में दो-तिहाई हिस्से का निर्णय हुआ था। कोर्ट ने कब्जा हटवाकर मकान निर्माण के निर्देश दिए थे। परंतु हल्का लेखपाल व कानून को उनका कब्जा नहीं दिला रहे हैं और तरह-तरह के बहाने बना रहे हैं खबर शुक्रवार की है।

# बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की मुहिम

ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध को संयुक्त राष्ट्र सहित यूरोप के कई देशों ने समर्थन दिया है। भारत में भी दिल्ली हाईकोर्ट ने अगस्त 2013 में केएन गोविंदाचार्य मामले में आदेश पारित किया था कि नाबालिग बच्चे सोशल मीडिया जॉइन नहीं कर सकते। इस पर कभी अमल नहीं हुआ। इंटरनेट की दुनिया में परिपक्वता के बगैर बच्चों का निर्बाध प्रवेश, सामाजिक ताने-बाने के साथ देश की आर्थिक प्रगति को अवरुद्ध कर सकता है। इससे जुड़े 7 पहलुओं को समझना जरूरी है। ऑनलाइन खतरों से 13 साल से कम उम्र के बच्चों को बचाने के लिए अमेरिका में 1998 में कानून बना था। ऑनलाइन बुलीइंग और सेक्सटॉर्शन स्कैम में फंसे बच्चों की मौत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 2024 में कानून बनाया, जो अब लागू हुआ है। इसके अनुसार 16 साल से कम उम्र के बच्चे टिक-टॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 10 प्लेटफॉर्म जॉइन नहीं कर सकते। कानून का उल्लंघन करने वाली कम्पनियों के खिलाफ 3 अरब रु. का जुर्माना लग सकता है। देश में 18 साल से कम उम्र के नाबालिग बच्चे सिम कार्ड नहीं खरीद सकते और उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिल सकता। बच्चों को गुटखा, शराब आदि हानिकारक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर लेती है। कॉन्ट्रेक्ट एक्ट और डेटा सुरक्षा कानून के अनुसार कम्पनियां बच्चों का डेटा हासिल नहीं कर सकतीं। ऑनलाइन दुनिया में यौन-शोषण और पोर्नोग्राफी से बच्चों को बचाने के खिलाफ भारत में भी अनेक कानून हैं। मेटा का 19: से अधिक राजस्व ठगी और प्रतिबंधित कंटेंट के विज्ञापनों से आ रहा है। मेटा के प्रोजेक्ट मर्करी की रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया से बच्चों की मानसिक सेहत और शैक्षणिक क्षमताओं पर दुष्प्रभाव पड़ता है। टेक कम्पनियों का एक तिहाई कारोबार बच्चों से होता है। नुकसान से बचने के लिए मेटा ने इस रिपोर्ट को दबा दिया, लेकिन वह लीक हो गई। उसके बाद स्कूल, अभिभावक और कई राज्यों ने कैलिफोर्निया की अदालत में मुकदमा दायर किया। तब ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में टेक कम्पनियों के चंगुल से बच्चों को छुड़ाने की मुहिम तेज हुई। ऑस्ट्रेलिया में कक्षा-10 के शैक्षणिक मापदंड में 72: बच्चों के असफल होने की रिपोर्ट के बाद सोशल मीडिया का मामला राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गया। किशोर औसतन 5 घंटे रोज सोशल मीडिया पर बिता रहे हैं। स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के अध्ययन के अनुसार सोशल मीडिया, मीम और एआई चौटबॉट्स ने बच्चों की बोलने और लिखने की क्षमता को बुरी तरह से प्रभावित किया है। उनका मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक भागीदारी और कैरियर प्रभावित हो रहा है। प्रतिबंध के बावजूद बच्चे लॉग-आउट मोड में सोशल मीडिया देख सकते हैं। जेन-जी ने स्नैप-चौट, रेडिट, डिस्कार्ड जैसे सीक्रेट अड्डे तलाश लिए हैं और वे डिजिटल फुटप्रिंट्स को भी नियमित खत्म कर रहे हैं। कई स्मार्ट बच्चे परिवार, दोस्त और अंजान लोगों से सम्पर्क रखने के लिए तीन एकाउंट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। वीपीएन और डार्क वेब की दुनिया में बच्चों को रोकने के लिए कानून से ही काम नहीं चलेगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा है कि नए कानून से ऑनलाइन सुरक्षा मिलने के साथ बच्चों का बचपन वापस आएगा। इस सांस्कृतिक बदलाव को सफल बनाने के लिए उन्होंने समाज के साथ राज्यों के नेताओं का भी धन्यवाद किया है। उन्होंने बच्चों से कहा है कि मोबाइल पर समय बिताने के बजाय वे संगीत सीखें, किताबें पढ़ें, दोस्तों के साथ खेलें और परिवारजनों के साथ अच्छा समय बिताएं। भारत में 18 से कम उम्र के 45 करोड़ बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग को रोकने के लिए वेरिफिकेशन की मांग हो रही है। इसके लिए सेल्फी, आईडी या बायोमैट्रिक इकट्ठा करने की इजाजत मिली तो डेटा के दुरुपयोग से बच्चों की डिजिटल सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस पर पाबंदी लगाने के लिए टेक कंपनियों से जुर्माना वसूलने वाला डेटा सुरक्षा कानून लागू करना होगा। जब तमाम दूसरी हानिकारक चीजों पर प्रतिबंध है तो सोशल मीडिया को भी उसी श्रेणी में क्यों न रखा जाए? संसद भवन में ई-सिगरेट पीने पर विवाद है। दिल्ली समेत दूसरे शहरों में प्रदूषण से रोकथाम के लिए अनेक प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। लेकिन देश के भविष्य बच्चों को ही डिजिटल प्रदूषण से बचाने वाले मानकों पर अमल नहीं हो रहा है।

# भारत की आध्यात्मिक पहचान और पवित्र शहर की अवधारणा



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

भारत को विश्व स्तर पर जिस पहचान ने सबसे अधिक प्रतिष्ठा दिलाई है, वह उसकी आध्यात्मिक चेतना, आस्था- आधारित जीवन-दृष्टि और धर्म, दर्शन व नैतिकता से जुड़ी सांस्कृतिक परंपरा है। प्राचीन काल से ही भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं रहा, बल्कि एक आध्यात्मिक सभ्यता के रूप में विकसित हुआ है, जहाँ जीवन के भौतिक पक्ष के साथ-साथ आत्मिक शुद्धता, संयम और नैतिक अनुशासन को सर्वोच्च स्थान दिया गया। इसी परंपरा के अंतर्गत देश के अनेक शहर, कस्बे और तीर्थ स्थल ऐसे रहे हैं जिन्हें केवल रहने या व्यापार के केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि साधना, सेवा और सामाजिक शुद्धता के प्रतीक के रूप में देखा गया। वर्तमान वैश्विक दौर में जब शहरीकरण, उपभोक्तावाद और नशाखोरी सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रहे हैं, तब पवित्र शहरों की अवधारणा न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक, प्रशासनिक और स्वास्थ्यगत दृष्टि से भी अत्यंत प्रासंगिक हो जाती है। वैश्विक स्तर पर यह देखा जा रहा है कि आधुनिक शहरों में जीवन -शैली से जुड़ी बीमारियाँ, मानसिक तनाव, नशे की लत, अपराध और सामाजिक विघटन तेजी से बढ़ रहा है।ऐसे में भारत जैसे देश से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह अपनी आध्यात्मिक विरासत के आधार पर एक वैकल्पिक शहरी मॉडल प्रस्तुत करे, जहाँ विकास का अर्थ केवल आर्थिक वृद्धि न होकर सामाजिक शुद्धता, नैतिक अनुशासन और सार्वजनिक स्वास्थ्य से भी जुड़ा हो। पवित्र शहर घोषित करने की पहल इसी दिशा में एक ठोस कदम के रूप में देखी जा सकती है। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक भावनाओं की रक्षा करना नहीं, बल्कि स्वच्छ प्रशासन, स्वस्थ समाज और नशा-मुक्त जीवन की ओर सामूहिक यात्रा को संभव बनाना है। पंजाब, जिसकी रूह में भक्ति की महक जिसकी गलियों में गूंजती है गुरु नानक की शिक्षाएं, जहां क़ी मिट्टी में घुली श्रद्धा धार्मिकता सिर्फ पूजा अर्चना तक सीमित नहीं है बल्कि यहां की संस्कृति बोलचाल यहां की पहचान है, गुरुद्वारों की घंटियां और खेतों की हरियालियां जैसे साथ-साथ चलती है वैसे ही पंजाब की जिंदगी में धर्म और श्रद्धा क़ा अद्भुत संगम दिखता है वहां तीन शहरों को पवित्र नगरी का दर्जा मिल गया है,इसी संदर्भ में पंजाब सरकार द्वारा तीन प्रमुख धार्मिक शहरों को पवित्र शहर घोषित होना राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष महत्व रखता है। पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा 25 नवंबर 2025 को की गई घोषणा के बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलने पर सरकार ने औपचारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया, जिससे यह फैसला नीतिगत और प्रशासनिक रूप से प्रभावी हो गया। यह केवल एकप्रतीकात्मक निर्णय नहीं है, बल्कि इसके साथ स्पष्ट नियम, प्रतिबंध जिम्मेदारियाँ और प्रशासनिक ढाँचा भी तय किया गया है। यह तथ्य इसे एक गंभीर और अनुकरणीय मॉडल बनाता है।



साथियों बात अगर कर हम घोषित पवित्र सिटियों की करें तो पंजाब में जिन तीन शहरों को पवित्र शहर का दर्जा दिया गया है, उनमें अमृतसर की वाल्ड सिटी श्री आनंदपुर साहिब औरतलवंडी साबो शामिल हैं। ये तीनों शहर सिख धर्म की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना के केंद्र रहे हैं। अमृतसर की वाल्ड सिटी, जहाँ श्री हरिमंदिर साहिब स्थित है, न केवल सिखों बल्कि पूरी दुनिया के लिए आध्यात्मिक समरसता और सेवा का प्रतीक है। श्री आनंदपुर साहिब खालसा पंथ की स्थापना से जुड़ा हुआ है, जबकि तलवंडी साबो को 'गुरु की काशी' कहा जाता है, जहाँ गुरु गोबिंद सिंह जी ने लंबे समय तक निवास किया। इन शहरों की धार्मिक गरिमा को बनाए रखने के लिए लंबे समय से संगत और धार्मिक संगठनों द्वारा पवित्र शहर घोषित करने की मांग उठाई जाती रही है। सरकार द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार, इन तीनों शहरों में शराब, मांस और तंबाकू सहित सभी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। यह निर्णय केवल धार्मिक अनुशासन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके दूरगामी सामाजिक और स्वास्थ्यगत प्रभाव भी हैं। नशा मुक्तवातावरण से न केवल अपराध और हिंसा में कमी आने की संभावना बढ़ती है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार, पारिवारिक स्थिरता और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई देशों में धार्मिक या सांस्कृतिक महत्व वाले क्षेत्रों में ऐसे प्रतिबंध देखने को मिलते हैं, परंतु भारत जैसे विशाल और विविध देश में इस प्रकार का स्पष्ट और व्यापक निर्णय विशेष महत्व रखता है।पंजाब सरकार का दावा है कि यह फैसला संगत की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है। इसके साथ ही सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पवित्र शहर घोषित होने के बाद इन क्षेत्रों में सफाई, सुरक्षा, विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएँ लागू की जाएँगी। यह पहल यह दर्शाती है कि सरकार पवित्रता को केवल निषेधात्मक नीति के रूप में नहीं, बल्कि सकारात्मक विकास मॉडल के रूप में देख रही है। स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना, भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक कंट्रोल को बेहतर बनाना, ऐतिहासिक गलियों और धार्मिक मार्गों का सौंदर्यीकरण करना, ये सभी कदम धार्मिक पर्यटन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

> सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पवित्र शहरों में अब शराब, मांसाहारी वस्तुएँ, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले आयोजनों, पोस्टरों या गतिविधियों पर भी रोक लगेगी। यह निर्णय सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक सम्मान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने, अव्यवस्थित पार्किंग और भीड़ बढ़ाने वाले व्यवहार पर सख्ती करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पवित्र शहर केवल नाम के नहीं, बल्कि व्यवहार और व्यवस्था के स्तर पर भी पवित्र दिखें। महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने यह संतुलन भी बनाए रखा है कि दैनिक जरूरतों से जुड़ी सेवाओं पर कोई अनावश्यक रोक न लगे। फल- सब्जी दूध, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं होगा। धार्मिक कार्यक्रमों, संगत के आवागमन और स्थानीय निवासियों की सामान्य दिनचर्या पर भी कोई रोक नहीं लगाई गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पवित्र शहर की अवधारणा को जीवन-विरोधी नहीं, बल्कि जीवन-संवर्धक दृष्टि से लागू किया जा रहा है। आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता और आवाजाही की स्वतंत्रता बनाए रखना इस नीति की व्यावहारिकता को दर्शाता है।

साथियों बात अगर हम पवित्र शहर घोषित होने के प्रभाव की करें तो, पवित्र शहरों में अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने की बात भी इस नीति का एक अहम पक्ष है। अक्सर देखा गया है कि धार्मिक स्थलों के आसपास अवैध पार्किंग, अतिक्रण, अनधिकृत दुकानों और दलालों की गतिविधियाँ बढ़ जाती हैं, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा होती है और धार्मिक वातावरण भी प्रभावित होता है। सरकार द्वारा इन गतिविधियों पर सख्ती का संकेत यह दर्शाता है कि पवित्र शहरों की अवधारणा को केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि प्रशासनिक अनुशासन से भी जोड़ा जा रहा है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पवित्र शहरों में अब शराब, मांसाहारी वस्तुएँ, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके साथ ही धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले आयोजनों, पोस्टरों या गतिविधियों पर भी रोक लगेगी। यह निर्णय सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक सम्मान की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने, अव्यवस्थित पार्किंग और भीड़ बढ़ाने वाले व्यवहार पर सख्ती करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पवित्र शहर केवल नाम के नहीं, बल्कि व्यवहार और व्यवस्था के स्तर पर भी पवित्र दिखें। महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने यह संतुलन भी बनाए रखा है कि दैनिक जरूरतों से जुड़ी सेवाओं पर कोई अनावश्यक रोक न लगे। फल- सब्जी दूध, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं होगा। धार्मिक कार्यक्रमों, संगत के आवागमन और स्थानीय निवासियों की सामान्य दिनचर्या पर भी कोई रोक नहीं लगाई गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पवित्र शहर की अवधारणा को जीवन-विरोधी नहीं, बल्कि जीवन-संवर्धक दृष्टि से लागू किया जा रहा है। आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता और आवाजाही की स्वतंत्रता बनाए रखना इस नीति की व्यावहारिकता को दर्शाता है। साथियों बात अगर हम जारी किए गए नोटिफिकेशन की करें तो, इस नोटिफिकेशन की एक विशेषता यह भी है कि इसमें विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियाँ स्पष्ट रूप से तय की गई हैं। ओवरऑल मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी जिले के डिप्टी कमिश्नर को सौंपी गई है, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित होती है। एक्साइज विभाग को निर्देश दिया गया है कि इन तीनों शहरों में शराब और उससे संबंधित उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाए। यह विभागीय जिम्मेदारी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शराब बिक्री से जुड़े हित अक्सर मजबूत होते हैं और बिना स्पष्ट आदेश के प्रतिबंध प्रभावी नहीं हो पाते। सेहत विभाग को सिगरेट, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री एवं उपयोग पर प्रतिबंध के आदेश जारी करने के लिए कहा गया है। इससे यह संदेश जाता है कि सरकार नशा-मुक्ति को केवल नैतिक या धार्मिक मुद्दा नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रश्न के रूप में देख रही है। पशुपालन विभाग को मांस और उससे संबंधित उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लागू कराने की जिम्मेदारी दी गई है, जो इस नीति के बहु-विभागीय स्वरूप को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त अमृतसर, रोपड़ और बठिंडा के डिप्टी कमिश्नरों को अपने-अपने जिलों में पवित्र शहर के तय मानदंडों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजाब का यह मॉडल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल राज्य-स्तरीय निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनाए जाने योग्य एक नीति-ढाँचा प्रस्तुत करता है। भारत में काशी, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, उज्जैन, द्वारका, पुरी, तिरुपति और मदुरै जैसे अनेक शहर हैं, जहाँ धार्मिक आस्था और जनजीवन गहराई से जुड़ा हुआ है। यदि पंजाब मॉडल की तरह स्पष्ट नियमों, विभागीय जिम्मेदारियों और संतुलित प्रतिबंधों के साथ इन शहरों को पवित्र शहर के रूप में विकसित किया जाए, तो इससे न केवल धार्मिक गरिमा की रक्षा होगी, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक अनुशासन को भी मजबूती मिलेगी।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखेंनें की करें तो, यह मॉडल भारत की सॉफ्ट पावर को भी सुदृढ़ करता है।जब दुनियाँ भारत को केवल आर्थिक या तकनीकी शक्ति के रूप में नहीं, बल्कि एक नैतिक और आध्यात्मिक नेतृत्व देने वाले देश के रूप में देखेगी, तो उसकी वैश्विक छवि और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि श्रद्धालु और पर्यटक ऐसे शहरों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं, जहाँ स्वच्छता, सुरक्षा और सांस्कृतिक अनुशासन सुनिश्चित हो।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि पंजाब द्वारा तीन पवित्र शहर घोषित करने का निर्णय केवल एक राज्य की नीति नहीं,बल्कि भारत की आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक प्रशासनिक ढाँचे के साथ जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयोग है। यह प्रयोग दिखाता है कि आस्था और विकास एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। यदि इसे संवेदनशीलता, सख्ती और संतुलन के साथ लागू किया गया, तो यह मॉडल न केवल पूरे देश के लिए, बल्कि विश्व के उन समाजों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है, जो आधुनिकता और आध्यात्मिकता के बीच सामंजस्य की तलाश में हैं।

## विचार

# भाजपा की राजनीति युवा कंधों पर, कांग्रेस में परिवारवाद व वरिष्ठता हावी



अजय कुमार

राहुल गांधी जब भी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं, तो ऐसा आभास देते हैं मानो अगला प्रधानमंत्री बनना अब बस औपचारिकता भर रह गया हो। लेकिन सियासत भावनाओं से नहीं, आंकड़ों और नतीजों से चलती है। 2014, 2019 और 2024 तीन लोकसभा चुनाव बीत चुके हैं और तीनों में जनता ने राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया। इसके बावजूद वे उसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते दिखते हैं। राजनीति में रिटायरमेंट की कोई तय उम्र नहीं होती, लेकिन लोकतंत्र में जनता बार-बार किसी नेता को नकार दे, तो वह खुद एक बड़ा संकेत होता है। राहुल गांधी आज 55 वर्ष के हैं। अगर वे किसी सरकारी या गैर-सरकारी संस्था में होते, तो अगले पाँच साल में रिटायरमेंट की तैयारी शुरू हो जाती। राजनीति में वे रिटायर नहीं होंगे, लेकिन उनके सामने जो खतरे खड़े हो रहे हैं, वे अब नजरअंदाज करने लायक नहीं रहे। राहुल गांधी के स्वभाव और राजनीतिक शैली पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। नकारात्मक राजनीति उनके भाषणों का स्थायी हिस्सा बन चुकी है। कभी चौकीदार चोर है, कभी वोट चोर, कभी गद्दी छोड़ हर चुनाव के बाद नया नारा, लेकिन नतीजा वही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार उन्हें हर हाल में चोर ही नजर आती है। समस्या यह नहीं कि वे सवाल उठाते हैं, समस्या यह है कि जनता को उनके सवालों में समाधान नहीं दिखता। विपक्ष की भूमिका निभाने और वैकल्पिक नेतृत्व देने के बीच जो फर्क होता है, राहुल गांधी आज भी उसी रेखा को नहीं पकड़ पाए हैं।

बीते महीनों में कांग्रेस के भीतर से ही जो आवाजें उठी हैं, वे राहुल गांधी की राजनीति के लिए नए खतरे का संकेत देती हैं। ओडिशा के पूर्व विधायक मोहम्मद मोकीम का पत्र कोई मामूली घटना नहीं थी। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस युवाओं से कटती जा रही है और नेतृत्व में बदलाव की जरूरत है। इसी पत्र में उन्होंने राहुल गांधी पर भी इशारों-इशारों में कहा कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं से कनेक्ट नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस ने आत्ममंथन करने के बजाय मोकीम को निष्कासित कर दिया। यह वही पुरानी कांग्रेस है, जो आईना दिखाने वालों को बाहर का रास्ता दिखा देती है। इंडिया गठबंधन के भीतर भी राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर असहजता अब खुलकर दिखने लगी है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वोट चोरी के आरोपों को सार्वजनिक तौर पर खारिज कर दिया। ममता बनर्जी लोकसभा चुनाव के बाद ही नेतृत्व परिवर्तन की बात कह चुकी हैं। शरद पवार, अखिलेश यादव और लालू यादव जैसे नेता भी निजी बातचीत में यही संकेत देते रहे हैं कि कांग्रेस को अब आत्मकेंद्रित राजनीति छोड़नी होगी। सवाल साफ है अगर अपने ही सहयोगी राहुल गांधी पर भरोसा नहीं कर पा रहे, तो देश कैसे करेगा?

राहुल गांधी खुद को युवाओं का नेता बताने की कोशिश करते हैं। वे जेन-जी की बात करते हैं, आंदोलन की वकालत करते हैं, सोशल मीडिया पर युवाओं को संबोधित करते हैं। लेकिन 2029 में जब अगला लोकसभा चुनाव होगा, तब राहुल गांधी 59 वर्ष के होंगे। जेन-जी वह पीढ़ी है, जिसकी उम्र आज 13 से 28 वर्ष के बीच है। यह मान लेना कि 60 के करीब पहुंचा नेता किशोरों और



युवाओं की मानसिकता का नेतृत्व करेगा, सियासत की हकीकत से आंख चुराने जैसा है। युवाओं को केवल भाषण नहीं चाहिए, उन्हें अवसर, नेतृत्व और भविष्य की स्पष्ट तस्वीर चाहिए जो कांग्रेस आज तक नहीं दे पाई। इसके उलट भारतीय जनता पार्टी ने साफ तौर पर युवा नेतृत्व की ओर शिफ्ट करना शुरू कर दिया है। दिसंबर 2025 में बिहार के मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना सिर्फ एक नियुक्ति नहीं है, यह एक राजनीतिक संदेश है। भाजपा ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य की राजनीति युवाओं के कंधों पर लड़ी जाएगी। संगठन से लेकर सरकार तक, 50 से 55 वर्ष की उम्र के नेताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है। योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फडणवीस, पुष्कर सिंह धामी, मोहन यादव ये सभी चेहरे दिखाते हैं कि भाजपा लंबी राजनीतिक पारी की तैयारी कर रही है।

कांग्रेस की हालत इसके ठीक उलट है। सचिन पायलट जैसे नेता सालों से इंतजार में हैं। कर्नाटक में डीके शिवकुमार आज भी मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं। शशि थरूर को लोकप्रियता के बावजूद किनारे रखा गया। कन्हैया कुमार जैसे नेता इस्तेमाल से ज्यादा उपेक्षा के शिकार हुए। नतीजा यह हुआ कि ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, जयवीर शेरगिल जैसे युवा चेहरे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए। कांग्रेस आज भी वरिष्ठता और परिवारवाद की दीवार में उलझी हुई है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को युवा चेहरा कहा जाता है, लेकिन पार्टी के भीतर अंतिम फैसले आज भी सोनिया गांधी के इर्द-गिर्द घूमते हैं। कर्नाटक संकट हो या संगठनात्मक फेरबदल, आखिरी नजर उन्हीं पर जाती है। यह स्थिति उस पार्टी की है, जो खुद को लोकतंत्र की संरक्षक बताती है।

कांग्रेस का अंदरूनी कलह उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। हरियाणा और दिल्ली में आम आदमी पार्टी से टकराव, बिना सहयोगियों को भरोसे में लिए राष्ट्रीय रैलियां, गठबंधन धर्म की अनदेखी ये सब राहुल गांधी की राजनीतिक समझ पर सवाल खड़े करते हैं। विपक्ष को जोड़ने का दावा करने वाले नेता के कदम अगर खुद बिखराव पैदा करें, तो खतरा स्वाभाविक है। सबसे बड़ा खतरा उम्र नहीं, बल्कि समय से तालमेल न बैठा पाना है। भाजपा जहां युवाओं को आगे कर रही है, वहीं कांग्रेस बूढ़ों की फौज बनती जा रही है। राहुल गांधी चाहे जितना युवा दिखने की कोशिश करें, सच्चाई यही है कि पांच साल बाद वे भी उसी कतार में होंगे, जिसकी ओर मोकीम ने अपने पत्र में इशारा किया था। भारतीय राजनीति अब धैर्य नहीं, दिशा मांगती है। जनता को सपना नहीं, रोडमैप चाहिए। राहुल गांधी आज भी संघर्ष और शिकायत के बीच फंसे हुए हैं। अगर यही रफ्तार रही, तो आने वाले सालों में उनके लिए सबसे बड़ा खतरा विरोधी नहीं, बल्कि समय साबित होगा।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार पत्रकार हैं।*

## साहित्य



# खोया हुआ बचपन

**योगेंद्र पांडेय**

शहर के गगनचुम्बी इमारतों से
झांकता हुआ एक बच्चा
देखना चाहता है
उगता हुआ सूरज।

ये बड़ी बड़ी इमारतें
ढक रखे हैं
आसमान को,
कई दिनों तक
नहीं दिखता है
पूरब का क्षितिज।

तरसती हैं आंखे
देखने के लिए
प्रात के सूरज की
लालिमा लिए
मधुर मुस्कान।





# राशिफल

**मेषः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखें।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# हजारों करोड़ के कोडीन रैकेट पर सियासी संग्राम



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर तेज बयानबाज़ी और आरोप-प्रत्यारोप के दौर में प्रवेश कर चुकी है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र से ठीक पहले कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव आमने-सामने आ गए हैं। मामला सिर्फ नशीली दवाओं की तस्करी तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसमें राजनीतिक संरक्षण, माफिया नेटवर्क और हजारों करोड़ के अवैध कारोबार के आरोप जुड़ने के बाद यह एक बड़े सियासी संघर्ष का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया से बातचीत में इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सक्रिय रहे अधिकांश माफियाओं के तार किसी न किसी रूप में सपा से जुड़े रहे हैं और कोडीन कफ सिरप तस्करी के मामले में पकड़े गए कुछ अभियुक्तों के संबंध भी समाजवादी पार्टी से सामने आए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच अभी जारी है और अंतिम निष्कर्ष उसी के बाद सामने आएगा, लेकिन प्रारंभिक तथ्यों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उनका कहना था कि जब अभियुक्तों के साथ राजनीतिक नेताओं की तस्वीरें सामने आती हैं, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। योगी आदित्यनाथ ने शायराना अंदाज़ में सपा नेतृत्व पर तंज कसते हुए कहा कि धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करते रहे। उनके इस बयान को सीधे तौर पर अखिलेश यादव पर कटाक्ष के रूप में देखा गया। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। सरकार किसी भी दोषी को बख्शने के मूड में नहीं है, चाहे उसका संबंध किसी भी दल या प्रभावशाली व्यक्ति से क्यों न हो। मुख्यमंत्री के बयान के कुछ ही समय बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार पर निशाना साधा। बिना मुख्यमंत्री का नाम लिए उन्होंने शायरी के माध्यम से पलटवार किया और आरोप लगाया कि जब खुद फंस जाओ तो दूसरे पर इल्ज़ाम लगाओ। अखिलेश यादव के इस बयान को सरकार के आरोपों का सधा हुआ जवाब माना गया। सपा नेताओं का कहना है कि सरकार अपनी नाकामियों और प्रशासनिक विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष को निशाना बना रही है।

कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप का यह मामला इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि यह सीधे तौर पर एनडीपीएस अधिनियम से जुड़ा हुआ है। कोडीन एक नियंत्रित औषधि है, जिसका उपयोग सीमित मात्रा में और निर्धारित चिकित्सकीय जरूरतों के लिए किया जाता है। सरकार का कहना है कि हाल के वर्षों में इसका बड़े पैमाने पर नशे के रूप में दुरुपयोग हुआ है। जांच एजेंसियों के मुताबिक उत्तर प्रदेश के वाराणसी, जौनपुर, लखनऊ, गाजियाबाद और सोनभद्र जैसे जिलों में एक संगठित नेटवर्क सक्रिय था, जो फर्जी लाइसेंस, शेल कंपनियों और जाली दस्तावेजों के जरिए कफ सिरप की अवैध सप्लाई कर रहा था।सरकारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 37 लाख से अधिक बोतलों की अवैध बिक्री का पता चला है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 57 करोड़ रुपये बताई जा रही है, जबकि पूरे सिंडिकेट का कारोबार लगभग 2,000 करोड़ रुपये तक आंका जा रहा है। यह सिरप उत्तर प्रदेश से बिहार, पश्चिम बंगाल और सीमा पार तक भेजा जा रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि शराबबंदी वाले राज्यों में इसकी मांग अधिक थी, जहां इसे नशे के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। इस रैकेट का मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल बताया जा रहा है, जो कथित तौर पर वाराणसी का एक साधारण मेडिकल सप्लायर था, लेकिन कुछ ही वर्षों में उसने अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क खड़ा कर लिया। जांच एजेंसियों के अनुसार कोरोना काल के दौरान उसने इस अवैध कारोबार को तेजी से फैलाया। शुभम पर आरोप है कि उसने फर्जी फर्मों के जरिए हिमाचल प्रदेश की फैक्ट्रियों से कफ सिरप मंगवाया और फिर उत्तर प्रदेश में गुप्त गोदामों के माध्यम से इसकी तस्करी कराई। फिलहाल वह फरार है और उसके दुबई में छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। सरकार ने इस पूरे मामले की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय विशेष जांच टीम का गठन किया है, जिसमें यूपी पुलिस, एसटीएफ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच शुरू कर दी है। अब तक 12 से अधिक दवा कारोबारियों पर केस दर्ज किए जा चुके हैं और कई ठिकानों पर छापेमारी की गई है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध कमाई से बनाई गई संपत्तियों को चिन्हित कर कुर्की की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। इस पूरे विवाद के बीच विधानसभा का शीतकालीन सत्र भी राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सत्र 19 दिसंबर से शुरू होकर 24 दिसंबर तक चलेगा और इसमें जनहित, विकास और विधायी कार्यों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। हालांकि पहले दिन एक सदस्य के आकस्मिक निधन के कारण शोक प्रस्ताव के चलते कार्यवाही सीमित रहेगी। इसके बावजूद माना जा रहा है कि कोडीन कफ सिरप तस्करी का मुद्दा सदन के भीतर और बाहर तीखी बहस का केंद्र बनेगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मामला आने वाले समय में 2027 के विधानसभा चुनावों की राजनीति को भी प्रभावित कर सकता है। एक ओर योगी सरकार इसे नशामुक्त प्रदेश की मुहिम और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तौर पर पेश कर रही है, वहीं समाजवादी पार्टी इसे राजनीतिक प्रतिशोध और विपक्ष को बदनाम करने की कोशिश बता रही है। फिलहाल जांच एजेंसियों की कार्रवाई जारी है और पूरे प्रदेश की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच के निष्कर्ष किस ओर इशारा करते हैं।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### चलती लाइन में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी कर ले गए चोर



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के इमिलिया थोक की सप्लाई के लिए रखे मुख्य ट्रांसफार्मर से बीती रात अज्ञात चोर चलती लाइन में ट्रांसफार्मर काटकर उसके अंदर का सामान चोरी कर ले गए। जिससे पूरे मोहल्ले की आपूर्ति बाधित हो गई। साथ ही बिजली विभाग को लाखों रुपये की क्षति हुई है। सुबह ट्रांसफार्मर के पास बिखरे सामान को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ चोरों के इस कारनामे पर हैरतमंद थी। स्थानीय निवासियों व वार्ड सभासद सुमित वर्मा ने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे अचानक विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। लोगों ने इसे विद्युत फॉल्ट समझा लेकिन सुबह तक लाइट न आने पर जब ट्रांसफार्मर के पास गए तो ट्रांसफार्मर का कटा फटा सामान बिखरा पड़ा था। साथ ही ट्रांसफार्मर के अंदर का कीमती सामान गायब था। जिसकी सूचना सभासद ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी एमपी सिंह को दी और पूरी घटना से अवगत कराया। चोरों के इस कारनामे से जहां विद्युत विभाग को लाखों की क्षति हुई है वहीं ग्रामीण विद्युत आपूर्ति न मिल पाने से पेयजल आदि समस्या से जूझ रहे हैं। उपखंड अधिकारी ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है। जल्द ही दूसरा ट्रांसफार्मर मंगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जायेगी

### ई रिक्शा पलटने से बाइक सवार दो लोग सहित आठ से ज्यादा लोग घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र में हुई ई रिक्शा पलटने व बाइक दुर्घटना में घायल दो बृद्ध समेत आधा दर्जन से अधिक घायलों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसका प्राथमिक इलाज कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम माचा निवासी सरदार खान 65 पुत्र मंजूर खान, इमरान 16 मोहम्मद अली व अनवर अली 16 पुत्र मुनीर अली माचा से ई-रिक्शा में बैठकर मौदहा आ रहे थे तभी सिलौली के समीप संतुलन बिगड़ने से ई रिक्शा सड़क पर पलट गया जिससे इसकी चपेट में आकर सड़क किनारे खड़े अखिलेश 27 पुत्र नत्थू व सुमित 15 पुत्र बलराम निवासीगण सिलौली घायल हो गए। सभी घायलों को लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया। वहीं कपसा मार्ग पर ग्राम भैंस्ता निवासी ई रिक्शा चालक मातादीन 60 पुत्र झूरी लाल ने बाइक सवार सत्यम 18 पुत्र राम सहाय शिवम 18 पुत्र सुरेश निवासी गाना खैरी की बाइक में टक्कर मार उन्हें घायल कर दिया। टक्कर मारने के बाद ई रिक्शा भी पलट गया जिस पर तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद सभी की हालत पहले से बेहतर है।

### गौशाला में पशुओं को ठंड से बचने को तिरपाल की व्यवस्था की

**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के भौली गांव स्थित गौशाला में गौ सेवकों ने जाकर गौवंश के खान पान व रखरखाव की व्यवस्था को देखा। तथा पशुओं को ठंड से बचाव के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था का अवलोकन किया। क्षेत्र के भौली गांव स्थित गौवंश के रखरखाव की व्यवस्था को देखने के लिए गौसेवक टीम ने गांव जाकर चारा, भूसा तथा पशुओंको ठंड से बचाव के लिए की गई व्यवस्था का अवलोकन किया । तथा पशुओं को ठंड से बचाव के लिए टीन शेड में चारों तरफ तिरपाल की व्यवस्था की गई है। तथा सुबह शाम अलाव की व्यवस्था की जा रही है। तथा पशुओं को खानपान की व्यवस्था नियमित की जा रही है। इस अवसर पर गौसेवक हीरू सिंह चौहान, संजय बाबा, छोटा सिंह,शिवम सिंह आदि मौजूद रहे।

### काकोरी कांड के शहीदों को नमन कर दी श्रद्धांजलि

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह सही मायने में मातृभूमि के मतवाले थे। आजादी के संघर्ष के लिए धन की आवश्यकता पर काकोरी में ट्रेन में लूटने का दस देशभक्तों ने प्लान बनाया था, और 9 अगस्त 1925 को काकोरी स्टेशन में ट्रेन को लूटने में क्रांतिकारियों को लगभग छः हजार रुपए मिले। बाद में सभी क्रांतिकारी अलग अलग स्थानों से पकड़े गए। 40 क्रांतिकारियों पर मुकदमा चलाकर अंग्रेजों ने कई देशभक्तों को अलग अलग तरह की सजायें दी। इसी क्रम में 19 दिसम्बर 1927 को बिस्मिल, अशफाक और रोशन सिंह को फांसी पर लटका दिया गया। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, रिचा, रामनरायन सोनकर, विकास, प्रेम, सागर, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

### बांट-माप निरीक्षक को एचयूएल के कांटों में नहीं मिले टेस्टिंग बांट, विभाग ने नोटिस भेजे जाने की तैयारी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** उद्योग नगरी में संचालित बहुराष्ट्रीय कंपनी एचयूएल में बांट माप निरीक्षक को निरीक्षण में कांटों में टेस्टिंग बांट नहीं मिले। इस पर विभाग ने नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। जिला बांट माप निरीक्षक शशिपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने नवंबर माह में बहुराष्ट्रीय कंपनी एचयूएल का निरीक्षण किया था। कंपनी के अंदर लगे कांटों की क्षमता के मुताबिक नियमानुसार एक चौथाई बांट अलग से मौके पर मौजूद होने चाहिए। निरीक्षण में कंपनी के किसी भी कांटे पर यह नहीं मिले। इन बांटों को जरूरत पड़ने पर टेस्टिंग के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। निरीक्षण के उपरांत अब विभाग कंपनी को नोटिस जारी करके जवाब मांगने की तैयारी में है। बांट माप निरीक्षक शशि पाल सिंह ने बताया कि नोटिस तैयार हो गया है। जल्द ही इसको कंपनी को भेजा जाएगा। जवाब मिलने के बाद कंपनी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बांट माप निरीक्षक का दावा है कि कंपनी नियमों का उल्लंघन करके कार्य कर रही है। इस संबंध में जब कंपनी के अधिकारियों से संपर्क का प्रयास किया गया, तो किसी ने फोन नहीं रिसीव किया। इस वजह से कंपनी का पक्ष नहीं मिल सका है।

### वार्ड संख्या दो के एक परिवार को नहीं मिले एसआईआर फॉर्म

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या दो के एक परिवार को आज तक एसआईआर फॉर्म नहीं मुहैया कराये गये। साथ ही बीएलओ परिवार के सदस्यों का फोन भी नहीं उठा रहे हैं। साथ ही बूथ पर भी नहीं मिलते हैं। इससे यह परिवार परेशान हैं।विकासखंड कार्यालय के समीप रहने वाले दिनेश कुमार उर्फ नत्थू साहू ने बताया कि वह 2003 से मतदाता है। उसके परिवार में पत्नी मंजू, भाई अशोक कुमार, भाभी गोमती, भतीजे अनुज साहू मतदाता है। उन्हें आज तक बीएलओ ने एसआईआर फॉर्म नहीं दिया है। साथ ही बीएलओ फोन भी नहीं उठा रहा है। उसने बूथ में जाकर कई बार देखा लेकिन बीएलओ बूथ में भी नहीं मिले हैं। इस वजह से वह फॉर्म भरने से अभी तक वंचित हैं।वार्ड संख्या दो के बीएलओ आलोक कुमार ने बताया कि उन्हें इस परिवार के बारे में कुछ नहीं पता है। फोन उठाने का आरोप निराधार है। जानकारी हुई है वह शनिवार को परिवार से मिलकर समस्या का समाधान करेंगे।

### रिजेक्टड बीमा पॉलिसी के अभिलेखों को तहसील से सत्यापित कराकर जमा करें किसान: जिलाधिकारी



**महोबा।** मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में खरीफ 2025 की रिजेक्टेड बीमा पॉलिसी के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) कुंवर पंकज, उप कृषि निदेशक,जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रबन्धक इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लि0, महोबा एवं किसानों ने प्रतिभाग किया। बैठक में जनपद के विभिन्न ग्रामों से 51 किसान अपने अभिलेखों के साथ उपस्थित हुए, जिसके अभिलेखों को जांचा गया, इन अभिलेखों को तहसील से सत्यापन उपरान्त पॉलिसी एप्रूव कराने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। बैठक में बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 51048 आवेदनों में अभिलेख गलत होने, सही अभिलेख पोर्टल पर अपलोड न किये जाने एवं अन्य कारणों से रिजेक्ट कर दिया गया है। जिसमें उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जिन किसानों की पॉलिसी विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुई हैं वह किसान दिनांक 30.12.2025 तक बीमा पॉलिसी से सम्बन्धित आवश्यक अभिलेख तहसील से सत्यापन कराकर कार्यालय उप कृषि निदेशक राठ रोड, महोबा अथवा बीमा कम्पनी के कार्यालय वात्सल्य क्लीनिक के पास महोबा में जमा करें। सत्यापन में सही पाई गयी बीमा पॉलिसियों को बीमा कम्पनी से एप्रूव कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि बीमा कम्पनी द्वारा अभिलेखों की तहसीलों से जॉच कराकर बीमा पॉलिसी को एप्रूव करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये।

# सत्र न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने जिला कारागार का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिला कारागार में सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार राय, जिला मजिस्ट्रेट घनश्याम मीणा, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा जिला कारागार का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार के पुरुष एवं महिला बैरकों, कारागार चिकित्सालय, पाकशाला इत्यादि का भ्रमण कर बन्दियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाएँ, भोजन व्यवस्था इत्यादि की जाँच की गई, तथा बन्दियों से संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार की सफाई व्यवस्था एवं कारागार स्तर से बन्दियों को विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों में में दिये गये प्रशिक्षण पर निरीक्षणकर्ता अधिकारीगण द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जरुरमन्द बन्दियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने एवं सुधारात्मक गतिविधियों को निरन्तर जारी रखने के निर्देश प्रदान किये गये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर आनन्द सिंह, डिप्टी जेलर देवेन्द्र कुमार दूबे, शिखर, सरला देवी एवं अन्य कारागार अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी को जल सप्लाई को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मौदहा हमीरपुर।** एक माह से झेल रहे पेय जल संकट से आहत होकर उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौप पेय जल की सप्लाई बहाल करने की जोरदार मांग की है। क्षेत्र के रीवन गांव निवासियों ने उप जिला अधिकारी करनवीर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया है कि एक माह से पीने का पानी गांव में नहीं आ रहा है। जिससे सभी ग्रामवासी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे गहबरा चौकी में स्थित ट्यूबवेल से गांव के लिए पानी सप्लाई होता है जिसकी मोटर जल जाने से सप्लाई बाधित है यह भी बताया है कि वहां जो कर्मचारी रहता है वह वेतन भोगी है उसका वेतन समय से न मिलने के कारण मोटर भरकर समय से नहीं दे रहा है। जिससे सप्लाई नहीं मिल पा रही है। अति शीघ्र पानी की सप्लाई बहाल करने की जोरदार मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामकिशन, अजय, राम भरोसी, जय मिलन, मोहित, बलवंत, मूलचंद, राकेश, रामसागर, कृष्ण गोपाल व बृजराज एक दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।

# रघुनन्दन सिंह आईटीआई के रोजगार मेले में 121 छात्रों का हुआ चयन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिला सेवायोजन कार्यालय एवं रघुनन्दन सिंह आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में हमीरपुर मुख्यालय स्थित रघुनन्दन सिंह आईटीआई में आज दिनांक 19 दिसम्बर 2025 को रोजगार मेले का आयोजन हुआ जिसमें 141 छात्र शमिल हुये जिसमें 121 छात्रों का चयन हुआ। जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन कानपुर के 12, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस हमीरपुर में 10, केजीबीएस इंडिया प्रा.लि. गुडगांव में 20, बुटार मैनपावर सॉल्यूशन प्रा.लि. गौतमबुध नगर में 21, डिक्सॉन टेक्नोलॉजी प्रा.लि. नोएडा में 16 मैक्सओप इंजीनिरिंग प्रा.लि. जयपुर में 15, एडुवेन्टज प्रा.लि. दिल्ली में 14, एवं सोनाटा माइको केडिट प्रा.लि. में 13 कुल 121 छात्रों का चयन हुआ। मैक्सओप इंजीनिरिंग प्रा.लि. जयपुर कम्पनी जिसने रघुनन्दन सिंह आईटीआई के छात्रों का एक्जाम तथा साक्षात्कार में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुये चयन किया। कम्पनी के एचआर प्रवीण यादव ने बतलाया कि हम सम्पूर्ण देश से छात्रों को ले रहे है परन्तु सीबीटी परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र इस संस्थान में सबसे अधिक संख्या में मिले है। कम्पनी ने संस्थान की लैब वर्कशाप प्रशिक्षण इत्यादि को देखते हुये प्रत्येक वर्ष छात्रों को लेने का निश्चिय किया है। डिक्सॉन टेक्नोलॉजी के अधिकारी दीपक कुमार ने बतलाया कि आजकल एनसीवीटी पोर्टल से सभी आईटीआई की जानकारी मिल जाती है हम उन्ही आईटीआई में जा रहे है जिनकी ग्रेड़िग 8 से ऊपर पायी गयी इसी आधार पर कम्पनी द्वारा इस संस्थान को चुना गया तथा यहाँ पर आकर हमे राष्ट्रीय स्तर की सुविधाये तथा शिक्षण व्यवस्था पायी।

संस्थान के प्रधानाचार्य द्रवेश जी ने बतलाया कि इस बार दूसरे आईटीआई के छात्रों को भी रोजगार मेले में सम्मलित करने का अवसर दिया था जिसमें बांदा कानपुर, कानपुर देहात, महोबा, औरैया से भी लगभग 141 छात्रों ने भाग लिया जिनमें से 121 छात्रों को रोजगार मिला। जलौन, कानपुर देहात से आये कुछ छात्रों को रोजगार मिलने पर खुशी से गदगद होते हुये कहा कि सरकारी आईटीआई अथवा कानपुर की प्राइवेट आईटीआई से कोर्स किये हुये दो वर्ष से अधिक हो गये थे । आज रघुनन्दन सिंह आईटीआई की वजह से मुझे रोजगार प्राप्त हुआ मैं आशा करता हूँ कि रघुनन्दन सिंह आईटीआई इसी तरह से रोजगार मेले लगा कर सभी छात्रों को रोजगार प्रदान करती रहे। संस्थान के प्रधानाचार्य देवेश कुमार ने बतलाया कि 2020 से 2025 तक के जो भी छात्र रोजगार नही पा पाये या किसी कारण वश नौकरी छोड़कर घर में है उन सभी को नौकरी दिलवाने का लक्ष्य है। जो छात्र आज रोजगार मेले में प्रतिभाग नहीं ले पाये है वो छात्र परेशान न हो संस्थान आकर सम्पर्क करें उन्हे रोजगार ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा दिलवाया जायेगा।

## जिला प्रोवेशन अधिकारी द्वारा 100 दिवशीय बाल विभा मुक्ति अभियान चलाया गया



**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी, द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, के स्तर से आज दिनांक 19 दिसम्बर, 2025 को 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत थीम पर विशेष अभियान चलाया गया। ब्लाक मौदहा में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मौदहा में उपस्थित छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है, 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका व 21 वर्ष से कम उम्र का बालक का विवाह, बाल विवाह के अंतर्गत आते हैं, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कठोर दंड का प्रावधान है जिसमें दो साल की क़ैद व एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता हैं उनको उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा व स्वास्थ से वंचित करता है। इस अपराध को रोकने के लिए हम सबको मिल कर प्रयास करना चाहिए। इसके साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं व सुरक्षा से सम्बन्धित सभी हेल्प लाइन नम्बर यथा 1090, 181, 112, 108 व शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम में द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना व स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा किया गया ।

## दिव्यांग बच्चों का समावेश शिक्षा अभियान के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केंद्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण




**मौदहा, हमीरपुर।** दिव्यांग बच्चों का समावेश शिक्षा अभियान के अंतर्गत को- लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रो के तीन दिवसीय प्रशिक्षण 18 दिसंबर से नगर के खंड शिक्षा कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में शुरुआत की गई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना के निर्देशन पर दिव्यांग बच्चों का विद्यालय में समय समावेशन के लिए विभिन्न क्षेत्रों से अड़तिश आंगनवाड़ियों का प्रशिक्षण कस्बे के बीआरसी कार्यालय में शुक्रवार की सुबह से किया गया खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार कमल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार को-लोकेटेड आंगनबाड़ियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें जनपद स्तर के प्रशिक्षक अजीत संचार व मनोज तिवारी ने सभी आंगनवाड़ियों को विकलांग बच्चों के समग्र विकास हेतु प्रशिक्षित किया गया यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 दिसंबर तक चलता रहेगा।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नेशनल हाईवे 34 एक बार फिर लाल हो गया। ट्रक की टक्कर बाइक सवार वृद्ध की मौत हो गई ,जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि ट्रक को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी जगदेव उर्फ़ छुट्टू विश्वकर्मा 55 पुत्र फुल्लू विश्वकर्मा अपने भतीजे प्रदीप कुमार 21 पुत्र लल्लू राम के साथ बिना हेलमेट लगाए बाईक में मौदहा खाद लेने आए थे और वापसी जाते समय नेशनल हाईवे पर नरायच पुल पर पीछे से आ रहे ट्रक यूपी 35 टी. एन. 8483 ने सीधे टक्कर मार दी जिससे बाईक के परखच्चे उड गए और दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने जगदेव को मृत घोषित कर दिया जबकि प्रदीप कुमार का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोडकर मौके से फरार हो गया जबकि ट्रक को पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक छुट्टू किसानी के साथ मजदूरी कर अपना परिवार चलाता था, जबकि मृतक के पांच लडकियां हैं। जिनमे से तीन लड़कियों की शादी हो चुकी है। घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है , इस सम्बन्ध में मौदहा कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# एक सप्ताह में दुरुस्त करें शहर की सफाई व्यवस्था: डीएम

- जिलाधिकारी ने सफाई व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में ईओ नगर पालिका को दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका नगर की सफाई व्यवस्था एक सप्ताह के अन्दर दुरूस्त करें। नगर के प्रमुख चौराहों की समुचित साफ-सफाई नियमित रूप से कराना सुनिश्चित करें। ड्यूटी में अनुपस्थित मिलने पर कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लायी जाये। उक्त बात नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी गज़ल भारद्वाज ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था का रोस्टर तैयार कराया जाने और उसके आधार पर सफाई कर्मचारियों का पर्यवेक्षण किया जाये। जिलाधिकारी ने सफाई कार्य के पर्यवेक्षण में लगाये गये विभिन्न विभागों के अवर अभियन्ताओं को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 7.00 बजे क्षेत्र में निकलकर सफाई व्यवस्था की निगरानी करें और अनुपस्थित मिलने पर सफाई कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नगर के सरकारी स्कूलों के आसपास, सरकारी कार्यालयों, कांशीराम कालोनी क्षेत्र में के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर रखें। गन्दगी मिलने पर सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। नव वर्ष के दृष्टिगत प्रत्येक वार्ड में जीपीवी स्थलों को समाप्त कराकर सुन्दरीकरण कराया जाये तथा वार्डो में व्यापक सफाई अभियान चलाकर सफाई करायी जाये। जिलाधिकारी ने दस दिन बाद पुनः नगर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा बैठक करने की बात कही। बैठक में डिप्टी कलेक्टर आदेश सिंह सागर, तहसीलदार सदर दिवाकर मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अवधेश कुमार, एलबीए सुनील कुमार, सफाई पर्यवेक्षण कार्य में लगाये गये सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका, लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियन्तागण, सफाईनायक,प्रभारी सफाईनायक एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**खरेला/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सुषमा चौधरी द्वारा गठित वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवदान सिंह व उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त नीरज पाल पुत्र कंधीलाल पाल उम्र करीब 26 वर्ष निवासी रिवई थाना चरखारी जिसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये कस्बा खरेला के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खरेला पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### वारंटी गिरफ्तार

**खन्ना/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना अर्जुन सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह कांस्टेबल हिमांशु पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त दल्लू उर्फ जयप्रकाश पुत्र रामऔतार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पचपहरा थाना खन्ना सम्बन्धित मुकदमा नंबर 18124/2023 एनसीआर नंबर. 52/22 धारा 323/504 भादवि. में न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त को ग्राम पचपहरा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# डीएम ने शहर में संचालित रैन बसेरों सहित अलाव व्यवस्था का लिया जायजा

- रैनबसेरों में समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए सम्बंधितों को दिए निर्देश
- जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव को लेकर किया कंबलों का वितरण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए जनपद में आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए गए हैं। इसी क्रम में गुरुवार देर रात जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे के साथ नगर पालिका परिषद महोबा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित रैन बसेरा तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला महिला अस्पताल,रोडवेज बस स्टैंड, आल्हा चौक, अंबेडकर पार्क सहित अन्य प्रमुख स्थलों पर जलाये गये अलाव की स्थिति का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी स्थलों पर अलाव सुचारू रूप से जलते पाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिन्हित स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में लकड़ी की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि शीत लहर के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को रैन बसेरे में साफ सफाई, अलाव, प्रकाश व्यवस्था, गद्दा, पानी की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरे में आने वाले जरूरतमंद को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी द्वारा रेन बसेरा में ठहर रहे जरूरतमंद व्यक्तियों तथा बुजुर्गो को कम्बल वितरित किए गए। उपजिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद की सभी नगर निकायों में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए गए हैं, ताकि ठंड से बचाव करते हुए आमजन, यात्रियों एवं राहगीरों को राहत मिल सके। उन्होंने अपील की कि शीत लहर के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति खुले में ना सोए तथा सभी नगर निकायों में संचालित रैन बसेरों का ही आश्रय लें। जिला प्रशासन द्वारा शीतलहर से बचाव हेतु निरंतर निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त व्यवस्था भी की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2025 ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56256214 | AIR SPRING FOR TRAIN - 18 GMT-DRG NO-17305201/RESISTOFLEX DRG NO. 09082960/ ICF DRAWING NO. TRAIN 180014521 | 162 Nos. | 10.01.2026 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

3933/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सौभाग्य योजना फेज 3 के तहत विधायक ने किया भूमि पूजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड हैदरगढ़ के 88 मजरों को बिजली की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए, सौभाग्य योजना फेज 3 के तहत बारा टोल प्लाजा के निकट हो रहे निर्माण कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि इस सौभाग्य योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैर विद्युतीकृत घरों को निशुल्क कनेक्शन देना है। परियोजना के पूरा होने तक शत-प्रतिशत मजरों में बिजली पहुंच जाएगी। बांस-बल्ली के सहारे चल रही आपूर्ति से छुटकारा के साथ निर्धारित बिजली आपूर्ति मिलेगी। इस परियोजना के माध्यम से लगभग 1100 पोल 57 ट्रांसफार्मर और 34 किमी केबल के जाल से 412 घरों को पहली बार बिजली का कनेक्शन मिलेगा। भाजपा सरकार का संकल्प है कि क्षेत्र का कोई भी कोना अंधेरे में ना रहे। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुरक्षा और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह युवा भाजपा नेता अरुण शुक्ला पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित प्रमोद तिवारी मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा रणवीर सिंह मोनू प्रधान अभय प्रताप सिंह संदीप प्रताप सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह आसाराम वर्मा राहुल सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह अंबर शरण जायसवाल सुशील पटेल पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह संजय वर्मा नन्हे तिवारी यतीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में विद्युत विभाग कर्मचारी अधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

**▸ 412 घरों को मिलेगा विद्युत कनेक्शन**

## एसपी ने थाने की रसोई का किया उद्घाटन



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सफदरगंज में वृक्षारोपण व नवनिर्मित भोजनालय का उद्घाटन किया गया।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा थाना सफदरगंज में नवनिर्मित भोजनालय का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात थाना परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव,थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## लापरवाही के चलते माइनर कटी, सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही के चलते पीठापुर माइनर की पटरी कट जाने से कारण किसानो की सैकड़ो बीघा गेहूं और सरसो की फसल जलमग्न हो गई।जिससे किसानो के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ती चली जा रही है।शुक्रवार की सुबह सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के पीठापुर माइनर के कट जाने से किसानों की सैकड़ो बीघा गेहूं सरसों की फसलें जल मग्न हो गई।जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे,तो उन्होंने देखा कि उनकी बोई हुई फसल पानी मे डूबी हुई है।दर्जनो किसान अपने खेतो को जलमग्न देखकर परेशान हो गए।किसानो ने तुरंत माइनर की पटरी को अपने हाथों से बांधने का प्रयास किया।उन्होंने आरोप लगाया कि नहर विभाग ने सफाई करते समय मानकों का ध्यान नहीं रखा और आधी-अधूरी साफ-सफाई करवाई, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई।पीठापुर माइनर से जुड़े किसान सुरेंद्र कुमार, प्रेम चंद्र, सहदेव कुमार, जगतनारायण, जयनारायण और सदाशिव सहित दर्जनों किसानों ने चंदा इकट्ठा कर डीजल मंगवाया।इसके बाद उन्होंने पंपिंग सेट लगाकर खेतों से पानी निकालने का काम शुरू किया।किसान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि यह माइनर पीठापुर होते हुए दर्जनों गांवों को जोड़ती है।इसकी सफाई केवल सड़क के किनारे करवा दी गई थी,जबकि बीच का हिस्सा छोड़ दिया गया।

जब माइनर में पानी छोड़ा गया,तो वह आगे नहीं बढ़ पाया,जिससे पटरी कट गई और उनकी सरसों व गेहूं की फसल डूब गई।किसानों को आशंका है कि पानी भरने से फसल में रोग लग जाएगा और वह पीली पड़ जाएगी।किसान सदाशिव ने बताया कि सफाई कार्य के दौरान उन्होंने पूरी नहर की साफ-सफाई करवाने की मांग की थी,लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई और मनमर्जी से खुदाई करवाई गई।उन्होंने यह भी कहाकि मुख्यमंत्री ने कहा है किसानों की बात खेत पर सुनी जाएगी के दावे के बावजूद यहां उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

## ट्रेन की चपेट में आई अधेड़ महिला की मौत

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्बरजहा में एक 52 वर्षीय महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना बुधवार सुबह करीब 6 बजे हुई। महिला की पहचान रमेश चंद रावत की पत्नी रेखा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, महिला सुबह शौचकर वापस घर आ रही थी। रेलवे ट्रैक पार करते समय वह एक ट्रेन की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि एक ट्रेन गुजरने के बाद वह दूसरे ट्रैक पर आ गई और दूसरी ट्रेन को नहीं देख पाई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सफदरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस रेलवे ट्रैक को पार करने के लिए कोई निर्धारित रास्ता या फाटक नहीं है। इस कारण इस क्षेत्र में अक्सर ऐसे हादसे होते रहते हैं।

# खबरें एक नजर में

## खबर का हुआ असर : एआरएम ने स्टेशन प्रभारी को लिखा पत्र, व्यवस्थाओं को सुधारने के दिए निर्देश



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बीते 15 दिसंबर दिन सोमवार को दैनिक समाचार पत्र समृद्धि न्यूज़ के माध्यम से हाईटेक कस्बे की पहचान रखने वाले बछरावां कस्बे में लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित करोड़ों रुपए की लागत से बने बस स्टाफ की अव्यवस्थाओं को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। खबरों को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम रायबरेली डिपो दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बछरावां बस स्टेशन प्रभारी एवं बुकिंग लिपिक कुलदीप नारायण को पत्र लिखते हुए आदेशित किया है कि बछरावां बस स्टेशन पर बना शौचालय बहुत गंदा है, नालियाँ जाम हो गई है, स्टेशन परिसर में साफ सफाई नहीं है और बैठने का स्थान भी गंदा रहता है। दिव्यांगों के लिए बने स्लैप कब्जे में है, जिसके कारण दिव्यांगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः बस स्टेशन शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने हेतु आप संबंधित संस्था को निर्देशित करें तथा नालियों की सफाई हेतु नगर पंचायत बछरावां का सहयोग लेते हुए सफाई करना सुनिश्चित करें एवं दिव्यांग जनों को नियमानुसार मिलने वाली समस्त सुविधाएं प्रदान की जाए और उनके स्लैप कब्जा भी मुक्त कराये जाए एवं बस स्टेशन पर जो कैंटीन संचालित है उसे बस स्टेशन सीमा के अंदर ही संचालित किया जाए। साथ ही साथ उन्होंने अधोहस्ताक्षरी के दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया है। अब देखने वाली बात क्या होगी कि बछरावां बस स्टेशन के प्रभारी कुलदीप नारायण जो बस स्टेशन परिसर पर अवैध वाहनों की पार्किंग कराने के लिए चर्चा में बने रहते हैं वह अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर कितना अमल करते हुए नजर आएंगे।

## एआई यूनिवर्सिटी बनी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मौजूदा कोर्स बदल देंगे दिशा व दशा



**समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली देश की पहली एआई ऑगमेंटेड चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने यूपी में 21 मल्टी डिसीप्लिनरी पीएचडी प्रोग्राम लॉन्च किया गया है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 6 मिलियन यूएस डॉलर की फंडिंग वाले इस प्लेटफार्म ने 1 हजार स्टार्टअप कंपनियों को जोड़ा है और शीर्ष 10 स्टार्टअप्स को निवेश दिलाने में मदद की है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी योग्य पीएचडी स्कॉलर को रु. 35 हजार के साथ ही शैक्षणिक सत्र 26 -27 में अपने छात्र-छात्राओं को 50 करोड रुपए की स्कॉलरशिप भी प्रदान करेगा। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने ग्लोबल एजुकेशन को मजबूती देते हुए यूनिवर्सिटी आफ न्यूकैसल ऑस्ट्रेलिया के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया है जिसके माध्यम से छात्रों को एक्सचेंज प्रोग्राम और संयुक्त शोध के साथ ही अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप के अवसर प्रदान होंगे साथ ही साइंटिफिक रिसर्च के लिए सीवी रमन स्कॉलरशिप के माध्यम से 3 करोड़ अतिरिक्त छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के रजिस्ट्रार अजय यादव ने कहा सीयूसीईटी के माध्यम से छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकती हैं। यूनिवर्सिटी के रजिस्टर अजय यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी। मुख्यमंत्री ने उन्नाव जनपद में स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया था।

## स्काउट गाइड का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में चल रहा पांच दिवसीय भारत स्काउट गाइड का विशेष प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस समापन समारोह में पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री वर्मा ने विभिन्न टोलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्काउट गाइड के प्रशिक्षकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, शेरा टोली, सूरजमुखी, चमेली, गुलाब और टाइगर टोलियों के गाइड को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। अपने संबोधन में राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड कार्यक्रम छात्र-छात्राओं में अनुशासन विकसित करता है। यह उन्हें प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के तरीके, साथ ही आपदा के समय रहने और खाने के महत्वपूर्ण गुण सिखाता है। उन्होंने आपदा निवारण के लिए लकड़ी और रस्सी से निर्मित पुल की विशेष प्रशंसा की। श्री वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षकों द्वारा पुल निर्माण की यह व्यवस्था अत्यंत कारगर सिद्ध होगी।समारोह का समापन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 गया प्रसाद दूबे ने बताया कि भारत स्काउट गाइड छात्रों में बहुमुखी विकास के गुणों को विकसित करता है।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ0 बृजेश सिंह, कार्यालय अधीक्षक अनुपम जायसवाल, शैक्षिक समन्वयक लल्लू वर्मा आनंद जयसवाल सहित समस्त विभागों के प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गौरीगंज रैक प्वाइंट पहुंची 58 हजार बोरी इफको यूरिया

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के गौरीगंज रैक प्वाइंट पर इफको यूरिया की 2,653 मीट्रिक टन, 58,962 बोरी की रैक प्राप्त हुई है। प्राप्त उर्वरक को रैक से ही जनपद की समस्त साधन सहकारी समितियों, एग्री जंक्शन केंद्रों, इफको सेवा केंद्रों एवं आईएफएफडीसी केंद्रों पर आपूर्ति कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुल 16,135 मीट्रिक टन यूरिया तथा 2,641 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उपलब्ध उर्वरकों का वितरण खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन के माध्यम से कृषकों को किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और वास्तविक किसानों को ही लाभ मिल सके। जिला कृषि अधिकारी ने समस्त उर्वरक विक्रेताओं को सख्ती से कहा कि निर्धारित मूल्य पर ही, केवल खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन से यूरिया का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूरिया के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग या ओवररेटिंग कदापि नहीं की जाएगी। यदि कोई विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया, तो उसके विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## विद्युत स्पर्शाघात से महिला की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के सत्थिन विशंभर पट्टी गांव में गुरुवार शाम एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला बाल्टी में पानी गर्म कर रही थी। मृतका की पहचान रामकली उम्र 42 वर्ष पत्नी स्वामी नाथ के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पानी गर्म करने के दौरान अचानक पानी में बिजली का करंट उतर आया, जिसकी चपेट में वह आ गईं। हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल जगदीशपुर ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद रामकली को मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिवार में एक पुत्र हरिओम और एक पुत्री शिवानी हैं। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में शुकुल बाजार थाना प्रभारी विवेक वर्मा ने बताया कि अभी तक घटना की कोई लिखित सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खंभे से लटका मिला बुजुर्ग का शव, हड़कंप

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डिहिवा मजरे अरियावा में देर शाम बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली के खंभे से लटकता मिला। मृतक की पहचान सतई पासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अंगौछा के सहारे शव को खंभे से लटका देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सतई पासी दो भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी पत्नी का कुछ समय पहले निधन हो चुका था। मृतक ग्राम सभा में मनरेगा के तहत मजदूरी करता था। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित प्रार्थनापत्र नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मानक विहीन खाद्य सामग्री के चलते फिर सीज हुआ नारायण रेस्टोरेंट

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।**

लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग स्थित चर्चित व मशहूर नारायण ढाबा रेस्टोरेंट की खाद्य सामग्री मानक विहीन सहित अन्य गंभीर अनियमितताओं के चलते प्रशासन ने 15 दिनों के लिए जहा बंद करा दिया वही कई नमूने का सैम्पल लेने के बाद सभी खाद्य सामग्री को नष्ट करा दिया गया ।

जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को की गई छापेमारी में ढाबे के भीतर भारी गंदगी और दूषित, बदबूदार खाद्य सामग्री मिलने पर यह कड़ी कार्रवाई की गई।

खाद्य निरीक्षक आराधना मिश्रा ने नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी व लेखपाल अंबुज मिश्रा के साथ ढाबे की गहन जांच की। जांच के दौरान रसोईघर की हालत बेहद दयनीय पाई गई। खाद्य सामग्री खुले में, गंदगी के बीच रखी हुई थी और साफ-सफाई के मानकों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही थी। मौके से खराब जला हुआ तेल (3 लीटर), पनीर (6 किलो), सना हुआ मैदा (7 किलो), बेसन (आधा किलो), लाल रंग (250 ग्राम), पीला रंग (250 ग्राम), पकी अरहर दाल (5 किलो) तथा भीगा हुआ फफूंदी लगा छोला-चना (10 किलो) बरामद किया गया, जिसे तत्काल नष्ट करा दिया गया।खाद्य निरीक्षक आराधना मिश्रा ने बताया कि इतनी गंदगी के बीच तैयार भोजन किसी भी हाल में खाने योग्य नहीं है और इससे गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। उन्होंने सभी खाद्य सामग्री को अपने सामने ही नष्ट करा दिया । उन्होंने बताया की नोटिस देकर जबाब मांगा गया है और तब तक के लिए नियमों की अनदेखी और भारी अनियमितता पाए जाने के कारण नारायण ढाबे को 15 दिन के लिए बंद करने के आदेश दिए गए हैं।इस कार्यवाही से नेशनल हाईवे किनारे खुले ढाबा चलाने वालों में हड़कंप मच गया है।



## गरीबों के लिए शुरू की गई मदद की दीवाल



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कड़ाके की ठंड को देख कस्बे के शांती नगर में गर्म कपड़ो से सुसज्जित मदद की दीवाल का सुचारु रूप से संचालन पुनः किया गया। शांती नगर की सभासद ऊषा त्रिपाठी ने बताया की इस मुहिम का उद्देश्य सभी के सहयोग से जरूरतमंदो की मदद करना है। मदद की दीवाल के बारे में बताते हुए ऊषा त्रिपाठी ने बताया की जिसके पास कोई सामग्री जरूरत से अधिक या गैर जरूरी हो उसे वह यहाँ रख सकता है तथा उसकी जरूरत का कोई सामान यहाँ हो तो वह उसे ले सकता है। शुक्रवार को शुरू हुई इस मुहिम में लोगो द्वारा ऊनी स्वेटर, जूते मोज़े, सर्ट पैंट सहित अन्य सामग्री रख शांती नगर सभासद की नेक पहल का समर्थन किया। मालूम हो की विगत एक सप्ताह से घने कोहरे के साथ साथ गलन भरी सर्दी क्षेत्र में पड़ रही है जिस पर मदद की दीवाल के माध्यम से जरूरतमंदो की मदद करने के प्रयास की क्षेत्र के प्रबुद्धजनो द्वारा सराहना की जा रही। इस दौरान सरदार फतेह सिंह, अमन गांधी, विनय श्रीवास्तव, लकी चौरसिया, नवनीत त्रिपाठी, सचिन त्रिपाठी, बउवा साहू, अजय वैश्य, प्रान्सु श्रीवास्तव, प्रिंकल सिंह,सहबान, सैय्यद अली, समीर शेख, सेबू खान, रामखेलावन, कमलेश धीमान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# रेल कोच में क्रेन की चपेट में आकर युवक की हुई दर्दनाक मौत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आधुनिक रेल कोच कारखाने में सेफ्टी की कमी के चलते डीसीएम चालक दीपू की मौत हो गई। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो के बुरा हाल बना हुआ है। बताया जा रहा है मृतक दीपू यादव दुर्जन के पुरवा मजरे सुल्तानपुर खेड़ा थाना गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। मृतक दीपू यादव कंटेनर चालक के तौर पर रेल कोच कारखाने में काम करता था। शक्ति ट्रैवल्स कंपनी के चालक के रुप मे काम करते थे गुरुवार देर श्याम एक स्टोर यार्ड में एक ट्रक से 8- 8 टन के फ्रेम उतर रहे थे। तभी फ्रेम उतरने वाले क्रेन की चैन टूटी और नीचे दीपू के ऊपर गिर गई जिससे उनकी मौत हो गई। साथी श्रमिकों ने आनन-फानन उसे रेल कोच के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

मृतक दीपू यादव की मौत से परिवार जनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो के बुरा हाल बना हुआ है। दीपू यादव पिछले 5 साल से शक्ति ट्रैवल्स में चालक के रूप में कार्यरत थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया शेष कार्रवाई पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

### शव रखकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शुक्रवार की दोपहर जब शव का पीएम होने के बाद घर जा रहे थे तभी परिजनों ने और उनके साथ ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 232 पर शव रखकर जोरदार प्रदर्शन करने लगें और रास्ता बंद कर दिया जैसे ही इसकी सूचना प्रशासन को हुई तो हाथ पैर फूलने लगे तत्काल मौके पर लालगंज क्षेत्राधिकारी अमित सिंह व पुलिस बल पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बूझकर किसी तरह मामला शांत कराया गया।

# पूर्व प्रधान ने ठंड से ठिठुरते लोगों को बांटे कंबल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



समाजसेवी व पूर्व प्रधान धनंजय सिंह ने अपने निजी संसाधनों से मुजफ्फरपुर मजरे दुसौती गांव में गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों को सैकड़ो की संख्या में कंबलों का वितरण किया, जिससे उन्हें ठंड से बड़ी राहत मिली। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कंबल मिलने के बाद उनके चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट दिखाई दिया।

शीतलहर,कुहरे व सर्द हवाओं से कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए समाजसेवी व पूर्व प्रधान दुसौती धनंजय सिंह ने बुधवार की देर रात मुजफ्फरपुर गांव पहुंचे और ठंड से ठिठुरते गरीब, असहाय, निर्धन व बुजुर्गों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया। ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को जब रात में अचानक कंबल मिला तो उनके चेहरे ख़ुशी से खिल उठे। धनंजय सिंह का धन्यवाद करते हुए लोग भावुक हो गए। ठण्ड की इस रात में उनका हाल चाल देखने आए व कंबल देकर मदद करने पर उन्होंने ख़ुशी जाहिर की। साथ ही धनंजय सिंह की इस पहल की सराहना की।वही धनंजय सिंह ने कहा कि गरीब व निर्धन,असहायों तथा बुजुर्गों को सर्दी से बचाव के लिए बुधवार की देर रात सैंकड़ो कंबल वितरण किया गया। उन्होंने कहा की भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा। देर रात कंबल वितरण होता देख लोगों ने कहा की उन्होंने सर्दी से ठिठुरते गरीब असहाय लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। गौरतलब है कि पूर्व में भी श्री सिंह द्वारा ग्राम पंचायत में ठंड में कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण, बारिश में छाता व टार्च तथा मच्छरदानी का वितरण किया जाता रहा है। धनंजय सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत के अन्य गांवों में भी कंबल वितरण करने के साथ ही ग्राम वासियों की निरंतर सेवा जारी रहेगी।

## लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 25-26 में जनपद अमेठी के अन्य पिछड़े वर्ग के कुल 16,377 छात्र छात्राओं द्वारा आवेदन फाइनल सबमिट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर उपलब्ध अद्यतन आंकड़ों के अनुसार इनमें से केवल 12,343 आवेदनों को ही संबंधित शिक्षण संस्थानों द्वारा सत्यापित कर अग्रसारित किया गया है, जबकि 4,034 आवेदन अब भी संस्थाओं के लॉगिन पर लंबित हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सीएम डैशबोर्ड के दृष्टिगत समस्त छात्रवृत्ति आवेदनों का शत-प्रतिशत निस्तारण दिनांक 30 दिसंबर तक किया जाना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के उपरांत यदि कोई आवेदन संस्थाओं के लॉगिन पर लंबित पाया जाता है, तो इससे न केवल जनपद की रैंक प्रभावित होगी, बल्कि पात्र छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभ से वंचित भी हो सकते हैं। उन्होंने समस्त शिक्षण संस्थानों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने लॉगिन पर लंबित सभी फाइनल सबमिट छात्रवृत्ति आवेदनों को तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

## बिसवां में शत्रु संपत्ति से अवैध कब्जा हटा



**बिसवां, समृद्धि न्यूज।** एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम पुरैना स्थित शत्रु संपत्ति की लगभग 432 बीघा भूमि को अवैध कब्जाधारकों से मुक्त कराया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि उक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान लेखपाल, कानूनगो सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही। अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ । प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शत्रु संपत्तियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की गहनतापूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति को देखा तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार लायें, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से पात्रों को लाभान्वित किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। सभी केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों इन्फेंटोमीटर, स्टीडियोमीटर, वजन मशीन आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा बच्चों की लम्बाई, माप आदि का त्रुटिरहित विवरण पोषण ट्रैकर पर अपलोड किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों को व्यापक रूप से आयोजित कराया जाये। वी.एच.एस.एन.डी. के सभी सत्रों में समस्त तैनात कार्मिक समय से निर्धारित उपकरणों एवं दवाओं के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। सभी सत्रों का निर्धारित सुपरवाइजरी विजिट भी सुनिश्चित किया जाये। वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी कराया जाये। मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाये। वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों के दौरान गोद भरायी एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम मा. जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में कराया जाये। वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों को मेले के रूप में आयोजित कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। वी.एच.एस.एन.डी. सत्रों के आयोजन से पूर्व सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक अवश्य आयोजित की जाये तथा इसमें सभी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं से संबंधित विवरण का भी रजिस्टर अद्यतन रखा जाये तथा इसमें आवश्यक सूचनाएं शुद्धता के साथ भरी जाये।

गर्भवती महिलाओं, बच्चों को मानकों के अनुरूप पोषाहार का वितरण सुनिश्चित कराया जाये। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को विशेष ध्यान रखा जाये तथा उनकी जरूरी जांचें समय से करायी जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त प्रकार की डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण शुद्धता के साथ समय से कराया जाये तथा अभिलेखों को भी अद्यतन रखा जाये। सभी आंगनबाड़ी केन्द्र निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित हो तथा नियमानुसार हाट कुक्ड मील का भी वितरण सुनिश्चित किया जाये।


## सूचना

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक निशा देवी पत्नी संजय कुमार अपनी संपत्ति आराजी नंबर 443 ग्राम रातापुर परगना व तहसील सदर जनपद रायबरेली का जुज़ भाग रकब 3455 वर्ग फीट को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को आरती देवी पत्नी स्व सुरेंद्र कुमार व आशीष सोनकर पुत्र स्व सुरेंद्र कुमार व क्षमा सोनकर पुत्री स्व सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम 844/3 देवानंदपुर रातापुर रायबरेली से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में आरती देवी पत्नी स्व. सुरेंद्र कुमार व आशीष सोनकर पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार व क्षमा सोनकर पुत्री स्व. सुरेन्द्र कुमार के साथ साथ अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहद्दी पूरब खेत शिव प्रसाद , पश्चिम 22 फीट रोड, उत्तर विक्रेता सम्पत्ति दक्षिण प्लॉट संतोष पाण्डेय।

**आपत्ति हेतु संपर्क करें**
**एडवोकेट संजीव कुमार शुक्ला 2द्वस्र फ्लोर एन एन कॉम्प्लेक्स केनरा बैंक के ऊपर सुपर मार्केट रायबरेली मो नंबर 9415190904**


# विकास खण्ड गोंदलामऊ में चल रहे निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खण्ड मछरेहटा और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खण्ड गोंदलामऊ में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने दोनों विद्यालयों में बन रहे ऐकडेमिक ब्लॉक तथा छात्रावास के कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कार्यदायी संस्था यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 को निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय शैक्षिक भवन, ग्राम केसरा, विकास खण्ड मछरेहटा और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्रम्हावली, विकास खण्ड गोंदलामऊ ने बच्चों से वार्ता की एवं संबंधित को निर्देश दिये कि बच्चों के लिये सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त की जायें तथा शिक्षक शिक्षण कार्यों में रूचि लेते बच्चों को अच्छी शिक्षा दें।



तत्पश्चात जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्राथमिक विद्यालय ब्रम्हावली (कम्पोजिट) ग्राम पंचायत करूवामऊ, विकास खण्ड गोंदलामऊ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी निपुण तालिका रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर में कमी मिलनें पर प्रधानाध्यापक अनुराधा को कड़ी फटकार लगायी। साथ ही उन्होंने बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर देखते हुये बच्चें की उपस्थिति कम होने पर प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति में सुधार हेतु निर्देशित किया।

विद्यालय में साफ-सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमियां होने खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार का स्पष्टीकरण एवं प्रधानाध्यापक अनुराधा को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। कक्षा-3 के बच्चे से वार्ता करते हुये किताब पढ़वायी, जिस पर बच्चे द्वारा सहीं ढंग से पुस्तक पढ़े जाने पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा यूनीफार्म, भोजन, शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी ली।

## नेत्रदानी विजय कुमार जलोटा की कॉर्निया किसी अन्य की जिंदगी में करेगी रोशनी

**बिसवां/सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता, इससे किसी के जीवन में नई रोशनी आती है। यह बात सामाजिक कार्यकर्ता एवं नेत्रदान के लिए लोगों को प्रेरित करने वाले समाजसेवी अमर मेहरोत्रा ने कही। उन्होंने बताया कि बीती रात नगर के मोहल्ला सरावगी टोला निवासी विजय कुमार जलोटा (78 वर्ष) का निधन हो गया। इस पर श्री मेहरोत्रा ने उनकी पत्नी मंजू जलोटा, जो सामाजिक व धार्मिक प्रवृत्ति की महिला हैं, से नेत्रदान का आग्रह किया। उन्होंने तुरंत सहमति दे दी। इसके बाद सीतापुर नेत्र अस्पताल की टीम को बुलाकर स्वर्गीय विजय कुमार जलोटा की कॉर्निया निकाली गई, जो अब जरूरतमंदों को नई दृष्टि प्रदान करेगी। इस पुनीत कार्य की नगरवासियों ने भूरी-भूरी सराहना की।

# डीजल चोरी से रोका तो ट्रक चालक को मारी गोली, हालत गंभीर

▸ सर्दी बढ़ते ही डीजल चोरी गिरोह हुआ सक्रिय

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सर्दी बढ़ते ही हाईवे पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर चौकी के निकट नेशनल हाईवे पर पावर हाउस के पास इस गिरोह ने डीजल चोरी रोकने का प्रयास करने पर ट्रक चालक को गोली मारकर घायल कर दिया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

घटना के अनुसार, बिहार के गया जिले के शेरघाट निवासी गोरा उर्फ वाहिद पुत्र करीम उल्लाह खान झारखंड से कोयला लादकर ट्रक से पंजाब जा रहे थे। घने कोहरे के कारण सुबह करीब चार बजे सिकंदरपुर कस्बे से एक किलोमीटर पहले वह ट्रक खड़ा कर केबिन में सो गए। खटपट की आवाज सुनकर जागने पर चालक ने देखा कि बदमाश उसके ट्रक से डीजल चोरी कर रहे हैं। शोर मचाने पर बदमाशों ने बंदूक तान दी। चालक ने केबिन की खिड़की बंद कर ली, लेकिन बदमाशों ने शीशा तोड़कर गोली चला दी, जो उसके कंधे को छूते हुए निकल गई। गोली की आवाज और शोर पर आसपास के लोग आ गए, जिससे बदमाश एक कार में सवार होकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर खड़े वाहनों से पेट्रोल-डीजल चोरी की घटनाएं आम हो गई हैं। यह गिरोह चोरी का माल आसपास के होटलों पर बेचकर मोटी कमाई करता है, लेकिन पुलिस जानबूझकर अनजान बनी हुई है। सिकंदरपुर चौकी प्रभारी गजेंद्र पाल ने कहा कि क्षेत्र में कड़ी चौकसी बरती जा रही है और जल्द ही गिरोह के सदस्यों को पकड़ा जाएगा। फिलहाल पुलिस ने जांच तेज कर दी है।



## घने कोहरे का फायदा उठाकर ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** घने कोहरे का फायदा उठाकर चोरों ने चौकी जसोदा क्षेत्र के गांव तिलपई में दो निजी नलकूपों के ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाया। चोर ट्रांसफार्मर खंभों से उतारकर उनमें से कीमती तेल और तांबे के तार निकाल ले गए।

घटना की जानकारी सुबह किसानों को हुई, जिसके बाद जसोदा पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी गई। गांव निवासी राममूर्ति कटियार और सतीश कटियार के नलकूप प्रभावित हुए हैं। बिजली विभाग ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया और मरम्मत का आश्वासन दिया। किसानों ने कोतवाली गुरसहायगंज में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि क्षेत्र में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने जांच कर जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# समाज की जीवित धरोहर हैं दादा-दादी: अर्चना पांडेय

▸ ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




फर्रूखाबाद रोड पर गीतापुरम कॉलोनी स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ग्रैंडपेरेंट्स डे में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा दादा दादी समाज की जीवित धरोहर हैं, जिनके अनुभव से संस्कारित पीढ़ी तैयार होती है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा बुजुर्गों के सम्मान से परिवार की मजबूती बढ़ती है। प्रख्यात कवि ओम प्रकाश शुक्ल अज्ञात ने दादा-दादी की कहानियों को संस्कृति की रक्षा बताया। मीरा वर्मा और इंदिरा दुबे ने भी संस्कारयुक्त शिक्षा की प्रशंसा की। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा, निदेशक हिमांशु वर्मा एवं प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बुजुर्गों के आशीर्वाद और सानिध्य की महत्ता पर जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों सहित सभी आए हुए दादा-दादी एवं नाना-नानी का शाल ओढ़ाकर हार्दिक स्वागत किया। नन्हे-मुन्ने छात्रों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से बुजुर्गों के महत्व को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। दादी माँ, एक प्यार का नगमा है महादेव भक्ति नृत्य, रेट्रो मिक्स तथा मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को भावुक कर दिया। इस दौरान सब डायरेक्टर शिवम वर्मा, कोऑर्डिनेटर अर्पित दुबे, ऋचा दुबे सहित सभी शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य के लिए गुगरापुर बीडीओ हुए सम्मानित

**डीएम ने की बीडीओ की प्रशंसा, अन्य अधिकारियों से समयबद्धता से कार्य करने का किया आव्हान**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 198 के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी गुगरापुर रतिराम को विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 (एसआईआर) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रतिराम द्वारा 86 प्रतिशत मैपिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया, जो जनपद के सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों में सर्वाधिक है। उनके इस सराहनीय कार्य से मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण, अद्यतन और पारदर्शिता लोकतंत्र को मजबूत करने की आधारशिला है।

विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत किया गया कार्य निष्पक्ष एवं सुचारु निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य के लिए रतिराम की प्रशंसा करते हुए अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों से भी निष्ठा, समर्पण और समयबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान सीडीओ रामकृपाल चौधरी, उप जिलाधिकारी सदर वैशाली, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार उपस्थित रहे।



बीडीओ रतिराम को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते डीएम व मौजूद अन्य अधिकारीगण

## घर के दरवाजे पर खड़ा ई रिक्शा हुआ चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला राम नगर के एक घर के बाहर खड़ा ई रिक्शा बीती रात चोरी हो गया। काफी खोजबीन के बाद कोई जानकारी नहीं हुई तो पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

नगर के मोहल्ला रामनगर निवासी गोविंद पुत्र रमेश नागर ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि वह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। प्रतिदिन की भांति गुरुवार की शाम वह ई-रिक्शा चलाने के बाद घर के दरवाजे पर खड़ा करके अंदर चला गया। शुक्रवार की सुबह देखा तो ई रिक्शा मौजूद नहीं था। किन्ही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ई रिक्शा को चोरी कर लिया गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी ई रिक्शा की कोई जानकारी नहीं हुई।

# काऊ कोट पहनाकर सीडीओ व जेल अधीक्षक ने की गौ सेवा



अनौगी गोशाला में गो- सेवा करते सीडीओ व जेल अधीक्षक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सुशासन सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी के साथ क्षेत्र के अनौगी स्थित गौशाला में गौ सेवा की। इस दौरान गायों को ठंड से बचाने के लिए जेल में बंदियों द्वारा फटे- पुराने कंबलों से तैयार किए गए काऊ कोट पहनाए गए।

▸ अनौगी गोशाला में गौ सेवा से सुशासन सप्ताह का शुभारंभ

जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि गायों को शीत से बचाने के लिए काऊ कोट बनाने की पहल उन्होंने सबसे पहले कौशाम्बी जेल में की थी। उनके इस अभिनव प्रयास की सराहना प्रधानमंत्री द्वारा 27 दिसंबर 2020 को 'मन की बात' कार्यक्रम में भी की गई थी। बीते पांच वर्षों से वे निरंतर इसी प्रकार गायों को ठंड से बचाने के लिए काऊ कोट पहनाकर गौ सेवा कर रहे हैं। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने जेल अधीक्षक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि काऊ कोट से गायों को ठंड और ओस से राहत मिलेगी। यह कोट इस तरह तैयार किए गए हैं कि गायें खुले में भी पहुंच जाती हैं तो उन्हें ओस और सर्दी से सुरक्षा मिल सकेगी। गोशाला में गायों को ठंड से बचाने के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई है।गौ सेवा कार्यक्रम में जेल कर्मचारी मोहित सेन, राहुल चौधरी, अध्यापक मनोज कटियार सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## सौसरापुर में ग्राम चौपाल व ग्रीन चौपाल का आयोजन

**जलालाबाद।** सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गाँव की ओर थीम पर विकास खंड गुगरापुर के प्राथमिक विद्यालय, सौसरापुर में ग्राम चौपाल एवं ग्रीन चौपाल का आयोजन सीडीओ राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। ग्रीन चौपाल में प्रभागीय वनाधिकारी, कन्नौज ने कार्बन क्रेडिट फाइनेंस योजना की जानकारी दी। बताया कि 1 जनवरी 2024 के बाद लगाए गए वृक्षों का सर्वे कर पात्र किसानों को अंतरराष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट दर के अनुसार धनराशि सीधे खाते में दी जाएगी। इस दौरान क्षेत्रीय वनाधिकारी राकेश चितौड़िया ने किसानों का पंजीकरण भी किया। कार्यक्रम में बीडीओ रतीराम, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अधजले महिला के शव का तीसरे दिन पुलिस को मिला सुराग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस की कड़ी छानबीन के बाद अधजली महिला के शव का सुराग मिल गया है और इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के करीब पुलिस पहुंच चुकी हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने की उम्मीद की जा रही है। मालूम हो कि बुधवार की सुबह लगभग 4 बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निगोह के पास जीटी रोड अंडरपास के निकट एक खेत में अज्ञात महिला का अधजला शव बरामद होने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। उसका चेहरा और शरीर बुरी तरह जला हुआ था, जिससे उसकी शिनाख्त करना बेहद मुश्किल हो रहा था। पुलिस प्रशासन की तत्परता और कड़ी छानबीन के बाद तीसरे दिन अधजली महिला की शिनाख्त के पुलिस काफी करीब पहुंच चुकी है, साथ ही घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया और घटनास्थल की चारों दिशाओं में सीसीटीवी कैमरों की छानबीन की गई, जिससे पुलिस को कुछ ऐसे सुराग हाथ लगे हैं जिससे घटना का जल्द ही खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पत्नी को मारपीट कर चाचा को घर से निकालने की दी धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पत्नी के साथ मारपीट करने का विरोध करने पर आरोपी युवक अपने चाचा को भी घर से निकाल देने की धमकी देता है। पीड़ित चाचा ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टीका नगला निवासी बलराम सिंह पुत्र रामस्वरूप यादव ने पुलिस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उनके बड़े भाई श्रीकृष्ण यादव के देहांत के बाद उनके छोटे पुत्र को अपने साथ रखकर पाला पोसा और बड़ा करके शादी की। चाचा का आरोप है कि भतीजा आए दिन अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करता है। में जब भी इसका विरोध करता हूं तो वह उन्हें घर से निकालने की धमकी देता है।

### शीतलहर के चलते आज कक्षा 8 तक के स्कूल बंद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में अत्यधिक सर्दी और घने कोहरे को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर 20 दिसंबर 2025 यानी कि आज नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त बोर्डों के अंतर्गत संचालित परिषदीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबद्ध विद्यालयों में कक्षा 8 तक शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। हालांकि अवकाश की अवधि में सभी शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अपार आईडी, 'परीक्षा पे चर्चा' पंजीकरण, यू-डायस, एसआईआर सहित अन्य विभागीय एवं शासकीय कार्य नियमानुसार पूरे किए जाएंगे।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि 22 दिसंबर 2025 से जनपद के सभी विद्यालय पूर्व की भांति नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे।

### ऑपरेशन मुस्कान में तीन गुमशुदा मोबाइल स्वामियों को लौटाए

**जालौन (उरई)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने लगभग 50 हजार रुपये कीमत के तीन गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर उनके स्वामियों के चेहरों पर खुशी लौटी। कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए हुए मोबाइल को बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे और एसएसआई संजय कुमार यति के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल व कम्प्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान की मदद से तीन गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। बरामद मोबाइल फोन उनके स्वामी चुर्खीबाल निवासी निवासी परमवीर, बिरिया खुर्द निवासी महेंद्र कुमार व रापटगंज निवासी धीरज साहू को सौंपे गए।

# कड़ाके की ठंड में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

▸ विधायक खेल स्पर्धा-2025 का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में आयोजित विधानसभा स्तरीय दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा 2025 के दूसरे अंतिम दिन मिघौली स्थित स्टेडियम में कई प्रतियोगिताएं खेली गई, जिनमें खिलाडियों ने कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना जमकर पसीना बहाया। सीनियर बालकों की भाला फेंक प्रतियोगिता में ललितकुमार प्रथम, अभिषेक द्वितीय, जूनियर भाला फेंक में सूरज प्रथम, अभिनव द्वितीय, सब जूनियर भाला फेंक में कृष प्रथम, आयु द्वितीय, सीनियर डिस्कस में अभिषेक, जूनियर में सूरज प्रथम स्थान पर रहे।



सौ मीटर सीनियर बालिकों की दौड़ में शिवम, बालिकाओं में प्रार्थना पहले स्थान पर रहीं। इसी तरह 100 मीटर दौड़ में सब जूनियर में सनी हसन ने पहला स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालकों में अब्दुल प्रथम रहे। 15 सौ मीटर में विजय कुमार और लड़कियों में रियांशी पहले स्थान पर रहीं। 800 मीटर में आयुष पहले स्थान पर रहे। बैडमिंटन में यीशू विजेता व प्रांशू उपविजेता रहे। बालिकाओं में खुशी विजेता और पूनम उपविजेता रही। जूनियर बालिकाओं की बैडमिंटन में हिमांशू प्रथम, प्रार्थना दूसरे स्थान पर रहीं। कुश्ती में दीपांशू, शिवम और महिला वर्ग की कुश्ती में हिमांशी विजेता रहीं। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सौरभ यादव, अंशिता श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रभारी आकाश सिंह, प्रशिक्षक, निर्णायक, पीआरडी स्वयंसेवक हर्षित, अमित, दुर्गेश, उमेश, मुखराम, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

## बाइक फिसलने से युवक घायल

**जालौन (उरई)।** सड़क पार कर रहे वृद्ध को बचाने के चक्कर में बाइक सवार सड़क पर फिसलकर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे उच्च संस्थान रेफर किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी रामलला शुक्रवार की दोपहर किसी काम के चलते बाइक लेकर कोंच से जालौन की ओर आ रहे थे। जब वह बाइक लेकर भेंड के पास पहुंचे तभी भेंड के आगे सड़क पार कर रहे वृद्ध को बचाने की कोशिश की। वृद्ध को बचाने की कोशिश में बाइक सड़क पर फिसलकर गिर गई और बाइक सवार रामलला सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हेलमेट न लगाए होने के चलते सिर में अधिक चोटें आई।

# एसआईआर मैपिंग कार्य को गतिशीलता के साथ समय से करें पूरा : एसडीएम

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक कालपी तहसील के 322 बूथों में एसआईआर मैपिंग कार्य गतिशीलता से चलाया जा रहा है। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी मनोज कुमार, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चन्द्र मोहन शुक्ल द्वारा कालपी क्षेत्र के सुपर वाइजरों तथा बीएलओ के साथ मैपिंग का कार्य तहसील सभागार में करवाया गया।

तहसील सभागार कालपी में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 मैपिंग कार्यक्रम को गतिशीलता से निपटाने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर के जमकर पेंच कसे। बीएलओ से संवाद करते हुए तहसीलदार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मैपिंग का कार्यक्रम चलाया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त वी एल ओ मतदाताओं के नाम चौक कर लें तथा उनसे संपर्क करते हुए प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियां उपलब्ध कराये। एसडीएम ने बीएलओ को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ सक्रियता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाह करें इसमें किसी प्रकार की उदासीनता नहीं होनी चाहिए। उप जिलाधिकारी ने कहा कि मैपिंग का कार्य 80 फीसदी पूरा हो चुका है। शेष कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

## खुदाई कर नाली निर्माण का काम छोड़ने पर भड़के ग्रामीण

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।** गांव में नाली बनाने के लिए नाली खुदाई कराकर निर्माण सामग्री मंगवा ली गई थी। इसके बाद सामान उठा लिया गया। नाली का निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराने की मांग करते हुए डीएम को शिकायती पत्र भेजा है। तहसील क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी भूप सिंह, श्याम बाबू, श्रीधर, खचेरे, अशोक कुमार, ठाकुरदास वर्मा, सरोज, होरीलाल, ओमप्रकाश साहू, गजराज सिंह, महेंद्र आदि ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उनके गांव में सैयद बाबा के चबूतरे से खचेरे के मकान तक नाली का निर्माण कराया जाना था। नाली निर्माण के लिए प्रधान ने लगभग चार माह पूर्व नाली की खुदाई करा दी थी। खुदाई कराने के बाद निर्माण सामग्री ईटा, बालू, सीमेंट आदि भी मंगवा लिया गया था।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस प्रथम एवं द्वितीय का प्रस्तावित त्रैमासिक स्थलीय निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान समस्त वेयरहाउसों को खोलकर ईवीएम लॉग-बुक का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक टिप्पणियां अंकित की गईं। निरीक्षण उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का अवलोकन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष कराया गया। इस दौरान प्रतिनिधियों को सीसीटीवी कैमरों की लाइव वीडियो फुटेज भी दिखाई गई। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल सेंटर कक्ष तथा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए स्थापित हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। कंट्रोल सेंटर के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नेहा ब्याडवाल उप जिला मजिस्ट्रेट उरई, इंचार्ज ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस, अखिलेश तिवारी परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, प्रभारी अधिकारी ईवीएम-वीवीपैट, तलहा मजहर ईवीएम सहायक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें समाजवादी पार्टी से जमालउद्दीन जिला महासचिव, भारतीय जनता पार्टी से शान्ति स्वरूप महेश्वरी प्रभारी निर्वाचन, बहुजन समाज पार्टी से डा. बृजेश जाटव जिलाध्यक्ष, बसपा से भगवती शरण पांचाल जिला महासचिव तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से कमल दोहरे शामिल रहे।

## ओटीएस योजना में 70 उपभोक्ताओं ने कराया पंजीयन, 2.75 हजार वसूले

**जालौन,उरई।** बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत ग्राम प्रतापपुरा में राहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी गई साथ ही उपभोक्ताओं के रजिस्ट्रेशन कराए गए। शिविर में सच्चिदानंद, सत्यनारायण, पुष्पेंद्र, गजराज सिंह, प्रमोद कुमार, रचना, भाग्य देवी, अरविंद सिंह और बीटू समेत एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत 70 से अधिक बकाएदारों का पंजीकरण किया गया। इस दौरान 2.75 लाख रुपये से अधिक की वसूली भी की गई। एसडीओ सुरज सोनी ने बताया कि सरकार की इस योजना के अंतर्गत पहली बार संपूर्ण ब्याज माफ होने के साथ ही मूलधन में 25 फीसदी की छूट दी जा रही है। इसका उद्देश्य पुराने बिजली बकाएदारों को राहत देना और लोगों को नियमित बिल जमा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। बिल को आसान 750 या 500 रुपये की मासिक किस्त में भी जमा किया जा सकता है।

# आईजी ने की कड़ी कार्रवाई, लिपिक फूलचंद्र को किया निलंबित

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



▸ एक चौकी प्रभारी के विरूद्ध विभागीय जांच के निर्देश
▸ स्थानांतरण के बाद आवास खाली न करने वाले कई दरोगा के वेतन रोकने की दी चेतावनी

झांसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) आकाश कुलहरी ने शुक्रवार को कोतवाली उरई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर के प्रत्येक हिस्से का बारीकी से जायजा लिया और व्यवस्थाओं की स्थिति परखीं। आईजी ने साफकहा कि पुलिस व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही भ्रष्टाचार या अनैतिक आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसीक्रम में एसपी कार्यालय के लिपिक को निलंबित करने का फरमान सुना दिया तो वहीं एक चौकी प्रभारी के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश जारी किये जबकि स्थानांतरण के बाद भी कई दरोगाओं द्वारा आवास खाली न करने पर उनके वेतन आहरण पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी आकाश कुलहरि ने कोतवाली उरई में जनसुनवाई भी की। जनसुनवाई में आई फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गई और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क, महिला शक्ति केंद्र, साइबर सेल सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों का भी निरीक्षण किया गया। आईजी ने महिला संबंधित मामलों में संवेदनशीलता गोपनीयता और त्वरित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक जालौन कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक फूलचंद्र (बड़े बाबू) को भी पत्रावलियों में हेरफेर के आरोप में आईजी झांसी ने निलंबित कर दिया। इस संबंध में भी विस्तृत जांच के निर्देश दिए गए हैं। आईजी आकाश कुलहरी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में अनुशासन और पारदर्शिता का स्पष्ट संदेश गया है कि शिकायत चाहे किसी के खिलाफ हो दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई तय है। आईजी झांसी द्वारा मेडिकल चौकी इंचार्ज संदीप कुमार पर कार्यवाही में विलम्ब होने पर दिए प्रारंभिक जांच के आदेश दिए। कोतवाली उरई में अनावश्यक रूप से रह रहे तीन पुलिस कर्मियों पर की वेतन रोकने की कार्यवाही आईजी झांसी द्वारा जिन पुलिस कर्मियों के गैर जनपद स्थानांतरण होने के बाद भी पुरानी तैनाती पर लिए आवासों को खाली ना करने पर की कार्यवाही।

**पुलिस पेंशनरों की समस्याओं को निस्तारण तत्काल हो**

उरई। शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी आकाश कुलहरी द्वारा जनपद जालौन के वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के साथ पुलिस लाइन उरई सभागार कक्ष में पुलिस पेंशनर के साथ गोष्ठी कर पेंशनरों की समस्यायों को सुना गया।

# दुर्घटना में घायल वृद्ध की हुई मौत चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

▸ बाइक व उसके चालक के खिलाफ जांच शुरू

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

दो दिन पूर्व बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में घायल हुए वृद्ध की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिधौसा निवासी धीरज साहू ने पुलिस को बताया कि उनके पिता आशाराम (62) बीती 17 दिसंबर की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे किसी काम के चलते गांव से जालौन आ रहे थे। उनके पिता बाइक लेकर अपनी साइड पर जा रहे थे। तभी देवरी तिराहे के पास सामने से उल्टी दिशा में आ रहे बाइक सवार ने उनके पिता की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पिता बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पहले सीएचसी ले जाया गया। जहां से डाक्टरों ने उन्हें पहले मेडिकल कॉलेज उरई और फिर झांसी रेफर कर दिया। झांसी में इलाज के दौरान उसी रात पिता की मृत्यु हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एल आई सी पॉलिसी संख्या 218175062 के नॉमिनी में मेरा नाम राजा पुत्र सत्यनारायण अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम पुष्पेंद्र कुमार पुत्र सत्यनारायण है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी के नॉमिनी में मेरा नाम पुष्पेंद्र कुमार अंकित किया जाए।

**पुष्पेंद्र कुमार उर्फ राजा पुत्र सत्यनारायण ग्राम रिठौरा पोस्ट मुस्तफाबाद जनपद-बहराइच मोबाइल नंबर 6394220378**

# ऑनर किलिंग के मामले में चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास

- चारों आरोपियों को 12-12 हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित
- आरोपियों की बहन व उसके प्रेमी की हत्या कर शव नाला में था फेंका

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह वर्मा ने रतन, लालू, नितिन उर्फटानिया, नीतू पुत्रगण भैयालाल निवासीगण राजेपुर सरायमेंदा कमालगंज को हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व बारह-बारह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते तीन वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम राजेपुर सरायमेंदा निवासी महावीर पुत्र सुब्बा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 06.11.2022 को सुबह करीब तीन बजे मेरे गांव रतन मेरे घर आया और लड़के रामकरन 24 वर्षीय को घर से बुलाकर ले गए। उसके करीब बीस मिनट बाद जब मैं अपने लड़के की जानकारी करने रतन के घर गया और लड़के के बारे में जानकारी करनी चाही तो रतन व उसके भाई लालू, नितिन उर्फ टानिया, नीतू, कुलदीप ने मुझसे कहा कि हमने तुम्हारे लड़के रामकरन व अपनी बहन शिवानी आपस में प्रेम करते थे उनकी गर्दन चाकू से कटाकर दोनों की लाशें खन्ता नाला के पास फेंक आए हैं जाकर देख लो। तब मैंने कहा कि तुमने दोनों लाशें कहां फेंकी हैं, तो उक्त लोग मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। जब हम लाश को खोजते हुए खंता नाला पहुंचकर देखा, तो रामकरन व शिवानी का शव पड़ा था। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर रतन, लालू, नितिन उर्फ टानिया, नीतू के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

साक्ष्य के अभाव में कुलदीप का नाम पृथक कर दिया गया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय, अखिलेश कुमार राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह वर्मा ने रतन, लालू, नितिन उर्फ टानिया, नीतू को दोषी करार देते न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व बारह-बारह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।


सजा सुनाने के बाद आरोपियों को जेल ले जाती पुलिस

# रक्तदान शिविर में 17 ने किया रक्तदान

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

ब्लाक परिसर में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे प्रतिनिधि अरुण दुबे की पहल पर आयोजित इस शिविर में कुल 17 युवाओं ने रक्तदान किया।

शिविर में नगर के प्रमुख समाजेवी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ब्लाक कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

रक्तदान करने वाले 17 युवाओं ने नियमित रूप से रक्तदान करने का संकल्प लिया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे ने रक्तदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्तदान सभी को करना चाहिए, क्योंकि इससे किसी की जान बच सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों में भ्रांतियां हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है और दोबारा रक्त नहीं बनता है, यह बिल्कुल गलत है। शरीर की कोशिकायें नये रक्त का निर्माण शीघ्र शुरु कर देती हैं और तीन चार दिन में निकला हुआ रक्त दोबारा बन जाता है। इसलिए किसी भी भ्रांति में न पड़कर सभी बढ़-चढ़कर रक्तदान करें और दूसरों के जीवन को बचायें। यह बहुत ही पुण्य का कार्य है। नर सेवा नारायण सेवा। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, ओम कालेश्वर पाठक, शुभम पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


शिविर में रक्तदान करते लोग

# दो कवर पेज वाली उत्तर पुस्तिकाओं का वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में इस्तेमाल करेगी माध्यमिक शिक्षा परिषद

- अब क्षैतिज नहीं लंबवत आकार में परीक्षा में उपलब्ध होंगी कॉपियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

यू.पी. बोर्ड की वर्ष 2026 का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रयोग होने वाली उत्तर पुस्तिकाओं पर दो कबर पेज होंगे। पहला कवर पेज छात्र-छात्राओं के विवरण पर आधारित होगा, जबकि दूसरा कवर पेज मूल्यांकन के दौरान परीक्षकों द्वारा अंक दर्ज करने के लिए इस्तेमाल किया जायेगा। इतना ही नहीं, यू.पी. बोर्ड ने वर्ष 2026 की परीक्षा में कॉपियों का आकार भी बदलने का निर्णय लिया है। शैक्षिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब जिस आकार की कॉपी में विद्यार्थी वर्ष भर लिखते हैं उसी आकार में उत्तर पुस्तिका वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं को मिलेगी। यानि उत्तर पुस्तिका क्षैतिज आकार में न होकर लंबवत आकार में रहेगी। नकल विहीन परीक्षा के साथ निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए यू.पी. बोर्ड ने वर्ष 2025 की परीक्षा में कई बड़े बदलाव किये थे। अब 2026 की बोर्ड परीक्षा में भी दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। अभी तक उत्तर पुस्तिका पर एक ही कवर पेज रहता था, जिस पर परीक्षार्थी अपना विवरण अंकित करते थे। इसके अलावा परीक्षार्थी को मिले अंक भी उसी एक मात्र कवर पेज पर ही चढ़ाये जाते थे, परन्तु वर्ष 2026 की परीक्षा में अंक दर्ज करने हेतु परीक्षक दूसरे कवर पेज का इस्तेमाल करेंगे। अंक अलग पेज पर अंकित होने से यू.पी. बोर्ड भविष्य में शासन की अनुमति से ऑनलाइन मूल्यांकन को लेकर निर्णय कर सकता है। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे एवं पूर्व जिला संयुक्त सचिव सतेंद्र सिंह ने उत्तर पुस्तिका में बदलाव के बोर्ड के निर्णय की सराहना की है।

शिक्षक नेताओं ने कहा कि इस नई व्यवस्था से पुरानी उत्तर पुस्तिका बाहर से लिखवाकर जमा करने के नकल माफियाओं के मंसूबों पर पानी फिर जायेगा।

# पॉक्सो के मामले में आरोपी को सात वर्ष का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रशांत पुत्र मलखान सिंह निवासी घाटमपुर जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व चालीसा रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते दस वर्षों पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि तीन फरवरी 2017 को मेरी 15 वर्षीय पुत्री प्रशांत, मलखान, माला देवी, वाले उर्फ बलराम मेरी पुत्री को का अपहरण कर बहला फुसलाकर भगा ले गये थे। उक्त घटना को कई लोगों ने देखा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रशांत को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व चालीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। साक्ष्य के अभाव से मालिखान, माला उर्फ मालती देवी, वाले उर्फ बलराम को दोष मुक्त कर दिया है।

# रखा चर्च में सण्डे स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत किया क्रिसमस ड्रामा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सीएनआई रर्खा चर्च में सण्डे स्कूल के बच्चों ने क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने-अपने तरीके से मनुहारि सांग व प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिन के उपलक्ष्य में नाटक प्रस्तुत किया। पादरी मनोज कुमार ने क्रिसमस ड्रामे का प्रार्थना के साथ शुभारम्भ किया।

बच्चों ने मरियम द्वारा चरनी में प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर नाटक प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। पादरी मनोज कुमार ने अपने वचन में बताया कि लोगों का उद्धार करने के लिए प्रभु यीशु मसीह ने जन्म लिया। यीशु का जन्म मरियम और यूसुफ से हुआ, जो नासरत के थे, लेकिन रोमन जनगणना के कारण उन्हें बेथलेहेम जाना पड़ा, जहाँ मरियम ने एक गौशाला (चरनी) में यीशु को जन्म दिया। स्वर्गदूतों ने चरवाहों को और पूर्व से बुद्धिमान पुरुषों को इस घटना के बारे में बताया। जो यीशु की आराधना करने आए। राजा हेरोद के डर से, यूसुफ मरियम और शिशु यीशु को लेकर मिश्र भाग गए। फिर बाद में नासरत लौट आए, क्योंकि यीशु का जन्म मानव जाति के उद्धार के लिए हुआ था। बच्चों ने अपने तरीके से जन्मदिन के उपलक्ष्य में नाटक प्रस्तुत किया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की। संडे स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर रखा चर्च के पदाधिकारी मौजूद रहे। पादरी मनोज कुमार ने प्रार्थना के साथ समापन किया।


ड्रामा प्रस्तुत करते बच्चे

# न्यायालय ने मौके पर यथास्थिति बनाये रखने के पुलिस को दिये आदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

न्यायालय द्वारा विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश के बाद भी दबंग निर्माण कार्य करने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए उन्होंने निर्माण सामग्री भी मौके पर डाल रखी है। जिस पर पुनः न्यायालय ने संबंधित थाना पुलिस को मौके पर जांच कर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश दिये हैं। जानकारी के अनुसार जयपाल पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा जिला फर्रुखाबाद ने तहसीलदार सदर के न्यायालय में वाद दायर किया था। जिसमें न्यायालय द्वारा दिनांक दिनांक 24.10.2025 को वादग्रस्त भूमि पर यथास्थिति कायम रखने का आदेश संबंधित थाना पुलिस को दिया गया था। कुछ दिन शांत रहने के बाद विपक्षी रामनिवास पुत्र रूपलाल निवासी ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा तहसील सदर जिला फर्रुखाबाद विपक्षीगण अमित यादव आदि के कहने पर वादग्रस्त भूमि पर अनाधिकार व अनाधिकृत रूप से निर्माण कार्य करने के प्रयास में हैं। जिसके लिए उसने मौके पर ईट डाल रखी हैं। जिससे कोई अप्रिय घटना घटने एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल सम्भावना है और रामनिवास उपरोक्त सरेआम पीड़ित व उसके परिवार वालों को जानमाल की धमकियाँ व गन्दी-गन्दी गालियाँ देकर ऐनकेन प्रकारेण वादग्रस्त भूमि पर निर्माण कार्य करा लेना चाहता है। न्यायालय ने पुनः संबंधित थाना पुलिस को मौके पर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश दिये हैं।

# धू-धूकर जली कार, मची अफरा तफरी, बाल-बाल बचा चालक


जली कार तथा मौजूद लोग

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

कस्बा नवाबगंज के मोहम्मदाबाद रोड पर एक चलती गाड़ी में अचानक आग लग गई। तत्परता का परिचय दिखाते हुए चालक ने अपने आप को बचाया। स्थानीय लोगों ने पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद निवासी दीपक कुमार एक व्यापारी के यहां नौकरी करते हं। व्यापारी का नवाबगंज बाजार में दुकानों पर समान बेचा जाता है। उसी की उधारी वसूल करने दीपक ओमिनी कार से आए थे। शाम लगभग साढ़े तीन बजे जब वह वापस घर जा रहे थे, तभी नवाबगंज मोहम्मदाबाद मार्ग पर अचानक कार में धुआं निकलने लगा। जिसे देखकर चालक दीपक ने रोका। वैसे ही कार में भीषण आग लग गई। आग की लपटें उठी देख लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर गड्ढे के पानी को जलती कार पर डालना शुरू कर दिया। लगभग आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वहीं चालक दीपक ने बताया कि कार तीन दिन पहले ही मेरे मालिक ने खरीदी थी। अभी मालिक के नाम ट्रांसफर नहीं हुई है। इसमें गैस किट लगी है जिसमें से गैस लींक हो रही थी और कार में अचानक धुंआ के साथ चिंगारी निकली, तभी कार में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कार में अचानक से आग लग गई थी। जिस पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी के हताहत होने को कोई पुष्टि नहीं हुई है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ में तीन आरोपी गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए प्रारंम्भ किये गए अभियान मिशन शक्ति 5.0 के दृष्टिगत कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 341/2025 धारा-115(2)/ 352/ 351(2)/74 बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्तगण शिवम उर्फकल्लू पुत्र देशराज, हिमांशु पुत्र श्याम पाल, नवीन पुत्र श्याम सिंह को गिरफ्तार किया है। दिनांक 14.12.2025 की शाम को बुलेट बाइक सवार तीन युवकों द्वारा लोको रोड पर एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की गयी तथा इसका विरोध करने पर तीनों युवकों द्वारा पीड़िता के मामा के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 341/2025 धारा-115(2)/ 352/351(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में अभियुक्त शिवम उर्फ कल्लू पुत्र देशराज, हिमांशु पुत्र श्याम पाल, नवीन पुत्र श्याम सिंह उपरोक्त प्रकाश में आये तथा मुकदमा उपरोक्त में धारा 74 बी.एन.एस. व 7/8 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर 03 अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है।

## रंजिश में चले ईंट पत्थर


मौके पर मौजूद पुलिस

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। पूर्व में शेखपुरा मेले में विवाद को लेकर दबंगों ने जुमे की नवाज के बाद गाली-गलौज किया। जिससे दोनों पक्ष फिर आमने आमने आ गये और जमकर ईंट पत्थर चले। जानकारी के अुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर रूस्तमपुर में शेखपुर के मेले में हुए विवाद को लेकर दिनांक 11.12.25 को आसिफ अहमद पुत्र जहीर निवासी शेखपुर रूस्तमपुर कमालगंज ने कुछ नामदर्ज एवं अज्ञात लोगों के खिलाफमारपीट एवं धमकी देने का मुकदमा दर्ज करवाया था। इस रंजिश को लेकर दूसरे पक्ष द्वारा आज जुमे की नवाज के बाद गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी। उसके बाद दूसरे पक्ष द्वारा भी उसी भाषा में उन्हें जवाब दिया गया। जिस माहौल तनावपूर्ण हो गया और दोनों पक्षों द्वारा ईंट पत्थर एक दूसरे पर फेंके जाने लगे। सूचना पर कमालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमला करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील की तथा दबंगों के ऊपर जांच कर सख्त कार्रवाई के लिए कहा।

# जीएसटी का तम्बाकू गोदाम पर छापा, 50 लाख का मिला अतिरिक्त माल


अभिलेख खंगालती टीम

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

जीएसटी एसआईवी (विशेष जांच इकाई) की टीम ने शुक्रवार दोपहर कंपिल रोड स्थित एक तंबाकू गोदाम पर छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान गोदाम में संचालित तीन फर्मों अंशुल रस्तोगीए कायमगंज टुबैको और जनता टुबैको से लगभग 50 लाख रुपए मूल्य का अतिरिक्त माल बरामद किया गया। इटावा जीएसटी एसआईवी के डिप्टी कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार सिंह और एसी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान जीएसटी टीम ने गोदाम में मौजूद फर्मों के अभिलेखों की गहन जांच की। इसके साथ ही वहां रखे माल का भौतिक सत्यापन भी किया गया। अधिकारियों ने अभिलेखों में दर्ज स्टॉक और मौके पर मिले माल का आपस में मिलान किया। जिसमें बड़ी विसंगति पाई गई। जीएसटी अधिकारियों के पहुंचने से तंबाकू व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई व्यापारियों ने एक.दूसरे को फोन कर टीम की गतिविधियों की जानकारी ली, जबकि कुछ गोदाम संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों पर ताले लगा दिए। डिप्टी कमिश्नर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कंपिल रोड स्थित गोदाम में संचालित तीनों तंबाकू फर्मों के अभिलेखों की विस्तृत जांच में लगभग 50 लाख रुपए का अतिरिक्त माल मिला है, जो अभिलेखों में दर्ज नहीं था। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच पूरी हो गई है और तीनों फर्मों के स्वामियों को शनिवार को जीएसटी कार्यालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया है। इसके बाद अभिलेखीय जांच और नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दरोगा की कैप लगाकर युवक पुलिस की छवि कर रहा धूमिल


दरोगा की कैप लगाये युवक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

एक युवक पुलिस की कैप लगाकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर खाकी की छवि को धूमिल कर रहा है। कई लोगों ने इस युवक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग थाना कादरीगेट पुलिस से की है।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के अंतर्गत मोहल्ला नरकसा निवासी अंकुश राजपूत अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर पुलिस की कैप लगाकर भड़काऊ पोस्ट डाल रहा है। जिससे लोग काफी परेशान हैं। पीड़ित लोगों ने उपरोक्त युवक के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग संबंधित थाना पुलिस से की है। लोगों का कहना है कि उपरोक्त युवक ने अपने जन्मदिन पर उपरोक्त कैप लगायी है और इसकी पोस्ट इंस्टाग्राम पर की है। इससे पुलिस की छवि धूमिल हो रही है।

## हत्या के मामले में तीन आरोपियों पर दोष सिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष ई.सी. एक्ट न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने हत्या के मामले में राजेश अग्रवाल पुत्र सुरेन्द्र अग्रवाल निवासी नौनियमगंज कायमगंज, सिकन्दर पुत्र विनोद बाथम निवासी पृथ्वी दरवाजा कायमगंज, देशराज पुत्र बाबूराम निवासी अताईपुर कायमगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 20 दिसंबर की तिथि नियत की है। बीते लगभग 23 वर्षों पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र के निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दिनांक 3 अप्रैल 2002 को मेरे गांव का ईश्वर दयाल उर्फपप्पू उम्र लगभग 27 वर्षीय जो मेरे ट्रैक्टर का चालक था, मेरी मोटर साइकिल लेकर मेरे ट्यूबबेल से घर जा रहा था। समय लगभग रात नौ बजे फायर की आवाज सुनाई पड़ी। मैं व मेरे मजदूर ने भाग कर हंसापुर गौराई जाने वाले रोड पर पहुंचे, तो देखा कि मेरे ट्रैक्टर चालक ईश्वर दयाल उर्फ पप्पू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लाश और मोटरसाइकिल रोड पर पड़ी है। हम लोगों को देखकर लगभग तीन चार बदमाश फायर करते हुए भाग गए। जिन्हें हम लोगों ने टार्च की रोशनी में देखा और पहचाना है। सामने आने पर पहचान लेंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर सुग्रीव, राजेश अग्रवाल, सिकन्दर, देशराज के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह ने राजेश अग्रवाल, सिकन्दर, देशराज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 20 दिसंबर की तिथि नियत है।

# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण सम्पन्न

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



प्रशिक्षण देते ट्रेनर

समेकित शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर ब्लॉक बढ़पुर के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सभागार में तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार कुशवाहा एवं अखिलेश कुमार बाजपेई द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ। जिसमें जिले के सभी 17 विकास खंडों से चयनित मास्टर ट्रेनरों ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, उनके शैक्षिक, सामाजिक एवं व्यवहारिक विकास के लिए शिक्षकों की क्षमता संवर्धन करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग बच्चों की विभिन्न श्रेणियों, उनकी शैक्षिक जरूरतों, अनुकूल शिक्षण विधियों, सहायक उपकरणों के उपयोग तथा समावेशी शिक्षा की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्रों में बताया गया कि समेकित शिक्षा के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य विद्यालयी व्यवस्था से जोड़कर समान अवसर उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए शिक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण, केस स्टडी, समूह चर्चा और गतिविधि आधारित शिक्षण विधियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों को यह भी जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे अपने-अपने विकास खंडों में जाकर विद्यालय स्तर पर शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। जिससे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों की पहचान, आंकलन, व्यक्तिगत शिक्षा योजना निर्माण तथा अभिभावकों के साथ समन्वय पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से जिले में समावेशी शिक्षा को मजबूती मिलेगी और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने में सहूलियत होगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन से शिक्षकों में नई ऊर्जा और समझ विकसित हुई है। जिसका लाभ सीधे तौर पर दिव्यांग बच्चों को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विशेष शिक्षक रोहतास कुमार एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र सिंह के द्वारा विशेष सहयोग किया गया।

# ईओ ने किया बस स्टैण्ड स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण


रैन बसेरा का निरीक्षण करते ईओ


बस स्टैण्ड पर अलाव तापते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर बनाये गये रैन बसेरा में 50 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गयी है। जिसमें शुक्रवार को 7:00 बजे तक 11 लोग रुके हुए हैं। सभी के आधार कार्ड देखकर एंट्री की जाती है और रुकने की व्यवस्था की गई है। सर्दी को देखते हुए अलाव भी जगह-जगह पर जलवाये गये हैं। रेन बसेरा में गद्दा रजाई तकिया की व्यवस्था की गई है। देर शाम अधिशाषी अधिकारी विनोद कुमार ने रैन बसेरा का निरीक्षण किया तथा ठहरे लोगों से जानकारी की। साथ ही समस्यायें पूछीं। जिस पर लोगों ने कहा कि सभी व्यवस्थायें ठीक हैं। उन्हें कोई परेशानी नहीं है। वहीं अधिशाषी अधिकारी ने कहा कि रैन बसेरा में सर्दी के चलते सभी व्यवस्थायें चाक चौबंद की गयी हैं। जिससे यहां पर ठहरने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव का धूमधाम से हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक व अन्य


विजेता को सम्मानित करते मुख्य अतिथि

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं 19वें सिनर्जी फेस्ट का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। सात दिवसीय इस महोत्सव का समापन हुआ। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट डॉ. अजय प्रताप रहे। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे।

खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत आयोजित वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में सुभाष चंद्र बोस हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और मुख्य अतिथि से पुरस्कार प्राप्त किया। सात दिवसीय खेल प्रतियोगिता में सुभाष चंद्र बोस हाउस (येलो हाउस) ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सभी हाउसों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी समूह के प्रेसिडेंट रूपाली एवं अंशुल को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सिंगिंग प्रतियोगिता में करिश्मा (2025 बैच) ने प्रथम स्थान, कशिश (2025 बैच) ने द्वितीय स्थान तथा अन्वी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डांस प्रतियोगिता में निधि (2022 बैच) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आंचल (2022 बैच) द्वितीय एवं सुहानी एवं इप्शिता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान बेस्ट एंकर अवार्ड 2019 बैच की रूपाली एवं संदीप को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संचालन में डॉ0 शीलू गुप्ता, डॉ0 रिता सिंह, डॉ. निरंजन एस, डॉ. डीआर, शिवम दीक्षित, अरुण कुमार पांडे, भारती पांचाल, डीआर आरिफ हुसैन, डॉ. आनंद बाजपेई, डॉ. रेशमा, डॉ. कविता, डॉ. साहेब, डॉ. विकास, डॉ. श्वेता, डॉ.आशा, डॉ. दीपा, डॉ. शिव प्रसाद मिश्रा एवं अन्य गैर शिक्षक कर्मचारियों का योगदान रहा। प्राचार्या डॉ. नीतू श्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि यह खेल सप्ताह तथा वार्षिकोत्सव देश के जांबाज सिपाहियों को समर्पित है। समारोह का समापन उत्साह, अनुशासन एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ हुआ। जिससे पूरा परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा।

## आईटीआई में रोजगार मेला आज

**300 रिक्तियों के सापेक्ष पांच कम्पनियां ले रही हैं हिस्सा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में 20 दिसम्बर शनिवार को रोजगार मेला/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। 300 रिक्तियों के सापेक्ष 05 कम्पनियां (स्मार्ट मीटर इन्सटालेशन कम्पनी-150, हैवेल्स इण्डिया लि.गुरूग्राम-50, आईटीसी लि. गाजियागाद-50, ज्युपिटर लैमीनेटर प्रा.लि. सोनीपथ-50) प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमें इण्टर मीडिएट, आईटीआई डिप्लोमा, ग्रेजुएट एवं वी.टेक के पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने दस्तावेज लेकर आये।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

## रखा बालिका इंटर कालेज में मतदाता साक्षरता क्लब का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज में शुक्रवार को मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया गया। बच्चों ने सभी को जागरुक किया कि 1 जनवरी 2026 को जो बच्चे 18 वर्ष आयु पूर्ण कर लेंगे वह अपना निर्वाचन प्रक्रिया के तहत पंजीकरण अवश्य कराये। जो बच्चे 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है या करने वाले है वह अपना फार्म भरकर संबंधित बीएलओ के पास अवश्य जमा करें। शिक्षिका बीना अम्बेस्डर ने जागरुक करते हुए मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। भावना लाल को नोडल नामित किया गया। कक्षा 12 की छात्रा अंजली को कैम्पस एंबेस्डर नामित किया गया। पात्र छात्राओं को मतदाता सूची में पंजीकरण करने के लिए फार्म नम्बर 6 ऑन लाइन व आफ लाइन भरे जाने की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि समय पर कार्य पूरा करें और सभी को जागरुक करें।

## भारतीय महाविद्यालय में ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रतियोगिता में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी

भारतीय महाविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के पर ब्लॉक स्तरीय भाषण व काव्य तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्लॉक बढ़पुर व ब्लाक राजेपुर के महाविद्यालय तथा इंटर कॉलेजों ने प्रतिभाग किया। भारतीय महाविद्यालय, बद्री विशाल पीजी कॉलेज, मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ, डीएन कॉलेज फतेहगढ़ के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। इंटर कॉलेजों में राजकीय इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज, मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज, दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर, राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकपुर, म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़, मोहनलाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज रकाबगंज मऊदरवाजा, माता चंद्रावती इंटर कॉलेज चिलसरा रोड के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभा किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा 12वीं की छात्रा कामिनी, द्वितीय स्थान पर कक्षा नवीं का छात्र अजय कुमार एवं तृतीय स्थान पर कक्षा ग्यारहवीं का छात्र निमिष कुमार मिश्रा रहा।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में बद्री विशाल पीजी कॉलेज की परास्नातक की छात्रा निवेदिता अवस्थी प्रथम स्थान पर, राजकीय महाविद्यालय निनौआ के स्नातक के छात्र आदित्य रतन शाक्य द्वितीय स्थान पर तथा भारतीय महाविद्यालय के स्नातक की छात्रा रजनी यादव और बद्री विशाल पीजी कॉलेज की छात्रा यशिका मिश्रा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में बद्री विशाल पीजी कॉलेज की छात्रा निवेदिता अवस्थी प्रथम, एनकेपी इंटर कॉलेज की छात्रा अवन्या साध द्वितीय तथा दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर की छात्रा पल्लवी अग्निहोत्री तृतीय स्थान पर रही। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. शालिनी एवं डॉ. अनामिका सक्सेना रही।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश, प्रधानाचार्य संतोष कुमार कटियार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय से आए प्राध्यापकगण तथा इंटर कॉलेज से आए अध्यापकगण उपस्थित रहे। संचालन डॉ. आलोक बिहारी लाल ने किया।

## व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में जाम व अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा


व्यापारियों की बैठक लेते एएसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में कई बिन्दुओं पर व्यापारियों से चर्चा हुई। शहर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की गई। साथ ही जाम की समस्या का भी मुद्दा उठा। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी दुकानदार अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाये। पुलिस का पूरा सहयोग व्यापारियों के साथ रहेगा। कोई भी संदिग्ध हो तो उसकी जानकारी पुलिस को दें, तुरन्त कार्यवाही की जायेगी। साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि अपनी दुकान को आगे बढ़ाकर न लगाये, जिससे लगने वाले जाम से निजात मिले। टीएसआई ने कहा कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य पहने और फोन पर बात न करें। इस मौके पर प्रबल माहेश्वरी, अर्पण अग्रवाल, रविकांत गुप्ता, अंकित गुप्ता मौजूद रहे।

## पट्टे की जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पट्टे की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जे का विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पीड़ित प्रशान्त पाल पुत्र सुरेश पाल निवासी ग्राम धीरजपुर थाना कमालगंज का निवासी है। पीड़ित की कृषि भूमि का पट्टा उपजिलाधिकारी द्वारा किया गया था। जिस पर सबासी गांव के रामतीर्थ यादव पुत्र प्रीतम यादव कब्जा किये थे। दिनांक 01.12.2024 को क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा नाप कर पीड़ित को कब्जा दिया गया था। इसके बाद 24.11.2025 की सुबह करीब 9 बजे पीड़ित खाद बीज लेकर खेत में गेहू बोने पहुंच, तो रामतीर्थ यादव पुत्र प्रीतम यादव, अमित यादव व सुमित यादव पुत्र रामतीर्थ ने खेत पर पहुंचकर विरोध किया, तो गाली-गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## जनक्रांतिकारी मोर्चा ने क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


शहीद क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यालय पर अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां, डॉ. रोशन सिंह की शहादत पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्षता डॉ. मेंहदी हसन ने की।

अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां, डॉ. रोशन सिंह के चित्र पर सभी ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। काकोरी काण्ड ट्रेन लूट के जुर्म में पहले तीनों को फांसी दी गई थी। अंग्रेजों को भय था कि कहीं ब्रिटिश अंग्रेजों का अपना क्रांतिकारी निशाना न बना लें, इसलिए उन्हें फांसी दे दी गई। काकोरी ट्रेन लूट में लखनऊ काण्ड इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखा हुआ है। तीनों क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते हुए काकोरी ट्रेन एक्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ऐसे वीर बलिदानियों को जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा कोटि-कोटि नमन करता है। देश के युवा ऐसे महान पुरुषों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। इस मौके पर संस्थापक अध्यक्ष उत्तम कुमार, नरेन्द्र कुमार शर्मा, शिवाजी कटियार, डॉ. मुन्ना सिंह, ओमप्रताप सिंह, राजेश मिश्रा, संजीव कुमार गुप्ता, पृथ्वीनारायन, रामनारायन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## रखा बालिका इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने मचाया धमाल

**प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने छात्राओं को किया सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पुरुस्कृत छात्राओं के साथ मौजूद अतिथिगण

रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सी डेनीयल रहे। प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह ने प्रबंधक का बुके देकर स्वागत किया। पादरी मनोज कुमार, पादरी स्टीफन मसीह व पूर्व शिक्षिका प्रीती मसीह मौजूद रही। प्रार्थना के साथ पादरी मनोज मसीह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संचालन शिक्षिका भावना लाल ने किया। अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह ने बैज लगाकर व बुके देकर किया। विद्यालय की समस्त अध्यापिकाओं ने आज मेरे दिल में खुशी है सुंदर गीत प्रस्तुत किया। समस्त कक्षाओं की छात्राओं ने प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नाटक प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। कक्षा 12 की छात्राओं ने कब्बाली प्रस्तुत कर मन मोह लिया। स्वर्ग से उतरा स्वर्गदूत पर कक्षा 11 की छात्राओं ने एक्शन सांग प्रस्तुत किया। कक्षा 8 की छात्राओं ने जीवन की रोटी, कक्षा 9 की छात्राओं ने सुंदर भाव नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा 8 की छात्राओं ने चमका तारा यह चमका तारा पर सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। चार्ली चेपलिन ने अपनी अदाकारा से सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह व प्रबंधक ने समस्त शिक्षिकाओं व कर्मचारी को उपहार देकर सम्मानित किया। प्रबंधक ने कहा कि कार्यक्रम की प्रस्तुति से मन बहुत प्रसन्न हुआ है।

कब्बाली अति सुंदर रही। वार्षिकोत्सव में फैंसी ड्रेस व खेलकूद मेले का भी आयोजन हुआ। पादरी मनोज कुमार व स्टीफन मसीह द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्राप्त करने वाली छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पादरी स्टीफन मसीह ने प्रार्थना के साथ आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खराब कार्य करने वाली एएनएम का डीएम ने रोका वेतन

**30 वर्ष से ऊपर लोगों का बीपी व शुगर चेक करने के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभगार में आकांक्षात्मक विकास खंड राजेपुर व नवाबगंज के लिये निर्धारित इंडिकेटर्स की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में राजेपुर व नवाबगंज संस्थागत प्रसव में स्टेट एवरेज से कम पाया गया। स्वास्थ्य विभाग के 14 इंडिकेटर में राजेपुर व नवाबगंज स्टेट एवरेज से पीछे पाया गया।

डीएम ने इस पर नाराजगी जताई व निर्देशित किया गया कि जिन इंडिकेटर्स में स्टेट एवरेज से पीछे है उनसे संबधित अधिकारियों से पीछे होने के कारण स्पष्ट करने को कहा जाये। 30 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों का बीपी व शुगर चेक किया जाए। डीएम ने खराब कार्य करने बाली एएनएम के खिलाफ वभागीय कार्यवाही करने व वेतन रोकने के निर्देश दिये। जुकेशनल इंडिकेटर में भी दोनों ब्लाक स्टेट एवरेज से पीछे पाये गये, राजेपुर ब्लाक में बीएसएनएल द्वारा भारत नेट की केबिल न बिछाये जाने पर नाराजगी जताई व भारत सरकार को पत्र लिखकर अवगत कराने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, पीडीडीआरडीए, उपकृषि निदेशक व संबंधित मौजूद रहे।

## 52वीं सीनियर महिला कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए टीम रवाना

**20 व 21 दिसम्बर को मथुरा में होगी प्रतियोगिता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


चयनित कबड्डी टीम

उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के निर्देशन में 52वीं सीनियर महिला ओपन राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप (जॉन) दिनांक 20 दिसंबर से 21 दिसंबर तक डीपीएस स्पोर्ट्स अकादमी छाता कोसी कला मथुरा में आयोजित होगी। जिसमें जनपद की 14 सदस्यीय सीनियर बालिकाओं की टीम राज्य स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। टीम में उमानसी, अंजलि, नैंसी, रूपाली, सुहानी, मोनिका, लवी, करिश्मा, दीपाली, प्राची, सेजल, सपना देवी, अनुष्का यादव, रोशनी है। टीम कैप्टन मोनिका एवं टीम कोच/मैनेजर सीवी हैं। टीम का चयन जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव के द्वारा किया गया। चयनित टीम को जिला कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ0 आशीष शाक्य, कबड्डी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जायसवाल और डॉ. धर्मेंद्र यादव, कबड्डी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र व सभी पदाधिकारियों ने चयनित बच्चों को शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर विवेक यादव, विमलेश कुमार, अभिषेक पाल, अभिषेक शाक्य, सुनील पाल, दीपक यादव, अंशुल, विनीत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। शुक्रवार को टीम फतेहगढ़ स्टेशन से मथुरा के लिए रवाना हुई।

## अलग करने से मना करने पर पुत्र ने मां को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव बहलोलपुर निवासी मार्ग श्री उम्र 55 वर्षीय पत्नी गिरन्द सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि


सीएचसी में इलाज करती पीड़ित महिला

उनका पति खेत पर काम करने गया था। उसी दौरान मार्गश्री का मझला बेटा सुधीर घर पर आया और आते ही अपनी माँ मार्गश्री से कहने लगा कि हम तुम्हारे साथ नहीं रहेंगे। हमें अलग कर दो। जब मॉ ने बेटे को अलग करने से मना कर दिया, तो इसी बात पर गुस्साए कलयुगी मझले बेटे सुधीर ने अपनी माँ मार्गश्री को मारपीटा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कलयुगी बेटे सुधीर के विरुद्ध मामला दर्ज कर माँ मार्गश्री को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाकर मेडीकल परीक्षण करवाया।

## डीएम ने स्वीप योजना के अन्तर्गत शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब की ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते डीएम

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप योजना के अन्तर्गत शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता साक्षरता क्लब को सक्रिय किये जाने एवं शैक्षणिक संस्थानों में अध्यनरत अर्ह छात्र/छात्राओं का पंजीकरण कराये जाने हेतु नोडल अधिकारी बनाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बैठक में सम्पन्न हुई।

डीएम ने समस्त प्रतिभागियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशनुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आयोग द्वारा जारी स्वीप सम्बन्धी दिशा-निर्देशों के भली भांति पढ़कर सुनाया। बैठक में विद्यालय/ महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि अपने विद्यालय में नोडल अधिकारी व ईएलसी क्लव व कैम्पस अम्बेस्डर की नियुक्ति न हुई हो तो उनकी नियुक्ति कर उसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करायी जाये एवं विद्यालयों में जो बच्चे 18 वर्ष की आर्यु पूर्ण कर चुके या अर्हता तिथि 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025, 01 अक्टूबर 2025 एवं 01 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे वह प्रारूप-6 पर अपना आवेदन कर निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करें। साथ ही समस्त विद्यार्थियों को अवगत करायेंगे कि समस्त विद्यार्थी अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से वेब पोर्टल पर जाकर प्रारूप-6 भर सकते हैं। आयु एवं जन्म के लिये मतदाता को निम्न साक्ष्य उपलब्ध कराने होगे। जन्म तारीख के सबूत के प्रमुख दस्तावेज-इनमे से कोई एक, सक्षम स्थानीय निकाय/ नगरपालिका प्राधिकरण/ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र। पैन कार्ड, चालन अनुज्ञप्ति ड्राविंग लाइसेंस, सीबीएसई/ आईसीएसई/ राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10 या कक्षा 12 का प्रमाण पत्र, यदि इनमें जन्म तारीख अतर्विष्ट है।

भारतीय पासपोर्ट होने है। वहीं निवास के सबूत के रूप में प्रमुख दस्तावेज उस पते पर पानी/ बिजली/गैस कनेक्शन बिल कम से कम एक वर्ष, आधार कार्ड राष्ट्रीय/ अनुसूचित बैक/डाक घर की वर्तमान पास बुक। भारतीय पास पोर्ट, राजस्व विभाग का भूमि स्वामित्व अभिलेख जिसमें किसान बही भी है। रजिस्ट्रीकृत किराया पट्टा विलेख किरायेदार की दशा में, रजिस्ट्रीकृत विक्रय विलेख स्वंय के घर की दशा में होना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त प्रतिभागियों से अपील की कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे या कर चुके मतदाता उपरोक्त मानको के साथ प्रारूप-6 के साथ फार्म में फोटो लगाकर घोषणा पत्र अनुलग्नक-4 भर कर अधिक से अधिक संख्या में जमा करायेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, उपजिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी रजनीकांत, अपर उप जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, बेसिक शिक्षाधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, जिला कमाण्डेट आफीसर एनसीसी, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड, समस्त प्रधानाचार्य, विधालय/महाविद्यालय, स्वीप को.आर्डिनेटर सुधीर कुशवाह आदि मौजूद रहे।

### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइंस में त्रुटिवश पता व पिता का नाम शफीक दर्ज हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में सही नाम शफीक अहमद खां दर्ज है। जिसे मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाये। मु0 शुएब खां पुत्र शफीक अहमद खां निवासी डन्डी गढ़ी गिर्द कायमगंज, फर्रुखाबाद।

### सूचना

मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश घरेलू नाम आरब ( ARAB) दर्ज हो गया है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र में सात्विक तिवारी ( SATVIK TIWARI) दर्ज है, जो सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में सही नाम दर्ज किया जाये। अनुपम तिवारी पुत्र कौशल किशोर तिवारी निवासी राजीव गांधी नगर, मेरी मदर स्कूल के पास, कोतवाली फर्रु0।

# दुधवा : गैण्डों से हटाया गया रिद्धि का रेडियो कॉलर

पलिया-खीरी, समृद्धि न्यूज।

दुधवा टाइगर रिजर्व में स्वच्छंद विचरण कर रहे गैण्डों की निगरानी के लिए लगाए गए जीपीएस आधारित रेडियो कॉलर हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मादा गैण्डा 'रिद्धि' का रेडियो कॉलर सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। यह कार्यवाही अत्यंत प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के बावजूद विशेषज्ञों और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पूरी की गई।

उल्लेखनीय है कि दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी में स्थित प्रथम गैण्डा पुनर्वास केंद्र से नवंबर 2024 में दो तथा मार्च 2025 में दो गैण्डों को प्राकृतिक वातावरण में स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ा गया था। इन गैण्डों की गतिविधियों, स्वास्थ्य और सुरक्षा की निरंतर निगरानी के उद्देश्य से उन्हें जीपीएस आधारित रेडियो कॉलर पहनाए गए थे।



रेडियो कॉलर हटाने की कार्यवाही असम और दिल्ली से आए अनुभवी वन्यजीव विशेषज्ञों की मौजूदगी में शुरू की गई। इस दौरान डॉ. एच. राजामोहन, मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर-खीरी स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। उनके नेतृत्व में वेटनरी टीम, दुधवा बाघ फाउंडेशन की टीम, दक्षिण सोनारीपुर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी व उनका स्टाफ, उपप्रभागीय वनाधिकारी बेलरायां सहित अन्य वनकर्मी इस अभियान में शामिल रहे।

विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार मादा गैण्डा 'रिद्धि' को सुरक्षित रूप से ट्रैंकुलाइज किया गया, जिसके बाद उसका रेडियो कॉलर सावधानीपूर्वक निकाल लिया गया। पूरी प्रक्रिया के दौरान गैण्डे के स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कार्यवाही पूरी तरह सफल रही और गैण्डा सामान्य अवस्था में पुनः अपने प्राकृतिक क्षेत्र में विचरण करने लगा है। वन विभाग के अनुसार शेष गैण्डों के रेडियो कॉलर हटाने की कार्यवाही आज प्रातः पुनः प्रारंभ की जाएगी। यह कदम इस बात का संकेत है कि गैण्डों का पुनर्वास कार्यक्रम सफल दिशा में आगे बढ़ रहा है और वे अब बिना तकनीकी निगरानी के भी प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षित रूप से जीवन यापन करने में सक्षम हो रहे हैं।

दुधवा टाइगर रिजर्व में गैण्डा पुनर्वास परियोजना को वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, जो भविष्य में क्षेत्र की जैव विविधता को और सुदृढ़ करेगी।

## एक ही दिन में तीन अजगरों का सफल रेस्क्यू दुधवा में स्वच्छंद विचरण के लिए किया मुक्त



दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी अंतर्गत दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन के सहयोग से कार्यरत मोटीवेटर नाजरुन निशा द्वारा एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों से तीन अजगरों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। पूर्वाह्न में पलिया क्षेत्र के अतरिया गांव से अजगर होने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। इसी दौरान सेमरीपुरवा गांव से भी अजगर की मौजूदगी की सूचना मिली। अतरिया गांव में रेस्क्यू कार्य पूर्ण करने के बाद टीम ने सेमरीपुरवा पहुंचकर वहां से भी अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके पश्चात दोपहर में बंशी नगर से अजगर दिखाई देने की सूचना मिली, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां से भी अजगर का सफल रेस्क्यू किया गया। तीनों अजगरों को सुरक्षित रूप से उनके प्राकृतिक वास स्थल दुधवा में स्वच्छंद विचरण हेतु अवमुक्त कर दिया गया। इस सराहनीय कार्य से न केवल वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल भी समाप्त हुआ।

# गोला कॉरिडोर की सुस्ती पर डीएम सख्त, ठेकेदारों पर पांच करोड़ से अधिक जुर्माने की तैयारी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

गोला स्थित शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए निर्माणाधीन कॉरिडोर की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के बाद ठेकेदारों पर अनुबंध की शर्तों के तहत पांच करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाए जाने की तैयारी है।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अगुवाई में गठित समिति ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की भौतिक प्रगति अत्यंत धीमी मिली और मौके पर श्रमिकों की संख्या भी अपेक्षा से काफी कम पाई गई। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के सहायक परियोजना प्रबंधक (एपीएम) निरीक्षण के समय उपस्थित रहे। समिति ने उपलब्ध बार-चार्ट का विश्लेषण किया, जिसमें स्पष्ट हुआ कि अनुबंध के अनुसार कॉरिडोर निर्माण कार्य की पूर्णता तिथि 15 मार्च 2026 निर्धारित है, जबकि ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत वर्क प्रोग्राम में कार्य अगस्त 2026 तक पूरा करने का प्रस्ताव दिया गया है, जो अनुबंध की शर्तों के विपरीत है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया कि श्रावण मास के दौरान गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों का आगमन होता है। यदि उससे पूर्व कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो शांति व्यवस्था और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में गंभीर कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए समिति ने डीएम को सौंपी गई आख्या में संबंधित ठेकेदारों पर लिक्विडेटेड डैमेज लगाए जाने की संस्तुति की है। इसके तहत अनुबंध संख्या 109 में मेसर्स रीना सिंह पर 1.81 करोड़ रुपये, अनुबंध संख्या 110 में मेसर्स नारायन एसोसिएट्स पर 1.73 करोड़ रुपये तथा अनुबंध संख्या 111 में मेसर्स नारायन एसोसिएट्स पर 1.71 करोड़ रुपये का जुर्माना प्रस्तावित है। रिपोर्ट के आधार पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण तलब किया है। अधिकारियों का कहना है कि यह सख्ती परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। जांच समिति में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड गोला तथा उप जिलाधिकारी गोला शामिल रहे। प्रशासन का साफ संदेश है कि तय समयसीमा में कार्य पूरा न होने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



- जांच समिति की रिपोर्ट से खुली पोल, श्रावण से पहले काम पूरा न होने पर बढ़ेगी कार्रवाई
- यूपीपीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर से मांगा जवाब, अनुबंध शर्तों के उल्लंघन पर घिरे ठेकेदार

## खबरें एक नजर में

### लखीमपुर खीरी के वरेण्य त्यागी का चयन, यू.पी. सेंट्रल जोन अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल में बनाई जगह



लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। जिले के लिए गौरव का क्षण है, जब शहर की उभरती क्रिकेट प्रतिभा वरेण्य त्यागी का चयन उत्तर प्रदेश सेंट्रल जोन अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल के लिए किया गया है। वरेण्य लखीमपुर खीरी स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के छात्र हैं। चयन की सूचना मिलते ही परिजनों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वरेण्य की इस उपलब्धि पर उनकी क्रिकेट अकादमी के कोच श्याम मोहन श्रीवास्तव, स्कूल प्रबंधन विशाल सेठ एवं प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। वरेण्य, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ त्यागी के पुत्र हैं। वरेण्य की दादी सुमन त्यागी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बचपन से ही वरेण्य अनुशासन और निरंतर मेहनत में विश्वास रखता है और आज उसकी लगन सही दिशा में आगे बढ़ती दिख रही है। वहीं माता अर्चना त्यागी ने भावुक स्वर में कहा कि यह उसके सपनों की शुरुआत है और परिवार हमेशा उसके साथ खड़ा रहेगा। वरेण्य त्यागी की इस सफलता से न केवल परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है और स्थानीय खेल जगत में उत्साह का माहौल है।

### गोला के तीन कार्यकर्ता बने एबीवीपी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य



- बहराइच में संपन्न अधिवेशन में आशुतोष, अंशुमान व हर्षित को मिली जिम्मेदारी

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय 65वां प्रांत अधिवेशन बहराइच के महाराजा सुहेलदेव नगर स्थित किसान महाविद्यालय में संपन्न हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिन अवध प्रांत की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें गोला जिले के तीन कार्यकर्ताओं को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। कार्यकारिणी में गोला के पूर्व जिला सह संयोजक आशुतोष मिश्रा, पूर्व नगर सह मंत्री अंशुमान शुक्ला एवं पूर्व नगर सह मंत्री हर्षित अवस्थी को प्रांत स्तर पर जिम्मेदारी दी गई है। तीनों के चयन से जिले और नगर के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर निवासी आशुतोष मिश्रा वर्ष 2019 से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे पूर्व में नगर सह मंत्री, नगर मंत्री, तहसील सह संयोजक, तहसील मीडिया प्रमुख तथा जिला सह संयोजक जैसे विभिन्न दायित्वों का सफल निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में उनकी शिक्षा एलएलबी प्रथम वर्ष में चल रही है। अंशुमान शुक्ला संगठन में नगर सह मंत्री एवं तहसील सह संयोजक जैसे दायित्वों पर रह चुके हैं, जबकि हर्षित अवस्थी ने नगर सह मंत्री के रूप में संगठन को सक्रिय रूप से मजबूत किया है। प्रांत कार्यकारिणी में समायोजन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने तीनों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे नई जिम्मेदारी में संगठन को और मजबूती प्रदान करेंगे।

### आम की लकड़ी सिर पर गिरने से खेल रहे छात्र की दबकर मौत



पैलानी /बांदा, समृद्धि न्यूज। थाना चिल्ला अन्तर्गत पपरेंदा गांव में गुरुवार की शाम छह बजे नौ वर्षीय कक्षा चार के छात्र राहुल उर्फ मोहित पुत्र फूलचंद निवासी ओरहा थाना अतर्रा जो अपने जीजा सोनू के यहां अपनी मां संगीता व पिता फूलचंद के साथ आज पपरेंदा दोपहर एक बजे आये हुए थे,घर से तीन सौ मीटर दूर राहुल उर्फ मोहित आम के पेंड़ के नीचे खेल रहा था तथा अज्ञात व्यक्ति आम के पेंड़ पर चढ़कर लकड़ी काट रहा था तभी अचानक सिर पर आम की लकड़ी गिर जाने से दब गया रोने की आवाज सुनकर पास में ही शौच कर रही मां संगीता व बहन रेखा ने आवाज सुनकर दौड़ते हुए आम की लकड़ी हटाकर निजी वाहन से जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जीजा सोनू ने बताया कि दिवंगत राहुल उर्फ मोहित दो भाई व तीन बहनों में सबसे छोटा था। तथा ओरहा के मौजा नगवारा,धोविन पुरवा में स्थित प्राथमिक विद्यालय का कक्षा चार का छात्र था घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी पपरेंदा रामू सिंह यादव व कांस्टेबल पीयूष ने घर जाकर घटना की जानकारी ली। चौकी प्रभारी रामू सिंह यादव ने कहा कि अभी तहरीर नहीं मिली है, लकड़ी से दबकर छात्र राहुल उर्फ मोहित की मौत हुई है।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, दो की मौके पर मौत



पैलानी /बांदा, समृद्धि न्यूज। चिल्ला बांदा मार्ग के ग्राम दोहतरा के पास मेन रोड पर मोटरसाइकिल यामाहा के बाइक सवार बांदा से ललौली जा रहे थे व मोटरसाइकिल हीरो होंडा शाइन में सवार डिघवट गांव निवासी चिल्ला से घरेलू सामान लेकर घर आ रहे थे तभी दोनों बाइको की टक्कर होने के बाद बांदा से कानपुर जा रहे ट्रक ने रौंद दिया जिससे टक्कर हो जाने से ट्रक का अज्ञात चालक द्वारा.सरवर पुत्र इसरार अहमद उम्र 25 वर्ष 2. इशरत खान पुत्र फारूक उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम ललौली थाना ललौली जनपद फतेहपुर के ऊपर चढ़ा देने से दोनों की मौके पर मृत्यु हो गई ।निकल रहे राहगीरों ने थाना प्रभारी चिल्ला अनूप दुबे को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने शवों को किनारे हटवाकर परिजनों को सूचना दिया तथा ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौक़े से फरार हो गया वहीं पुलिस ने ट्रक व क्षतिग्रस्त दोनों बाइको को थाना चिल्ला में खड़ा करा दिया है ।तथा एक अन्य बाइक सवार जो चिल्ला से दोहतरा गांव जा रहे थे बाइक सवार चालक प्रमोद कुमार पुत्र जयकरण वर्मा निवासी डिघवट का पैर टूट गया तथा दो अन्य इसी बाइक पर सवार युवक भाग खड़े हुए। वही गंभीर रूप प्रमोद कुमार को मेडिकल कॉलेज भेजा तथा बांदा चिल्ला मार्ग को बहाल कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

# डीबीएस मैलानी में तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन

- अंतर-विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में सेंट जॉन्स स्कूल गोला का दबदबा




गोलागोकर्ण नाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

डॉन बॉस्को स्कूल, मैलानी में आयोजित प्रथम अंतर-विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2025 में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर सेंट जॉन्स स्कूल गोला के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों के अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खेलों के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने पीटीआई शिक्षक प्रशांत सिंह एवं पीटीआई शिक्षिका निधि सिंह के कुशल मार्गदर्शन की भी सराहना की, जिनके प्रशिक्षण से खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक खेल भावना और उत्साह के साथ किया गया। प्रतियोगिता में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला, डॉन बॉस्को स्कूल, मैलानी तथा सिद्धि विनायक स्कूल, मैलानी के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक विकास के साथ अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना रहा।

प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में सेंट जॉन्स स्कूल गोला की टीम ने शानदार तालमेल और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में भी सेंट जॉन्स स्कूल गोला की टीम ने श्रेष्ठ खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त बैडमिंटन अंडर-17 बालक वर्ग में सेंट जॉन्स स्कूल गोला के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की, जबकि टग ऑफ वार अंडर-17 वर्ग में टीम ने कड़ा संघर्ष करते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग की खो-खो विजेता टीम में अक्षत कुमार, अक्षय वर्मा, पार्व सिंह, शिव अवस्थी, प्रथम पांडेय, तरुण सोनी, देव पटेल, अंश पटेल, दिलबाग सिंह एवं ईशान रस्तोगी शामिल रहे।

अंडर-14 बालिका वर्ग की खो-खो विजेता टीम में हंसिका तिवारी, आराध्या पटेल, आराध्या वर्मा, आराध्या सिंह, रैज़ेल एड्रिया, अनामिका वर्मा, अदिति पटेल, सान्वी गुप्ता, काव्या सिंघल, नव्या सिंघल एवं द्युमना सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं टग ऑफ वार अंडर-17 वर्ग में सेंट जॉन्स स्कूल गोला की ओर से अक्षत कुमार, अक्षय वर्मा, नैतिक कोहली, प्रथम पांडेय, ईशान रस्तोगी एवं तरुण सोनी ने दमखम दिखाते हुए टीम को उपविजेता स्थान तक पहुँचाया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, आकर्षक मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत ओयल में चौपाल आयोजित



ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज।

विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत ओयल कस्बे में मतदाता सूची से हटाए गए नामों को लेकर कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओयल में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में नगर पंचायत ओयल के अधिशासी अधिकारी ऋषिकेश वर्मा, चेयरमैन प्रतिभा उत्तम मौर्य एवं लेखपाल की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान बीएलओ आलोक, संगीता एवं जगदीश कुमार ने विस्थापित, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नामों की सूची उपस्थित मतदाताओं के समक्ष पढ़कर सुनाई। साथ ही बताया गया कि यदि किसी नाम को लेकर किसी प्रकार की आपत्ति है, तो संबंधित दस्तावेजों के साथ नियत तिथि तक आपत्ति दर्ज कराकर उसका निराकरण कराया जा सकता है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ऋषिकेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक, स्थानांतरित एवं अयोग्य मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। अभियान के अंतर्गत बूथ संख्या 85 से 38 नाम, बूथ संख्या 86 से 218 नाम, बूथ संख्या 84 से 230 नाम तथा बूथ संख्या 83 से 164 नाम हटाए गए हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई छात्रवृत्ति संबंधी बैठक

बांदा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज छात्रवृत्ति की समीक्षा बैठक की गयी। जनपद में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति (डिग्री स्तर) प्रदान करने वाले जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य/छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों के साथ यह बैठक की गयी। शासन स्तर से निर्गत छात्रवृत्ति समय सारिणी के अनुसार 20 दिसम्बर, 2025 तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। एवं शिक्षण संस्थाओं के स्तर से छात्रों के डाटा के अग्रसारित किया जाना है। वर्तमान में छात्रों के ऑनलाइन फाइनल सबमिट के सापेक्ष शिक्षण संस्थान के स्तर से अग्रसारण की प्रगति सन्तोषजनक नहीं है जिसके क्रम में सर्वाधिक लम्बित आवेदन रखने वाले शिक्षण संस्थाओं प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारियों को डीएम द्वारा शीघ्र अतिशीघ्र डाटा अग्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान अतर्रा पी.जी. कॉलेज अतर्रा, सुखदेव सिंह लवकुश डिग्री कॉलेज कमासिन, स्व. गया प्रसाद डिग्री कॉलेज भभुवा, राजादेवी डिग्री कॉलेज बाँदा, प. जे.एन. पी.जी. कॉलेज, बाँदा, गुलाबरानी महाविद्यालय बदौसा, प्रो. दीनानाथ पाण्डेय महाविद्यालय, बदौसा, स्व. प्रहलाद सिंह स्मारक डिग्री कॉलेज गौरीकलॉ, के.सी.एन.आई.टी. प्रा. आई.टी.आई. बाँदा, आदि शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी, बाँदा व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी /जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बाँदा उपस्थित रहे।



## जनसूचना अधिकार अधिनियम की जमकर अधिकारी उड़ा रहे धज्जियां

बाँदा, समृद्धि न्यूज। शिक्षा विभाग का एक और भ्रष्टाचार का हैरतअंगेज कारनामा प्रकाश मे आया है वैसे भी यह विभाग अपने काले कारनामो की वजह से हमेशा सुर्खियों मे रहता रहा है । जिसमे सपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह चुनाले द्वारा जनसूचना अधिकार के तहत बेसिक शिक्षा अधिकारी से पाँच बिन्दुओं के तहत सूचना माँगी थी परन्तु अधिकारियों द्वारा समयावधि बीत जाने के उपरांत भी सूचना उपलब्ध नही कराई गई। श्री चुनाले ने आरोप लगाते हुये बताया कि शिक्षा विभाग मे क्रय विक्रय प्रक्रिया मे जमकर धाँधली कर सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुये अपनी अपनी जेबें आवश्यकतानुसार भरी गई है एवं गरीब बच्चियो के हक मे डाका डाला गया है। एवँ सँबन्धित अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी फर्मे बनाकर पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से पैसा स्थानांतरण कर नकदी धनराशि बतौर कमीशन प्राप्त की गई है। श्री चुनाले ने माँग की है कि ऐसी डमी फर्मों की जाँच होती है तो लेखाकार राजेन्द्र कुमार द्वारा इन अधिकारियों को कैश दिया गया है। विद्यालय की वार्डन तो केवल मोहरा है। श्री चुनाले ने इस सँबध मे शिक्षा निदेशक सहित मँडलायुक्त बाँदा व जिलाधिकारी से जाँच कराने की माँग डाक से पत्र भेजकर की है।

## ब्रह्म विज्ञान इण्टर कालेज में स्वेटर वितरण का आयोजन



अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज। ब्रह्म विज्ञान इण्टर कालेज अतर्रा बांदा में स्वेटर वितरण किया गया, प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने बताया कि ठण्ड को देखते हुए निर्धन बच्चों को श्वेटर दिये गये, प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ, उन्होंने कहा कि कोई बच्चा बिना सूटर रहे, सभी बच्चे खुश हुए, अरुण कुमार, चेतराम, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेश , सुशील कुमार, बीरेंद्र दीक्षित, गिरिजेश मिश्रा, राजेश कुमार, राजेन्द्र कुमार, जेपी कोमल, वीरेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, मधु सविता, प्रेमलता, नम्रता, राममिलन यादव, आदि शिक्षक उपस्थित रहे, दीक्षा सिंह, विनय कुमार, रोहित तिवारी, राहुल तिवारी, राहुल यादव, अनामिका मिश्रा, पुष्पाकर आदि बीएड के छात्रों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार प्रकट किया।

# अज्ञात हमलावरों ने किसान को मारी गोली, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

बांदा, समृद्धि न्यूज।

अज्ञात हमलावरों ने किसान को गोली मारकर लहूलुहान कर दिया हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज से रेफर कर दिया गया सूचना मिलते ही मौके पर इलाकाई पुलिस पहुंच गई और घटना की जानकारी में जूट गई जानकारी के अनुसार थाना बदौसा क्षेत्र के गरगपुर गांव निवासी किसान राजाभाईया गर्ग पुत्र स्वर्गीय रामसनेही गर्ग उम्र 55 साल पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। घायल किसान अपने निज निवास से बाणा मवेशियों के लिए चारा-भूसा डालने जा रहे थे, तभी यह हमला हुआ।

घायल के साले और पत्रकार आत्माराम त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने तत्काल रामसनेही को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अतर्रा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उन्हें रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज बांदा रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इमरजेंसी उपचार के बाद



उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बदौसा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है। फिलहाल हमले के कारणों का पता नहीं चल सका है। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। जब पूरे मामले की जानकारी स्थानीय थाना इंचार्ज से फोन से घटना की जानकारी करने की कोशिश की गई तो उनका फोन बंद मिला।

# सिंगाही पुलिस की संवेदनशील पहल मां को मिला नाबालिग बेटा



सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।

तहसील निघासन अंतर्गत सिंगाही पुलिस की मानवीय और संवेदनशील कार्यशैली एक बार फिर सामने आई है। मिशन शक्ति के तहत थाना सिंगाही के प्रयासों से एक मां को उसका नाबालिग बेटा सकुशल वापस मिल गया, जिससे उसके चेहरे पर खुशी और सुकून लौट आया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहराइच जिले के मूर्तिहा थाना क्षेत्र के हरखापुर गांव निवासी सर्वजीत कौर का विवाह सिंगाही थाना क्षेत्र के मसुरहा गांव निवासी हरपाल सिंह से हुआ था। पारिवारिक मतभेदों के चलते लगभग पांच वर्ष पूर्व सर्वजीत कौर मायके चली गई थीं, जबकि उनका नाबालिग बेटा समर सिंह पिता के पास रह गया था। बेटे को वापस पाने की आस में पीड़िता सिंगाही थाने पहुंची और अपनी व्यथा पुलिस के समक्ष रखी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए दोनों पक्षों से संपर्क किया और उन्हें थाने बुलाया। पुलिस की मौजूदगी में बातचीत कराई गई, जिसमें समझाइश और परामर्श के बाद मामला सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा। अंततः हरपाल सिंह ने स्वेच्छा से अपने नाबालिग बेटे समर सिंह को उसकी मां सर्वजीत कौर को सौंप दिया। बेटे को गोद में लेते ही मां की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े और चेहरे पर संतोष साफ दिखाई दिया। थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं का संवेदनशील समाधान करना भी है। इस दौरान उपनिरीक्षक केसी तिवारी, हेड कांस्टेबल मो. अली, महिला कांस्टेबल मनीषा एवं कविता भी मौजूद रहीं। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की मानवीय कार्रवाई से पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत होता है।

## बेलराया-पनवाड़ी मार्ग को एक्सप्रेस-वे बनाने की मांग, विधान परिषद में उठी आवाज

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। खीमपुर खीरी के बेलराया से प्रारंभ होकर सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, औरैया, जालौन, राठ-हमीरपुर होते हुए पनवाड़ी-महोबा तक जाने वाले राज्य मार्ग-21 बेलराया-पनवाड़ी मार्ग को एक्सप्रेस-वे में परिवर्तित किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में विधान परिषद उत्तर प्रदेश के सदस्य अनुप गुप्ता ने नियम-115 के अंतर्गत विधान परिषद में सूचना देते हुए सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय की ओर आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि लगभग 385.46 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को यदि एक्सप्रेस-वे का दर्जा दिया जाता है तो न केवल आवागमन सुगम होगाए बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे भारत-नेपाल सीमा के गोरखनाथ स्थल से प्रारंभ होकर प्राचीन धार्मिक स्थल नैमिषारण्य, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की रामराजा दरबार (ओरछा) होते हुए निवाड़ी (मध्य प्रदेश) तक जोड़े जाने की परिकल्पना पर आधारित है। अनुप गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण से व्यापारए कृषिए पर्यटन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यात्रियों का समय बचेगा और क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस मार्ग को गंगा एक्सप्रेस-वे और आगरा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने पर उत्तर भारत और मध्य भारत के बीच सीधा और तेज संपर्क स्थापित हो सकेगा। विधान परिषद सदस्य ने सरकार से मांग की है कि राज्य मार्ग-21 बेलराया-पनवाड़ी को एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित करने की दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि इसका लाभ आम जनता तक पहुंच सके।

कार्यालय ग्राम पंचायत खन्देवरा, वि.ख. मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी

पत्रांक- टेंडर/विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति 2025-26 दिनांक 19/12/2025

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के द्वारा वर्ष 2025-26 की कार्य योजना पी.डब्ल्यू.डी. की दर के अनुसार 14वां/15वां वित्त/पंचम राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए उचित गुणवत्ता/मानक युक्त सीमेंट, सरिया, ईंट,मौरंग, बजरी आदि की आपूर्ति करने हेतु सील बंद निविदायें दिनांक 22.12.2025 को आमंत्रित की जाती हैं तथा दिनांक 26.12.2025 को अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। समस्त निविदाओं को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार प्रधान/सचिव को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म/विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतंत्र होगी। निविदा की विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन धनराशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य | 11,83,671/- रुपये | 10,000/- रुपये |

प्रकाश
प्रधान

सौरभ प्रकाश सिंह
सचिव